संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 10 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 212 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और गुवाहाटी सहित भारत के विभिन्न हिस्सों में मनाए जा रहे अरुणाचल रंग महोत्सव पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# अविश्वास प्रस्ताव पर पक्ष-विपक्ष में तीखी बहस

● 'मैं मणिपुर गया, पर पीएम नहीं, शायद मणिपुर उनके लिए भारत नहीं हैः राहुल ● मणिपुर में भारत माता की हत्या हुईः राहुल गांधी

**वार-पलटवार**

**हमारे प्रधानमंत्री आज तक मणिपुर नहीं गए। उनके लिए मणिपुर हिंदुस्तान नहीं है। मैं रिलीफ कैंप गया : राहुल**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मोदी** सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में पहले अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही है। सरकार के खिलाफ इस अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा में बोलना शुरू किया। उन्होंने कहा कि पिछली बार जब मैं बोला तो अदाणी जी पर फोकस किया तो आपके सीनियर नेता को थोड़ा कष्ट हुआ। मगर मैंने सिर्फ सच्चाई रखी थी। आज जो भाजपा के मित्र हैं उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। हालांकि, राहुल गांधी जैसे ही बोलने के लिए खड़े हुए, भारत छोड़ो के नारे लगने लगे। राहुल ने कहा कि अध्यक्ष महोदय सबसे पहले मैं आपको मुझे लोकसभा के सांसद के रूप में बहाल करने के लिए धन्यवाद करना चाहता हूं। जब मैंने पिछली बार बात की थी तो शायद मैंने आपको परेशानी दी थी क्योंकि मैंने अडानी पर ध्यान केंद्रित किया था, शायद आपके वरिष्ठ नेता को दुख हुआ... उस दर्द का असर आप पर भी हुआ होगा। इसके लिए मैं आपसे माफी मांगता हूं लेकिन मैंने सच बोला। **एक दो गोले जरूर मारूंगाः** राहुल ने भाषण जारी करते हुए कहा कि वो जो कष्ट हुआ, उसका असर आप पर हुआ होगा, इसके लिए माफी मांगता हूं, लेकिन मैंने सिर्फ सच्चाई सामने रखी थी। आज मेरा भाषण दूसरी दिशा में जा रहा है। रूमी ने कहा था- जो शब्द दिल से आते हैं, वो शब्द दिल में जाते हैं। आज मैं दिमाग से नहीं बोलना चाह रहा, दिल से बोलना चाह रहा हूं।
...और मैं आज आप लोगों पर इतना आक्रमण नहीं करूंगा। मतलब एक-दो गोले जरूर मारूंगा, लेकिन इतना नहीं मारूंगा।







## स्मृति का राहुल पर तंज- मैं जोड़ों के दर्द पर भाषण नहीं दूंगी

**स्मृति** ईरानी ने कहा कि यहां दिल्ली में सिख बच्चों के अंगों को काटकर उनकी मां के मुंह में ठूंसा गया। एक महिला ने कहा कि उसका सामूहिक दुष्कर्म किया गया, उसके सामने उसके बेटे को जला दिया गया। मैं जोड़ों के दर्द पर भाषण नहीं दूंगी, इतना जरूर कहूंगी कि जिन वादियों को हिंदुस्तान ने खून से सना देखा है, जब ये इन वादियों में गए, तब ये बर्फ के गोलों के साथ खेल रहे थे।

**लोगों ने बोला तुम क्यों चल रहे होः** कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान बहुत सारे लोगों ने बोला तुम क्यों चल रहे हो? शुरूआत में मेरे मुंह से जवाब नहीं निकलता था। शायद मुझे ही नहीं मालूम था कि मैंने ये यात्रा क्यों शुरू की थी। जब मैंने कन्याकुमारी से यात्रा शुरू की मैं सोच रहा था मैं लोगों के बीच जाना चाहता हूं, लोगों को समझना चाहता हूं, पर मुझे स्पष्ट मालूम नहीं था मैं क्या चाहता हूं। पर कुछ दिनों में मुझे समझ में आने लगा कि जिस चीज से मुझे प्यार था, जिस चीज के लिए मैं करने के लिए तैयार हूं, जिस चीज के लिए मैं मोदी जी के जेल जाने के लिए तैयार हूं, उस चीज को मैं समझना चाहता हूं।

## 'भारत मेरिट पर भरोसा करता है, वंशवाद पर नहीं'

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी के लोकसभा में दिए गए संबोधन को लेकर सदन में ही जबरदस्त हंगामा हुआ। राहुल गांधी के तुरंत बाद उन्हें 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी में हराने वालीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भाषण शुरू किया। उन्होंने कहा कि आप हिंदुस्तान नहीं हैं, भारत मेरिट पर भरोसा करता है, वंशवाद पर नहीं।
**भारत मां की हत्या पर बजाई गईं तालियां:** उन्होंने कहा कि पहली बार भारत मां की हत्या की बात और कांग्रेस पार्टी यहां पर तालियां बजाती रही। जो भारत की हत्या की बात पर कांग्रेस पार्टी ने ताली पीटी है विपक्षी सदस्यों ने। यहां आज हिंदुस्तानी होने के नाते कहती हूं कि मणिपुर खंडित नहीं है, विभाजित नहीं है, मेरे देश का अंग है। मैं इनसे पूछती हूं, इन्हीं के गठबंधन के एक सदस्य बैठे हैं, जो तमिलनाडु में कहते हैं कि भारत का मतलब मात्र उत्तर भारत।

## फास्ट न्यूज

### उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से दो बच्चों की मौत

**नई दिल्ली:** उत्तराखंड-हिमाचल समेत देश के 7 राज्यों में अगले 24 घंटे में भारी बारिश के आसार हैं। उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे से भारी बारिश जारी है। बुधवार सुबह लैंडस्लाइड से 2 बच्चों की मौत हो गई। रामपुर में होटल बह गया और उत्तरकाशी में सड़क टूट गई। पौड़ी गढ़वाल और काठगोदाम में फंसे करीब 165 लोगों को रेस्क्यू किया गया। जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड के चलते जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया। अमरनाथ यात्रा रोकनी पड़ी।

### ज्ञानवापी सर्वे के खिलाफ फिर याचिका

**वाराणसी:** ज्ञानवापी में एएसआई सर्वे पर रोक के लिए बुधवार को मुस्लिम पक्ष एक बार फिर कोर्ट पहुंचा। मुस्लिम पक्ष ने जिला कोर्ट में सर्वे रोकने के लिए याचिका दाखिल की। इसमें 5 तकनीकी पॉइंट्स को आधार बनाते हुए सर्वे पर रोक लगाने की मांग की गई। कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर ली है। साथ ही सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तारीख दी है। मुस्लिम पक्ष का कहना है कि सर्वे में कई खामियां हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि बिना फीस दिए ही सर्वे हो रहा है। ये मानक के विपरीत है। उन्होंन कहा कि नियमों का अनुपालन करने के बाद सर्वे हो, तब तक इसे रोका जाए। वहीं, हिंदू पक्ष ने कहा, हम लिखित में जवाब देंगे। इसके लिए कुछ समय चाहिए। फिलहाल कोर्ट ने सर्वे पर रोक नहीं लगाया है। हिंदू पक्ष को जवाब दाखिल करने के लिए 17 अगस्त तक समय दिया गया है। तब तक सर्वे यूं ही चलता रहेगा।
**मुस्लिम पक्ष के दो प्रार्थना पत्रों पर हुई सुनवाई:** हिंदू पक्ष के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने बताया, जिला कोर्ट में मीडिया कवरेज और सर्वे की फीस वाले मुस्लिम पक्ष के प्रार्थना पत्र की सुनवाई हुई।
जज ने निर्देश दिए हैं कि सर्वे वाले स्पॉट पर जाकर किसी प्रकार की रिपोर्टिंग नहीं होगी। एएसआई के लोग मीडिया को कोई रिपोर्ट देंगे। ऐसे विषय सोशल मीडिया पर भी नहीं चलने चाहिए, जिससे शान्ति की भंग की आशंका हो। बैरिकेडिंग के आगे मीडियाकर्मियों के लिए प्रतिबंध रहेगा।

# राहुल ने सदन में फ्लाइंग किस का इशारा किया: स्मृति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** में बुधवार को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी के भाषण के बाद एक नया विवाद पैदा हो गया। भाजपा सांसद स्मृति ईरानी ने राहुल पर महिला सांसदों को फ्लाइंग किस देने के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा- एक बात पर मैं आपत्ति जाहिर करना चाहती हूं। जिनको आज मुझसे पहले बोलने का अधिकार दिया गया, उन्होंने जाते-जाते एक अभद्र लक्षण के दर्शन दिए। कोई अभद्र शख्स ही महिला सांसदों को फ्लाइंग किस दे सकता है। ऐसे गरिमा विहीन आचरण को इस देश के सदन में कभी नहीं देखा गया। यह उस खानदान के लक्षण हैं। ये आज देश को पता चल गया। अविश्वास प्रस्ताव के दूसरे दिन आज सबसे पहले राहुल गांधी ने भाषण की शुरूआत की। उन्होंने मणिपुर पर 'भारत माता की हत्या' वाली बात कही जिस पर सत्ता पक्ष ने जमकर विरोध जताया। स्मृति उसके बाद बोलने के लिए खड़ी हुईं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को घेरा। इसी दौरान उन्होंने फ्लाइंग किस वाली बात का जिक्र किया।
**स्पीकर से राहुल की शिकायत:** भाजपा सांसद शोभा करंदलाजे ने स्पीकर ओम बिड़ला से राहुल गांधी की शिकायत है।
राहुल ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान 35 मिनट तक अपनी बात रखी।



**गंभीर आरोप**

**भाजपा सांसद स्मृति ईरानी ने राहुल पर महिला सांसदों को फ्लाइंग किस देने के गंभीर आरोप लगाए**

## मनरेगा में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई होः निरंजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने बुधवार कहा कि केंद्र सरकार के नियम सभी राज्यों के लिए समान हैं। मनरेगा में कहीं भ्रष्टाचार होगा और उसपर कार्रवाई नहीं होगी तो सरकार फंड रोकेगी। साध्वी ज्योति ने अविश्वास प्रस्ताव के बीच में अपनी बात रखी।
उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में मनरेगा में भ्रष्टाचार हुआ है।

# आदिवासी भारत के पहले निवासीः राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/बांसवाड़ा**
**विश्व** आदिवासी दिवस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी राजस्थान के मानगढ़ धाम पहुंचे। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासी भारत के पहले मालिक हैं। यह जो हमारी जमीन है, जिसे आज हम भारत कहते है, यह जमीन आदिवासियों की जमीन थी। जो आज का मॉर्डन समाज है, उसको आदिवासियों से जिंदगी जीना-समझना चाहिए। यह मुझे मेरी दादी इंदिरा गांधी ने बताया है, लेकिन भाजपा आदिवासियों को आदिवासी नहीं बनवासी कहती है। यह आदिवासियों और भारत माता का अपमान है। राहुल गांधी ने कहा- भाजपा कहती है कि आप देश के मालिक नहीं हो, आप तो जंगल में रहने वाले लोग हो। वे आपको वनवासी कहते हैं और वही वन उद्योगपतियों को सौंप दिए। वह चाहते हैं कि आहिस्ता-आहिस्ता जंगल खत्म कर दें और आप कहीं के नहीं रहें। राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों को हर तरह का सपना देखना चाहिए।



**सम्मान**

**आदिवासी भारत के पहले मालिक हैं। यह जो हमारी जमीन है, जिसे आज हम भारत कहते है : राहुल**



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में हो रही भारी बारिश को लेकर बैठक की।

# भाजपा को देश से खदेड़ेंगेः ममता

**टीम एक्शन इंडिया/झाड़ग्राम**
**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को मणिपुर हिंसा को लेते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य के हालातों को सुधारने में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार विफल रही। भगवा पार्टी को देश छोड़ देना चाहिए।
**तीन दिवसीय प्रशासनिक दौरे पर ममताः** बता दें, ममता बनर्जी झाड़ग्राम के तीन दिवसीय प्रशासनिक दौरे पर आई हुई हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जातीय संघर्ष प्रभावित मणिपुर में आदिवासी संकट का सामना कर रहे हैं और उनकी दुर्दशा सुनने वाला कोई नहीं है भारत में दलितों पर अत्याचार हो रहा है और केंद्र उदासीन है। सीएम ने दुनियाभर के लोगों से हिंसाग्रस्त राज्य के पीड़ितों के लिए प्रार्थना करने का आग्रह किया।



## तीसरी आंख




# फेक न्यूज फैलाने वाले 8 यूट्यूब चैनल पकड़े

**कार्रवाई**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली:**
केंद्र सरकार ने मंगलवार को बताया कि उसे फेक न्यूज फैलाने वाले 8 यूट्यूब चैनलों के बारे में पता चला है। ये चैनल भारतीय सेना, सरकारी स्कीमों, लोकसभा चुनावों और कई अन्य गंभीर मुद्दों पर भ्रामक जानकारियां फैला रहे थे। इन चैनलों के कुल मिलाकर 2.3 करोड़ सब्सक्राइबर्स हैं। इन चैनलों के नाम हैं- यहां सच देखो, कैपिटल टीवी, केपीएस न्यूज, सरकार व्लॉग, अर्न टेक इंडिया, एसपीएन9 न्यूज, एजुकेशनल दोस्त और वर्ल्ड बेस्ट न्यूज। अधिकारियों ने बताया कि प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो ने इन चैनलों पर फेक न्यूज का फैक्ट-चेक किया है। 45 लाख सब्सक्राइर्स और 9.4 करोड़ व्यू वालो ये चैनल सरकारी स्कीमों के बारे में फेक न्यूज चला रहा था।
**सेना को लेकर गलत जानकारी फैला रहा:**
**एसपीएन9 न्यूजः** 48 लाख सब्सक्राइर्स और 189 करोड़ व्यू वाला ये चैनल राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और कई केंद्रीय मंत्रियों के खिलाफ फेक न्यूज फैला रहा था।




**इनके 2.3 करोड़ सब्सक्राइबर्स, सेना, लोकसभा चुनाव से जुड़ी गलत जानकारी देते थे**

# प्रभावित बागवानों को बढ़ा हुआ मुआवजा प्रदान करेगी सरकारः सुक्खू

**आश्वासन**

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को शिमला जिले के रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के लैला में हाल ही में बादल फ टने से हुए नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने आपदा में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया और परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने उपमंडलाधिकारी ना. रोहड़ू को 12 घंटों के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए, जिसमें प्रभावित परिवारों को देय वित्तीय सहायता की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह यहां प्रभावितों का दुःख-दर्द साझा करने आये हैं।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सेब के बागीचों को हुए नुकसान के व्यापक आकलन का कार्य प्रगति पर है और प्रभावित बागवानों को बढ़ा हुआ मुआवजा प्रदान किया जाएगा।



**सीएम ने रोहड़ू क्षेत्र के लैला गांव में हुए नुकसान का जायजा लिया, विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश**

**आगे बढ़ रहा** धर्मपुर में आवश्यक पदों के सृजन के उपरांत जल शक्ति विभाग का म□डल प्रथम जनवरी, 2024 से कियाशील कर दिया जाएगा

# चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3, सफलतापूर्वक कक्षा बदला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** का चंद्रयान-3 मिशन बुधवार को चांद के और करीब पहुंच गया। इसरो ने बताया कि चंद्रयान-3 स्पेसक्राफ्ट ने चांद की कक्षा बदलने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। अब चंद्रयान-3 चांद के और करीबी कक्षा में पहुंच गया है। गौरतलब है कि 14 जुलाई को लॉन्चिंग के बाद चंद्रयान-3 पृथ्वी की कक्षा छोड़ 5 अगस्त को सफलतापूर्वक चांद की कक्षा में पहुंच गया था। इसरो ने एक ट्वीट में कहा, "चंद्रयान-3 अब चांद की सतह के और करीब है। चंद्रयान-3 के ऑर्बिट कम करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब इसकी दूरी 174 किमी*1437 किमी रह गई है।" इसरो ने कहा कि अब यान का चांद की कक्षा बदलने से जुड़ा ऑपरेशन 14 अगस्त को दिन में 11.30 से 12.30 के बीच होगा। जैसे-जैसे मिशन आगे बढ़ रहा है चंद्रयान-3 को चांद की कक्षा में और नीचे उतारने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है, ताकि इसे चांद के ध्रुव पर पहुंचाया जा सके।
**कैसा रहा चंद्रयान-3 का सफर?** 15 जुलाई को चंद्रयान-3 ने सफलतापूर्वक पृथ्वी की पहली कक्षा में प्रवेश किया था। इसके बाद चंद्रयान ने 17 जुलाई को पृथ्वी की दूसरी और 18 जुलाई को पृथ्वी की तीसरी कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया। इसके बाद 20 जुलाई को चंद्रयान ने पृथ्वी की चौथी और 25 जुलाई को पृथ्वी की पांचवीं कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने एक अगस्त को भारत के बहुप्रतीक्षित अभियान चंद्रयान-3 अंतरिक्षयान को पृथ्वी की कक्षा से निकालकर सफलतापूर्वक चांद की कक्षा की तरफ रवाना किया था। पांच अगस्त को चंद्रयान सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हो गया था।



**उम्मीद**

**चंद्रयान-3 के ऑर्बिट कम करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब इसकी दूरी 174 किमी1437 किमी रह गई**

# 'आर्टिकल 370: व्यवस्था संघवाद का एक समझौता था'

**सुनवाई**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जम्मू-कश्मीर** से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार 9 अगस्त को चौथे दिन सुनवाई हुई।
याचिकाकर्ता मुज्जादार इकबाल खान की ओर से सीनियर एडवोकेट गोपाल सुब्रमण्यम ने सुबह 11 बजकर 25 मिनट से जिरह शुरू की। इसे बाद में सीनियर एडवोकेट जफर शाह ने जारी रखा। सुनवाई शाम 4 बजकर 5 मिनट ( कुल चार घंटे 40 मिनट) तक चली।
इससे पहले तीन दिन 8, 3 और 2 अगस्त को एडवोकेट कपिल सिब्बल ने दलीलें दी थी।
सुब्रमण्यम ने कहा कि विलय के समय जम्मू-कश्मीर किसी अन्य राज्य की तरह नहीं था। उसका अपना संविधान था। हमारे संविधान में विधानसभा और संविधान सभा दोनों को मान्यता प्राप्त है। मूल ढांचा दोनों के संविधान से निकाला जाएगा। डॉ. अंबेडकर ने संविधान के संघीय होने और राज्यों को विशेष अधिकार की बात कही थी।
उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के पास अनकंट्रोल्ड पावर नहीं है। आर्टिकल 370 के खंड 1 के तहत शक्ति का उद्देश्य आपसी समझ पर आधारित है। जम्मू-कश्मीर और भारत के बीच यह व्यवस्था संघवाद का एक समझौता थी। संघवाद एक अलग तरह का सामाजिक अनुबंध है। 370 इस संबंध का ही एक उदाहरण है। इस संघीय सिद्धांत को अनुच्छेद 370 के अंतर्गत ही पढ़ा जाना चाहिए।



**जम्मू-कश्मीर भारत के बीच यह संघवाद का एक समझौता थी। संघवाद एक अलग तरह का सामाजिक अनुबंध है**

# लिपिक वर्ग की मांग को लेकर धरना 36वें दिन भी रहा जारी

## भारतीय मजदूर संघ के जन्म से लेकर उसके विस्तार और उसकी उपलब्धियों के बारे में कर्मचारियों को बताया

**विरोध**

**उन्होंने बताया कि भारतीय मजदूर संघ का किसी भी राजनीतिक संगठन से कोई संबंध नही है**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले चल रहा लिपिक वर्ग का धरना आज छत्तीसवें दिन भी जारी रहा। एसोसिएशन के वरिष्ठ साथी विजेन्दर शर्मा की अध्यक्षता में धरने की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि आज उनके धरने का छत्तीसवां दिन है। उन्होने बताया कि आज लिपिक वर्ग के कर्मचारियों में अपनी मांग और भारतीय मजदूर संघ के प्रति इतना उत्साह था कि दिन भर पूरे होश और जोश के साथ नारे लगाते रहे। एसोसिएशन के जिला सचिव ने बताया कि आज कर्मचारियों ने विभिन्न नारो के साथ अपना जोश कायम रखा जैसे इटर की क्या पहचान, त्याग तपस्या और बलिदान, भारतीय मजदूर संघ अमर रहे, राष्ट्र हित मे करेंगे काम, काम का लेंगे पूरा दाम आदि नारे लगाए। एसोसिएशन के वरिष्ठ साथी ऋषिपाल ने भारतीय मजदूर संघ के बारे में लोगो को बताया। उन्होने भारतीय मजदूर संघ के जन्म से लेकर उसके विस्तार और उसकी उपलब्धियो के बारे में कर्मचारियों को बताया। उन्होंने भारतीय मजदूर संघ का गीत गाकर कर्मचारियों को भारतीय मजदूर संघ की विचारधारा के बारे में बताया। एसोसिएशन के जिला संयोजक जगदीप ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ भारत का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है। उन्होंने बताया कि भारतीय मजदूर संघ का किसी भी राजनीतिक संगठन से कोई संबंध नही है। राज्यकार्यकारिणी के सदस्य प्रवेश ने बताया कि आज विभिन्न संगठनों ने अपना लिपिक वर्ग के धरने को समर्थन दिया। आज भारतीय मजदूर संघ के तरफ से ओम प्रकाश जिला प्रधान परिवहन राज्य संघ धरने पर मौजूद रहे। एसोसिएशन के जिला सहसंयोजक दर्शन ने बताया कि विभिन्न विभागों के लिपिक वर्ग के कर्मचारियों ने धरने को सुचारू रूप से चलाने के लिए आर्थिक सहयोग किया। उनमे मुख्य रूप से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, शिक्षा विभाग,शहरी निकाय विभाग, सिंचाई विभाग के लिपिक वर्ग के कर्मचारियों ने अपना आर्थिक रूप से सहयोग किया। इसके अलावा भी आज कई विभाग के कर्मचारियों ने भविष्य में धरने को सुचारू रूप से चलाने के लिये आर्थिक सहयोग देने का विश्वास दिलाया। जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु ने बताया कि उनकी मांग के प्रति हर रोज अलग अलग कर्मचारी,सामाजिक, राजनीतिक संगठनों का समर्थन प्राप्त हो रहा है।उन्होंने बताया कि आज पेंशन बहाली संघर्ष समिति के सदस्य समिति के जिला प्रधान नरेश फुले और मोनिका भारद्वाज के नेतृत्व में लिपिक वर्ग के धरने को समर्थन देने पहुँचे। लिपिक वर्ग ने अपने धरने के साथ साथ कर्मिक भूख हड़ताल भी जारी कर रखी है। आज भूख हड़ताल का उन्नीसवां दिन था। एसोसिएशन के पदाधिकारी योगेश ने बताया कि आज धरनारत लिपिक वर्ग में से जिला उपायुक्त कार्यालय कुरुक्षेत्र की मातृशक्ति कर्मचारियों में से कविता,सुनीता,सविता,प्रीति, सीमा भूख हड़ताल पर रहे। एसोसिएशन की वरिष्ठ साथी मैडम प्रवीण ने बताया कि यदि सरकार ने उनकी एक मात्र जायज मांग नही मानी तो पूरा का पूरा लिपिक वर्ग भूख हड़ताल पर चला जायेगा। आज मंच का संचालन विजेंद्र शर्मा, ऋषिपाल, शशि भूषण शर्मा,मैडम विजेश आदि ने किया।आज सभी विभागों से सैंकड़ों की संख्या में लिपिक वर्ग के कर्मचारी धरने पर मौजूद रहे।



# स्कूल शिक्षिका ने की पिटाई, 7 वर्षीय छात्रा ने आंख की रोशनी गंवाई

**लापरवाही**

**शिक्षिका ने गृह कार्य ठीक से न करने पर बच्ची को थप्पड़ जड़ दिए कि उसकी दाहिनी आंख की रोशनी चली गई**



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर** गढ़ी केसरी गांव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका की पिटाई से 7 साल की बच्ची की एक आंख की रोशनी चले जाने का मामला सामने आया है। शिक्षिका ने गृह कार्य ठीक से न करने पर बच्ची को इतने थप्पड़ जड़ दिए कि उसकी दाहिनी आंख की रोशनी चली गई। मामला मई माह का बताया जा रहा है। जिसके बाद से बच्ची के स्वजन शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई को लेकर काफी लंबे समय से पुलिस व शिक्षा विभाग के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते बुधवार को छात्रा के स्वजन एसडीएम निर्मल नागर के पास पहुंचे और लिखित में शिकायत देकर उनसे न्याय कि गुहार लगाई। बच्ची की मां अरवीना ने बताया कि उसकी 7 वर्षीय बेटी शिवानी राजकीय माध्यमिक विद्यालय गढ़ी केसरी में दूसरी कक्षा की पढ़ती है। मई महीने में उसकी बेटी गृह कार्य चैक करवाने के लिए स्कूल की शिक्षिका मोनिका के पास गई थी। गृह कार्य ठीक से न करने पर शिक्षिका ने उसकी बेटी की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी बेटी की एक आंख की रोशनी चली गई। इसके बाद जब उन्होंने शिक्षिका से बात की तो उन्होंने अपनी गलती स्वीकार भी कर ली और उसकी बेटी का सारा इलाज करवाने का आश्वासन दिया। अरवीना ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का पहले सोनीपत में इलाज करवाया, लेकिन आराम न मिलने पर उसे दिल्ली एम्स अस्पताल ले कर गए जहां उसकी बेटी के दो आपरेशन भी हुए, लेकिन उसकी दाहिनी आंख की रोशनी चली गई। अरवीना ने बताया कि चिकित्सकों ने उसकी बेटी की दूसरी आंख भी खराब होने का अंदेशा जताया है। अरवीना ने बताया कि शिक्षका की तरफ से कोई मदद न मिलने पर उन्होंने थाना गन्नौर में शिकायत दी तो उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। शिक्षिका के ससुर व पति की तरफ से उन्हें शिकायत करने पर धमकियां भी मिल रही हैं। अरवीना ने बताया कि एक आंख की रोशनी चले जाने से उसकी बेटी का भविष्य अंधकारमय हो गया, वो रोजमर्रा के काम भी ठीक से नहीं कर पा रही है। उन्होंने एसडीएम से न्याय दिलवाने की गुहार लगाई है। शिकायत पर एसडीएम निर्मल नागर ने बच्ची के स्वजन को त्वरित न्याय दिलवाने के आश्वासन दिया है।

# सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए चिकित्सा शिविर का किया आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी कुरुक्षेत्र ने गांव तलहेड़ी (हल्का पिहोवा)में बालाजी आरोग्यम अस्पताल डाक्टर एवम् स्टाफ कुरुक्षेत्र के सहयोग से बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन सरदार कंवलजीत सिंह अजराना हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रवक्ता ने किया। इस कैंप में तलहेडी के सरपंच दिलबाग सिंह मल्ल ने भी हिस्सा लिया और पूरा सहयोग किया इस कैम्प में गाँव वासियों में बड़ा उत्साह दिखाया और माँग की इसी तरह मेडिकल कैम्पों का आयोजन किया जाना चाहिए। सरदार कँवलजीत सिंह अजराना की तरफ से हर तरह का सहयोग का आश्वासन दिया। मेडिकल जाँच और किसानों के लिए जीरी की पनीरी का भी प्रबंध किया गया है। किसानों को हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की तरफ से फ्री पौध दी जा रही है। संगत हर तरह से सेवा सहयोग के लिए तत्पर है इस मौके पर सरदार गुरशेर सिंह मैनेजर गुरुद्वारा छेंवीं पातशाही पिहोवा, सरदार नरिंदर सिंह गिल, जत्थेदार सरदार तेजिंदर सिंह मक्कड़,सीनियर लीडर शिरोमणि अकाली दल हरियाणा स्टेट जानपाल सिंह, लवप्रीत सिंह मेहल सिंह, छबेग सिंह, सतनाम सिंह, निशान। सिंह , दिलबाग सिंह, रणजीत सिंह, गुरपाल सिंह, कवलजीत सिंह, हरविन्दर सिंह, मलकीत सिंह हरपाल सिंह आदि सज्जन उपस्थित थे।

**कैंप**

**हर तरह का सहयोग का आश्वासन दिया। किसानों के लिए जीरी की पनीरी का भी प्रबंध किया गया है**

# नया बांस से मंडी में चीनी का कट्टा लेने गया युवक वापस नही लौटा

**गन्नौर।** गांव नया बांस से गन्नौर मंडी में मोटर साईकिल पर चीनी का कट्टा लेने गया युवक वापिस नही लौटा। परिजनों ने लापता युवक की आपास व रिश्तेदारी में तलाश की लेकिन उसका कोई पता नही चला। उसके बाद परिजनों ने पुलिस में मामला दर्ज करवाते हुए उसकी तलाश की मांग की। पुलिस को दी शिकायत में नयाबांस गांव के रणबीर ने बताया कि 21 जुलाई को उसका बेटा नीरज गांव नया बांस से गन्नौर मंडी में मोटर साईकिल पर चीनी का कट्टा लेने गया था लेकिन युवक वापिस नही लौटा। उसके बाद पुलिस में मामला दर्ज करवाया।

# मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल में लगी पुस्तक प्रदर्शनी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** मुरलीधर डीएवी सीनियर सैकण्डरी पब्लिक स्कूल मे लर्निंग ट्री टीम की ओर से पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई कविद्यालय के प्रधानाचार्य (ए आर ओ) डॉ आर आर सूरी ने इस प्रदर्शनी का पर्दापण किया कइस प्रदर्शनी मे विभिन्न पुस्तकें हर कक्षा वर्ग के छात्रों के स्तर के अनुसार उपलब्ध है। शिक्षा आरम्भ करने से पहले कलरिंग बुक, पहेली बुझाओ, स्टीकर, मस्तिष्क तीव्र करने से संबधित बुक, कथाएं, कहानियां, शिक्षण पद्धति, विज्ञान से सम्बंधित उपन्यास, अभ्यास पुस्तकें आदि पुस्तकें उपलब्ध है। लगभग 1500 पुस्तकों का संकलन इस प्रदर्शनी मे है। कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के छात्रों ने इस प्रदर्शनी को देखा लगभग 2500 छात्रों ने इस प्रदर्शनी का लाभ उठाया। छात्रों ने अपनी-अपनी रूचि के अनुसार पुस्तकें देखी व खरीदी। यह प्रदर्शनी 8 अगस्त से 11 अगस्त तक रहेगी जिसमे छात्रों के अभिभावकों को भी प्रदर्शनी देखने का अवसर मिलेगा। इस प्रदर्शनी को लगाने मे लर्निंग टीम के सदस्य रामनाथ व कृष्णा श्री निवास का योगदान रहा। डॉ आर आर सूरी ने कहा कि इस तरह की पुस्तक प्रदर्शनियां सदा छात्रों के लिए लाभकारी रही है। छात्र इनके माध्यम से विभिन्न पुस्तकों की जानकारी प्राप्त करते है। समय-समय पर इस प्रकार की प्रदर्शनियां लगती रहती है। पुस्तक व्यक्ति का सच्चा मित्र होती है। पुस्तकों के माध्यम से व्यक्ति को बहुत कुछ सिखने को मिलता है। आजकल छात्र मोबाइल व इंटरनेट मे ही व्यस्त रहते है जिसके कारण उनमे पढ़ने की आदत काम होती जा रही है। इसी पढ़ने की आदत को छात्रों मे विकसित करना ही इस पुस्तक प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य है।



**किताबों का महत्व**

**आजकल छात्र मोबाइल व इंटरनेट मे ही व्यस्त रहते है जिसके कारण उनमे पढ़ने की आदत काम होती जा रही**

# डंडों से मारपीट के बाद दी जान से मारने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** पुरानी रंजिश को लेकर गांव गुमड़ में साथियों के साथ मिलकर डंडो व लात गुस्सों से मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देने का मामले में पुलिस ने गुमड़ गांव के सनी की शिकायत पर गांव के युवक सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्जकर कार्रवपाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सनी ने बताया कि मेरे गांव के ही कुनाल के साथ कुछ दिन पहले कहासुनी हो गई थी, उसके बाद वह निपट गई थी लेकिन कुनाल इस बात की रंजीश अपने मन मे रखे हुए था। शिकायत में आरोप है कि वह कई बार मुझे धमकी भी दे चुका था। 7 अगस्त को कुनाल अपने साथी, राहुल वासी गुमड़ व 1 अन्य साथी गांव अगवानपुर के साथ गांव के पास से गुजर रही राजपुरा माइनर के पास आते ही मेरे साथ डंडो व लात गुस्सो मे मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

# समाजसेवी संदीप गर्ग ने करवाई श्री गुरू गोरखनाथ की मूर्ति स्थापना



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)** लाडवा के गांव डूडी के प्राचीन गोगा माडी पर भगवान श्री गुरू गोरखनाथ की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत कर श्री गुरू गोरखनाथ की मूर्ति स्थापना करवाई। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि गांव डूडी के लोगों द्वारा जो यह कार्य किया गया है उसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से गांव में भक्ति भाव बढ़ता है और हम सभी को भगवान की पूजा-अर्चना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा की स्थापना करवाने का जो सौभाग्य गांव के लोगों ने उन्हें दिया है उसका ऋण कभी वह नहीं चुका पाएंगे। वहीं इससे पूर्व मंदिर परिसर पर पहुंचने पर गांव के लोगों ने उनका स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर संजीव कुमार, खुर्शीद, बलजीत सिंह, गुरचरण सिंह, हरभजन सिंह, जय नारायण, रमेश कुमार, जसवंत सिंह, बलवंत सिंह, संदीप कुमार, धर्म सिंह, धर्मपाल, सोहन लाल आदि मौजूद थे।

# 11 तक किया जा रहा है व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन

**गोहाना:** सहायक रोजगार अधिकारी गोहाना विनोद कुमार ने बताया कि रोजगार विभाग हरियाणा द्वारा गोहाना में 11 अगस्त तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज बुधवार को राजीव माध्यमिक विद्यालय बुटाना तथा राजकीय वरिष्ठ माथमिक विद्यालय बिचपड़ी में व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र / छात्राओं की अपने स्कूल स्तर से ही कैरियर चुनने पर जोर दिया गया।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत उपायुक्त ने अधिकारियों से की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** उपायुक्त डा. शालीन ने अपने कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण स्कीम के तहत सम्बन्धित अधिकारियों की एक बैठक लेते हुए विस्तार से समीक्षा करते हुए इस विषय के तहत जो कार्य किये जा रहे हैं, उन्हें बेहतर समन्वय के साथ करने के निर्देश दिये। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण स्कीम के तहत एजेंडे में रखे ओडीएफ प्लस, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, गांवों में डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने, घरों के बाहर सोख्ता गड्ढे, ग्रे वाटर मैनेजमेंट, मल-कीचड़ प्रबन्धन, गोबर धन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट तथा अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा की। इस मौके पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महावीर प्रसाद ने बिन्दूवार इस विषय के तहत जो गतिविधियां की जा रही हैं, उन बारे उपायुक्त को अवगत करवाया। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण स्कीम के तहत स्वच्छता के तहत जो कार्य एवं गतिविधियां की जा रही हैं, उस बारे लोगों को जागरूक करते हुए उनका सहयोग इसमें बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 18 अगस्त तक जिला के 88 गांव ओडीएफ प्लस होने सुनिश्चित होने चाहिएं। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत 60 शैड निर्माण का कार्य हो चुका है तथा जो शेष बचे हैं, उन्हें 15 अक्तूबर तक पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत सम्बन्धित बीडीपीओ को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने ब्लाक के तहत एक-एक गांव में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के कार्य को पूरी तरह से करवाना सुनिश्चित करवाएं ताकि अन्य गांवों में भी इस कार्य को शुरू करवाया जा सके।




**समीक्षा**

**मल-कीचड़ प्रबन्धन, गोबर धन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट तथा अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की**

# सरकार कई दशकों से लिपिकीय वर्ग के हकों की अनदेखी कर रही: रमेश जांगड़ा

## सरकार ने लिपिकिय वर्ग को हड़ताल करने के लिए बाध्य कर रखा है, कर्मचारियों को अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर बैठे का 36वां दिन आ गया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

सीएडब्लूएस संबंधित भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले लिपिकीय वर्ग के कर्मचारियों को अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर बैठे का 36वां दिन आ गया परन्तु सरकार अब भी लिपिकीय वर्ग की सही अर्थ में सुध नहीं लेना चाहती है।

सीएडब्लूएस राज्य कमेटी के आह्वान पर प्रदेश के सभी 22 जिलों में धरना स्थल पर प्रदर्शन जारी हैं। धरनास्थल पर मंच का संचालन विशाल पोटलिया, सिंचाई विभाग ने किया। जोनल डिपार्टमेंटल कोऑर्डिनेटर (डी. सी. ऑफिस)अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल रमेश जांगड़ा ने बताया की उप मुख्यमंत्री ने कल कहा की अब रजिस्ट्रियां हो रही है, क्लर्क की आईडी पोर्टल से हटा दिया गया है तो फिर उनको इसका भी जवाब देना चाहिए की सरकार कहती है की लिपकिय वर्ग सिर्फ डेयरी डिसपैच और रिकॉर्ड कीपिंग का कार्य करते है तो फिर क्यों अब अब सरकार ने रजिस्ट्री करते वक्त क्लर्क की आईडी को पोर्टल से हटाया। क्यों आज ड्राइविंग लाइसेंस, मैरिज सर्टिफिकेट, गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन, विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र , शस्त्र लाइसेंस, एनओसी आदि कार्य क्यों नहीं हो पा रहे है इससे साफ होता है की उप मुख्यमंत्री को लिपकिय वर्ग के द्वारा किय जाने वाले कार्यों की जानकारी नहीं है । सीएडब्लूएस जिला प्रधान सुमित कुमार, सलाहकार शिव कुमार, सुरेंद्र, वीना कुमारी, कुलवंत कुमार, साहिल कुमार, राजबीर सिंह आदि लिपिकीय वर्ग को संबोधित किया। 22 जुलाई से शुरू भूख हड़ताल का 19 वां दिन था और इस कड़ी में अंबाला जिले के विनोद कुमार, सोनू कुमार, रविंद्र कुमार शिक्षा विभाग, बलकार आयुष विभाग, मीनाक्षी कल्पना चावला पॉलटेक्निक के कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे। सरकार ने लिपिकिय वर्ग को हड़ताल करने के लिए बाध्य कर रखा है। सरकार कई दशकों से लिपिकीय वर्ग के हकों की अनदेखी कर रही है। इसलिए मजबूर होकर लिपिकीय वर्ग सत्याग्रह/हड़ताल पर बैठा है।

**विरोध**

**रिकॉर्ड कीपिंग का कार्य करते है तो फिर क्यों अब रजिस्ट्री करते वक्त क्लर्क की आईडी को पोर्टल से हटाया**





# स्वच्छ प्रशासन व विकास बैठक का उद्देश्य: सीएम

## सीएम ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से की मंत्रणा, हर बैठक में विधानसभा वार हर ग्रुप को 15-15 मिनट का मिलता है समय

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा गठन के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ऐसे पहले मुख्यमंत्री बने हैं, जिन्होंने एक अनूठी पहल की शुरूआत करते हुए चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर लोकसभा क्षेत्रवार जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध व्यक्तियों तथा विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों को एक मंच पर लेकर आए हैं। इस प्रकार की बैठकों में विधानसभावार जन प्रतिनिधि उच्च अधिकारियों से विकास कार्यों के संबंध में जानकारी हासिल करते हैं और अधिकारी एक-एक परियोजना व योजना के बारे में बारीकी से उन्हें अवगत करवाते हैं। इसी कड़ी में संत कबीर कुटीर पर कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के साथ मुख्यमंत्री ने मंत्रणा की और कहा कि आप खुलकर अधिकारियों के समक्ष अपने क्षेत्र की सार्वजनिक समस्याओं व मांगों को रख सकते हैं और चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी दे सकते हैं। साथ ही भविष्य की आवश्यकता क्या है, इसके बारे भी लिखित में जानकारी दे सकते

**समस्याओं को सुना**

**अब तक 81 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं को सीधा सुना है उच्च अधिकारियों ने, हर ग्रुप को 15-15 मिनट का मिलता है समय**

हैं और सीएमओ कार्यालय से जुड़े अधिकारी इन प्रतिवेदनों का पूरा रिकॉर्ड रखते हैं और संबंधित विभागों को प्रेषित करते हैं। मनोहर लाल ने कहा कि स्वच्छ प्रशासन व विकास के कार्य तेजी से हों, यही इस बैठक का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को इस बात का संशय रहता था कि चंडीगढ़ मुख्यालय पर फील्ड से भेजे गए प्रतिवेदन केवल फाइलों में दर्ज होते हैं, उन पर एक्शन कम होता है, परंतु मुख्यमंत्री ने इस धारणा को खत्म करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को सीधा उच्च अधिकारियों से बातचीत करने के लिए उन्हें



एक मंच पर लाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। लाडवा से डॉ गणेश दत्त ने अधिकारियों के साथ बैठक के अनुभव सांझा करते हुए मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बड़े ही उत्साहपूर्ण व ऊर्जावान तरीके से बैठक हुई और जो काम लेकर आए थे, उनके पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि आपकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं हैं।

**हर बैठक में विधानसभा वार हर ग्रुप को 15-15 मिनट का मिलता है समय:**
मुख्यमंत्री इस मंत्रणा बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध नागरिकों को अपनी बात रखने के लिए पूरा समय देते हैं। इसके लिए उन्होंने लगभग सवा 2 घंटे का समय निर्धारित किया हुआ है। इस दौरान एक लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाली 9 विधानसभा क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध नागरिकों तथा उच्च अधिकारियों का 1-1 ग्रुप बनाकर बातचीत की जाती है और हर ग्रुप को 15-15 मिनट का मिलता है समय मिलता है। मुख्यमंत्री के इस प्रशासनिक प्रबंधन की पहल का फील्ड से आने वाला हर व्यक्ति कायल है कि किस प्रकार मुख्यमंत्री हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का अवसर देते हैं। अब तक मुख्यमंत्री 8 लोकसभा क्षेत्रों को कवर कर चुके हैं, जिसमें आज कुरुक्षेत्र 9वां लोकसभा क्षेत्र था। इस प्रकार 81 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं को उच्च अधिकारियों ने सीधा सुना है। जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध नागरिकों से मुख्यमंत्री बातचीत करेंगे। इन बैठकों के सफल आयोजन के बाद मुख्यमंत्री ने लोगों की मांग पर यह निर्णय लिया है कि इस प्रकार की बैठकें साल में कम से कम 2 बार आयोजित करवाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन और आमजन से फीडबैक लेने की समुचित प्रक्रिया सुव्यवस्थित तरीके से हो सकेगी।

# कांग्रेस विधायक दल की बैठक अगले सप्ताह चंडीगढ़ में



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र से पहले कांग्रेस ने विधायक दल की बैठक बुलाई है। बैठक में पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। बाबरिया चार दिन के लिए चंडीगढ़ आ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी 16 अगस्त से चंडीगढ़ में रहेंगे। हरियाणा कांग्रेस की तरफ से पहले बुधवार को विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी। नूंह दंगों की वजह से दक्षिण हरियाणा के कई विधायकों ने आज चंडीगढ़ पहुंचने में असमर्थता जाहिर की तो बैठक को रद्द कर दिया गया। बताया जा रहा है कि कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया के हस्तक्षेप पर यह बैठक स्थगित हुई है। बाबरिया 16 से 21 अगस्त तक चंडीगढ़ में चार लोकसभा क्षेत्रों की बैठक करेंगे। बाबरिया ने स्वयं भी कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल होने की इच्छा जाहिर की है।

# 'नए उद्योग लगाने वालों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने बनाई 6 योजनाएं'

**पॉलिसी**

**उद्योगपतियों की मांग पर अब 25 एकड़ में भी बनाए जाएंगे औद्योगिक पार्क - दुष्यंत चौटाला**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के उप**मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में नए उद्योग लगाने वालों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार ने पदमा योजना के तहत छह योजनाएं बनाई है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के जरिए प्रदेश में एमएसएमई और स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलेगा और सरकारी प्रोजेक्ट्स की तरह प्राइवेट सेक्टर के उद्यमियों को सरकार मदद करेगी। डिप्टी सीएम, जिनके पास उद्योग एवं वाणिज्य विभाग का प्रभार भी है, ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने पदमा योजना को पॉलिसी का स्वरूप दे दिया है ताकी राज्य में अधिक से अधिक इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित किए जा सके। साथ ही पदमा स्कीम के तहत सरकार द्वारा वेंचर कैपिटल फंड भी बनाया जाएगा, जिससे सरकार खुद हिस्सेदारी करके स्टार्टअप करने वालों को प्रोत्साहित करेगी।
उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि उद्योगपतियों की मांग पर अब 25 एकड़ से शुरू होकर बड़े इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे जबकि पहले यह 100 एकड़ से शुरूआत थी, जिसमें राज्य सरकार की तरफ से पूरा इंफ्रास्ट्रक्टर विकसित करने का प्रावधान था। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से प्रदेश सरकार सीड्स स्कीम के तहत गवर्नमेंट प्रोजेक्ट्स को स्पोंसर कर रही थी, इसी तर्ज पर प्राइवेट सेक्टर के लिए पीड्स स्कीम बना दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके लिए छह स्कीम बनाई जा रही हैं जिनको अगले एक माह में लागू कर देंगे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बताया कि अगर कोई उद्योगपति 25 एकड़ में 20 यूनिट्स लगाना चाहेगा तो गवर्नमेंट प्रोजेक्ट्स को दी जाने वाली सुविधाएं की तरह वह सभी सुविधाएं ले सकेगा। इसके लिए सरकार ने 1000 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। नए प्रावधानों के अनुसार 25 एकड़ से 100 एकड़ तक के इंडस्ट्रियल पार्क में कम से कम 25 एमएसएमई या अन्य यूनिट्स लगाए जाएंगे और इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्रर राज्य सरकार द्वारा तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्रीज के लिए बनाए गए ब्लॉक्स में से ए, बी, सी तथा डी ब्लॉक में सरकार द्वारा 50 करोड़ तक का इंसेंटिव दिया जाएगा, यह प्रोजेक्ट्स के लिए 50 से 85 प्रतिशत तक की स्पोर्ट हो सकती है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वर्तमान सरकार ने बजट के दौरान वेंचर कैपिटल फंड बनाने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश में कोई स्टार्टअप आता है और उसको कोई वित्तीय लाभ चाहिए तो राज्य सरकार इसमें हिस्सेदार बनेगी, इसके लिए 50 करोड़ की समग्र निधि रखी गई है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अगर कोई 20 लाख तक की कीमत का नया कांसेप्ट लेकर आता है तो उसमे राज्य सरकार "एंटरप्रिन्योरशिप अक्सेलेरेशन स्कीम" के तहत स्पोर्ट करेगी। उन्होंने आगे बताया कि प्रोजेक्ट की लागत का टोटल इन्वेस्टमेंट सब्सिडी 30 फीसदी (अधिकतम 30 लाख रुपए) स्पोंसर की जाएगी। इंट्रेस्ट सब्सिडी स्कीम भी बनाई है जिसमें छह प्रतिशत अधिकतम 20 लाख वार्षिक तक इंट्रेस्ट का भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा।

# सांसद दीपेंद्र ने संसद में उठाया महिला खिलाड़ियों के अपमान का मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने संसद में महिला खिलाड़ियों के अपमान का मुद्दा उठाया और सरकार से तीखे सवाल किये ,लेकिन सभापति ने उनको बोलने की अनुमति नहीं दी। इस पर सारा विपक्ष लामबंद होकर दीपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ खड़ा हो गया। भारी हंगामे और शोरगुल के बीच सभापति ने सदन को स्थगित कर दिया। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि आज जब संसद में मैंने महिला खिलाड़ियों की इज्जत और उनको न्याय दिलाने का मुद्दा उठाते हुए सरकार से सवाल किया तो पूरा सत्तापक्ष मेरी आवाज को दबाने में एकजुट हो गया। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग अपना पूरा दम लगा लें, वो संसद से लेकर सड़क तक महिला खिलाड़ियों के मान-सम्मान और उनको इंसाफ दिलाने का मुद्दा उठाते रहेंगे। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने 28 जुलाई से 8 अगस्त, 2023 तक चीन में सम्पन्न 31वें वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर हमेशा ही देश का मान-सम्मान ऊंचा किया है। दीपेन्द्र हुड्डा ने आगे कहा कि देश की धरोहर, देश की शान हमारे जिन खिलाड़ियों ने भारत का नाम दुनिया में रोशन किया उन्हें सड़कों पर इंसाफ मांगते हुए धरना देना पड़ा। इससे भी ज्यादा दुखद ये रहा कि जिन बेटियों ने पदक जीतकर पूरी दुनिया में देश का मान बढ़ाया उन्हें सरकार के इशारे पर पुलिस लगाकर सड़कों पर घसीटा गया, अपमानित किया गया।

# शिक्षा परियोजना परिषद् ने 'लाईफ स्किल एजुकेशन' के लिए मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के साथ साझेदारी की

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार के अधीन समग्र शिक्षा की इम्पलीमेंटिंग ऐजेंसी हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद् ने शिक्षा और कौशल क्षेत्र में नॉन प्रोफिटेबल संस्था - मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के साथ एक साझेदारी की है। इस साझेदारी का उद्देश्य पंचकुला, गुरुग्राम और यमुनानगर के सरकारी स्कूलों में किशोर/किशोरियों के समग्र विकास को बढ़ावा देने, जीवन में कौशल शिक्षा देने के लिये सरकारी स्कूलों के शिक्षकों जीवन कौशल से सशक्त बनाते हुये मजबूती प्रदान करना है। अपने इस टीचर नेतृत्व आधारित प्रोग्राम के माध्यम से मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन लगभग 700 सरकारी स्कूलों में 80,000 किशोर/किशोरियों को लाभ पहुंचाने

**स्कूलों में 80,000 किशोर/किशोरियों को लाभ पहुंचाने के लिये लगभग 1400 शिक्षकों को प्रशिक्षित करेगा**

के लिये लगभग 1400 शिक्षकों को प्रशिक्षित करेगा। ये शिक्षक छठवीं से दसवीं कक्षा तक के किशोर/किशोरियों को आत्म जागरुकता, आत्म प्रबंधन, आपसी सहयोग, सहानुभूति, निर्णय लेने, समास्या समाधान, काम्युनिकैशन, दृढ़ता और परिस्थितियों में आपने आपको ढ़ालना सहित 21वें सदी के जीवन कौशल प्रभावी ढंग से सिखायेंगीं। हरियाणा सरकार ने विशेष रूप से किशोर/किशोरियो को कौशल आधारित शिक्षा, मल्टी डिसिप्लिनरी लर्निंग और समग्र विकास प्रदान करने पर बल दिया है जो कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) 2020 के अनुरूप है। राज्य में अधिकांश स्कूलों में सरकार द्वारा संचालित और अधिकांश किशोर आबादी की जरूरतों को पूरा करने वाली यह साझेदारी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस अवसर पर अपने भाव व्यक्त करते हुये हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद् के सलाहाकार संजय कुमार ने कहा कि हरियाणा नैशनल एज्यूकेशन पोलिसी 2020 को दृढ़ता से लागू हुआ है और परिषद् का मानना है कि युवा दिमाग को सही कौशल के साथ सशक्त बनाने और उनकी क्षमता को अनलॉक करने और उज्जवल बनाने की कुंजी है।

# बृज मंडल यात्रा पर हमले के दोषियों व षडयंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**नूंह में** बृज मंडल यात्रा पर हुए हमले और बाद की स्थिति का हरियाणा भाजपा अध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जायजा लिया। सभी वर्गों के प्रमुख लोगों से मुलाकात की और प्रशासन व पुलिस अधिकारियों से मौजूदा कानून व्यवस्था जानकारी प्राप्त की। भाजपा प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश के जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ बनवारी लाल, विधायक एवं महामंत्री मोहनलाल बडौली, विधायक संजय सिंह और प्रदेश सचिव समय सिंह भाटी शामिल रहे। श्री धनखड़ ने बताया कि मेवात में सभी समुदायों के लोगों का मत है कि बृज मंडल यात्रा के दोषियों और षडयंत्रकारियों को सरकार कड़ी से कड़ी सजा दिलाए ताकि भविष्य में मेवात में शांति व सामाजिक सौहार्द खराब करने की कोई हिमम्त न करे। धनखड़ ने कहा कि आपकी भावनाओं को भारतीय जनता पार्टी समझती है और सम्मान करती है। पिछले नौ वर्षों में मेवात के लोगों का आपसी भाईचारा बना रहा इसलिए मेवात विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ा। मेवात में विकास यह कुछ लोगों को रास नहीं आया। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी या षडयंत्रकारी को बख्शा नहीं जाएगा। सभी वर्गों के प्रमुख लोगों से मुलाकात उपरांत भाजपा प्रतिनिधिमंडल से प्रशासनिक अधिकारियों से स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

# नहरों और नदियों को प्रदूषण से बचाने के लिए लोगों को जागरूक किया



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवर पाल ने कहा कि नहरों और नदियों को प्रदूषण से बचाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाना समय की जरूरत है। यदि कोई कानून का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ सख़्त से सख़्त कार्रवाई की जानी चाहिए। श्री कंवर पाल ने यह बात नदी कार्य योजना की समीक्षा को लेकर बुलाई गई एक बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि ये दोनों नदियाँ हरियाणा के जिन-जिन जिलों से होकर गुजरती हैं, उन सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ इस तरह की रिव्यू मीटिंग लगातार होती रहेंगी। बैठक के दौरान यमुना और घग्गर नदियों में विभिन्न माध्यमों से होने वाले प्रदूषण और उस प्रदूषण की रोकथाम के लिए उठाये जा रहे कदमों पर ज़िला करनाल और अंबाला के उपायुक्तों द्वारा प्रेजेंटेशन दी गई। बैठक में इन दोनों जिलों में यमुना और घग्गर नदी

**समय की जरूरत**

**यदि कोई कानून का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ सख़्त से सख़्त कार्रवाई की जानी चाहिए**

के बहाव को कैसे प्रदूषण मुक्त रखा जा सकता है, इस विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि यमुना कैचमेंट के अंतर्गत आने वाले 34 कस्बों में से 30 कस्बों में सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है जबकि करनाल, पानीपत, पलवल और फरीदाबाद में आगामी सितंबर माह तक काम पूरा होने की उम्मीद है। इसी तरह, घग्गर केचमेंट एरिया के 27 शहरों में से 26 में सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है और अंबाला में आगामी सितंबर माह तक काम पूरा होने की उम्मीद है।

# आईटीओ बैराज के गेट नहीं खोलने वाले अधिकारियों पर गिरी गाज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** में यमुना नदी की वजह से आई बाढ़ के समय ड्यूटी में कोताही बरतने के मामले में सरकार ने सिंचाई विभाग के 4 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इन अधिकारियों के खिलाफ एक जांच कमेटी की रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की गई है । यह जाँच कमिटी आईटीओ यमुना बैराज के बाढ़ के दौरान 4 गेट नहीं खुलने के मामले की जांच के लिए बनाई गई थी। प्रदेश सरकार ने सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर संदीप तनेजा को सस्पेंड किया है। विभाग के एसई तरूण अग्रवाल और एक्सईएन मनोज कुमार को चार्जशीट करने के

**बाढ़ के समय ड्यूटी में कोताही बरतने के मामले में सरकार ने सिंचाई विभाग के 4 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की**

आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही यमुना बैरोज पर तैनात एसडीओ मुकेश वर्मा को रूल सात के तहत चार्जशीट किया गया है। गौरतलब है की भारी बरसात की वजह से यमुना में बहुत ज्यादा मात्रा में पानी आ गया था और दिल्ली में आईटीओ के पास बैराज के 4 गेट नहीं खुलने की वजह से समय रहते यह पानी तेजी से आगे नहीं जा पाया था। इस मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूरे मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई थी। सिंचाई विभाग के इंजिनियर इन चीफ राकेश चौहान की अध्यक्षता में बनी इस कमेटी में सदस्य के तौर पर विभाग के इंजिनियर इन चीफ डॉ सतबीर कादियान और चीफ इंजिनियर सुरेश कुमार यादव को शामिल किया गया था । जुलाई माह में दिल्ली में आईटीओ बैराज पर लगे 32 में से 4 गेट नहीं खुल पाने के संबंध में तथ्यान्वेषी रिपोर्ट में कमेटी ने अपनी जांच में बताया कि ये गेट लगभग 12 फीट गहरे बाढ़ के पानी में डूबे हुए थे और लगभग 12 से 13 फीट की गहराई तक गाद से भरे हुए थे। इन गेटों को केवल तभी उठाया जा सकता है जब इन गेटों के चारों ओर अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम दोनों गाद को विशेष तकनीक के माध्यम से हटा दिया जाए।
रिपोर्ट में बताया गया है कि बैराज गेट संचालन में 2020 के बाद कोई रिकॉर्ड नहीं रखा गया है और मानसून में भी गेज रजिस्टर बनाकर नहीं रखा जाता है। यह भी सामने आया है की यहाँ का प्रबंधन देखने वाले अधिकारियों ने बाढ़ प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा के लिए मानसून से पहले कोई बैठक आयोजित नहीं की और ना ही इसकी सूचना मुख्यालय को दी । पिछले वर्ष भी, अधीक्षण अभियंता, एफसी-एक, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली ने अपने पत्र दिनांक 06.07.2022 के माध्यम से यमुना (आईटीओ) बैराज के गेट बंद करने के संबंध में लापरवाही की सूचना दी थी और कहा था कि उस समय संचालन के लिए कोई बिजली कनेक्शन उपलब्ध नहीं था। मुख्य रूप से दिल्ली में बाढ़ अधिक अतिक्रमण के कारण आई जिसके कारण पानी रिंग रोड तक चला गया। नदी के आसपास अत्यधिक और अनियोजित निर्माण से यमुना का प्रवाह बाधित हो रहा है।

# गोपाल कांडा के गुरुग्राम व सिरसा ठिकानों पर ईडी की रेड

**टीम एक्शन इंडिया**/गुरुग्राम
एयरहोस्टेस आत्महत्या केस से बरी हुए सिरसा के विधायक गोपाल कांडा पर अब ईडी ने शिकंजा कस दिया है। ईडी ने बुधवार को गोपाल कांडा के सिरसा तथा गुरुग्राम आवास व दफ्तरों में छापेमारी की। बुधवार की सुबह छह बजे ही ईडी की टीम ने विधायक गोपाल गोयल कांडा के सिरसा व गुरुग्राम सिविल लाइन स्थित आवास और ओल्ड ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स स्थित एमडीएलआर कार्यालय में दस्तक दी।

# दुग्ध उत्पादन: नस्ल सुधार को मिशन मोड में लें अधिकारी- कृषि मंत्री जेपी दलाल

**जिम्मेदारी**

**गाय के भी अच्छी नस्ल के बछड़े-बछड़ियां पैदा करने के लक्ष्य को मिशन मोड के रूप में लेकर चलना होगा**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जेपी दलाल ने कहा है कि दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मुर्राह भैंस के साथ - साथ गाय के भी अच्छी नस्ल के बछड़े-बछड़ियां पैदा करने के लक्ष्य को मिशन मोड के रूप में लेकर चलना होगा। आरंभ में 1000 का लक्ष्य लेकर चलें इसके लिए लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार, राजकीय पशुधन फार्म तथा पशुपालन विभाग के अधिकारी मिलकर एक टीम तैयार करें और एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। जेपी दलाल विभाग के अधिकारियों की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मंत्री को अवगत कराया गया कि हिसार जिले में लगभग 55 गौशालाएं हैं और राजकीय पशुधन फार्म के विशेषज्ञों की 21 टीमें गठित की गई हैं जो इन गौशालाओं का दौरा कर स्वस्थ गायों की पहचान कर रही है जिन्हें बाद में फार्म में लाया जायेगा।

# सरकार ने सुशासन की दिशा में बढ़ाया 'मनोहर' कदम

## अब संपत्ति व जमीन की रजिस्ट्री के तुरंत बाद होगा इंतकाल: कमल गुप्ता, शहरों की प्रॉपर्टी आईडी बनाना एक चुनौती था परन्तु हमने इसे सिरे चढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि शहरों की प्रॉपर्टी आईडी बनाना एक चुनौती भरा कार्य था, परन्तु प्रदेश सरकार ने इसे सिरे चढ़ाया है। अब इस कड़ी में सरकार ने सुशासन की दिशा में मनोहर कदम बढ़ाते हुए प्रॉपर्टी, जमीन की रजिस्ट्री और इंतकाल से जुड़े बड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने बताया कि वेब हैलरिस पोर्टल में इंतकाल का स्वचालित जनरेशन मॉड्यूल शुरू किया गया है यानी अब हरियाणा में किसी भी संपत्ति व जमीन की रजिस्ट्री के तुरंत बाद इसका इंतकाल हो जाएगा और इंतकाल की कॉपी भी मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि



पोर्टल पर इसके बारे में पूरी जानकारी होगी। उन्होंने बताया कि अभी तक रजिस्ट्री के 7 दिन के अंदर इंतकाल करने का समय दिया गया था। ये प्रक्रिया तो ऑनलाइन थी, लेकिन इसे पटवारी को पूरा करना होता था। जब पटवारी इंतकाल को सिस्टम में चढ़ाता था तो कानूनगो से होते हुए तहसीलदार तक जाना होता था। इस प्रक्रिया में इंतकाल में लंबा समय लगता था। नागरिकों को परेशानी से बचाने के लिए सरकार की ओर से यह फैसला लिया गया है। उन्होंने इंतकाल की नई प्रक्रिया

**जनता को राहत**

**इंतकाल की जानकारी भी पोर्टल पर मिल जाएगी,जिसे कोई भी चेक कर सकेगा**

के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अब प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री के तुरंत बाद हैलरिस पोर्टल में स्वचालित मॉड्यूल पर ऑनलाइन इंतकाल हो जाएगा। इसके लिए पटवारी के पास कागजात ले जाने की भी जरूरत नहीं होगी। इंतकाल की जानकारी भी पोर्टल पर मिल जाएगी,जिसे कोई भी चेक कर सकेगा।

## न्यूज फ्लैश

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** कस्बा निसिंग में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार व्यक्ति को टक्कर दे मारी। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार करीब 10 फीट तक हवा में उछला और उसके बाद सडक पर सिर के बल जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की की पहचान 48 वर्षीय सुरेश कुमार निवासी निसिंग के रूप में हुई है। वह मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण कर रहा था। मृतक के बेटे रिंकू ने बताया कि उनके दादा तुलसी राम को कई दिनों से बुखार व इन्फेक्शन था, जिसके चलते उन्हें इलाज के लिए निसिंग के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया था। देर शाम करीब साढ़े 8 बजे उसका पिता दादा के लिए खाना लेकर अस्पताल में जा रहे थे। उस समय वह भी बाजार में कुछ सामान लेने के लिए आया हुआ था।
रिंकू ने बताया कि करनाल से तेज रफ्तार में एक कार आ रही थी, जबकि सामने से उसका पिता बाइक लेकर जा रहे थे। पानी की टंकी के पास आरोपी चालक ने उसके पिता की बाइक को सीधे टक्कर मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। इस दौरान लोगों ने गाड़ी का नंबर नोट कर लिया। उन्होंने बताया कि घायल अवस्था में वह अपने पिता को अस्पताल में लेकर गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
निसिंग थाना के जांच अधिकारी निरंजन ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**(मो. नं. : 9896772006)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**(मो. नं. : 9466035040)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
**(मो. नं. : 98962 76156)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
**(मो. नं. : 94668 87896)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**(मो. नं. : 9991270143)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
**(मो. नं. : 98117 14343)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
**(मो. नं. : 9671232478)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
**(मो. नं. : 94162 71181)**

# गांव-गांव में लोगों ने किया पौधारोपण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरी माटी-मेरा देश** अभियान की शुरूआत बुधवार को करनाल जिले में अलग-अलग कार्यक्रमों के साथ हुई। जिलाभर के गांवों व शहर में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने इस अभियान के तहत पौधारोपण किया गया और मिट्टी को मुी में भरकर देश की एकता, कर्तव्यों की भावना को लक्षित करती पंच प्रण की शपथ ली गई। इस दौरान गांवों में सेना के जवानों व वीरों का भी सम्मान किया गया। एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने इस अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को आगे आकर अभियान का हिस्सा बनने का आह्वान किया है। अभियान का क्रेज सुबह से ही देखने को मिला। गांव मूणक में न केवल ग्रामीणों ने बल्कि विद्यार्थियों ने अमृत वाटिका के तहत पौधारोपण किया। इसके तहत अलग-अलग किस्म के पेड़ लगाए गए। विद्यार्थियों ने पेड़ों के चारों ओर दीए जगाकर उत्सव की तरह इस अभियान की शुरूआत की। इसके बाद सभी ने एकजुट होकर पंच प्रण के रूप में शपथ ली। इसी तरह चोरा खालसा गांव में बुजुर्गों अभियान की पहल की। उन्होंने गांव के स्कूल में पौधे लगाए और शपथ ली। काछवा गांव में स्कूली विद्यार्थियों, गांववासियों ने अभियान में हिस्सा लिया। सभी ने पौधारोपण किया और फिर



सेल्फी भी ली।
**सेना के जवानों को किया गया सम्मानित:** मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत सेना के जवानों का भी सम्मान किया गया। इसके तहत इंद्री विधानसभा के गांव धमनहेड़ी में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त जवान को सम्मानित किया गया। वहीं खेड़ी मानसिंह गांव में गांव के युवा और बुजुर्गों ने मिलकर अभियान के तहत पौधारोपण किया। बडगांव के स्कूल में विद्यार्थियों ने अभियान में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बढ़चढकर अमृत वाटिका के तहत पौधे लगाए। खेड़ा गांव में महिलाओं ने आगे आकर पौधे लगाए।
घरौंडा के राजकीय महाविद्यालय में भी मेरी माटी-मेरा देश अभियान का क्रेज नजर आया। यहां छात्रों ने पौधे लगाए। कुंजपुरा गांव में विद्यार्थियों, शिक्षकों व गांववासियों दीए जगाकर शपथ ली। इसी तरह जिलाभर के करीब सभी गांवों में मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
**हर किसी में नजर आया सेल्फी क्रेज:** मेरी माटी-मेरा देश अभियान में आमजन बढ़-चढकर हिस्सा ले रहे हैं। इसके साथ-साथ इस अभियान को लेकर हर किसी में सेल्फी क्रेज भी नजर आ रहा है। हर कोई पौधारोपरण करते हुए, शपथ लेते हुए सेल्फी ले रहा है। इस सेल्फी को न केवल अपने राज्य बल्कि अपने जिले और अपनी ग्राम पंचायत के नाम से भी अपलोड कर सकते हैं।
**अभियान में शामिल होने का आह्वान:** एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने आमजन से ज्यादा से ज्यादा संख्या में मेरी माटी-मेरा देश अभियान में शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की मिट्टी हमें जोडने का कार्य करती है, इस अभियान के तहत हम अपने देश की मिट्टी और वीरों को नमन और वंदन कर रहे हैं। पंच प्रण की शपथ 5 लक्ष्यों को प्रण के रूप में तय किया गया है। इसके अंतर्गत विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता तथा नागरिकों में कर्तव्य की भावना को लक्षित किया गया है। अभियान में नेहरू युवा केंद्र की जिला यूथ आफिसर रेणू सिलग, डीडीपीओ राजबीर खुंडिया और सभी बीडीपीओ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एटीएम मशीन से चोरी की कोशिश करने वाला काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**थाना** सिविल लाइन की टीम ने एटीएम मशीन से चोरी की कोशिश करने वाले आरोपी कुनाल पुत्र शिवाजी वासी महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी से एटीएम मशीन को काटने में प्रयोग किया गया गैस कटर बरामद किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि मुगल कैनाल पर बैंक ऑफ इंडिया में लगे एटीएम मशीन के साथ गैस कटर लेकर आरोपी द्वारा चोरी की कोशिश की गई थी। आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देने में सफल नहीं हो पाया और मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार



कर लिया गया।
इस संबंध में थाना सिविल लाइन में आरोपी के खिलाफ चोरी की कोशिश बारे मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के प्रांगण में हुआ मेगा कैंप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला एवं** सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण चंद्रशेखर के सानिध्य एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण सुश्री जसबीर कौर एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शमा की अध्यक्षता में सभी विभागों के सहयोग के द्वारा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के प्रांगण में मेगा कैंप का आयोजन किया गया।
कैंप में लगभग 22 विभागों ने जैसे डाक विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, समाज कल्याण विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, लीड बैंक इत्यादि के सहयोग से आम जनों के लिए इस जनकल्याण जागरूकता कैंप



का आयोजन किया, जिसमें आम नागरिकों ने पहुंचकर इन विभागों की वेलफेयर स्कीम्स एवं योजनाएं का लाभ उठाया।
सैशन जज चंद्रशेखर ने हर एक स्टॉल पर जाकर सभी विभागों की लाभकारी योजनाओं को पढ़ा और समझा। इस मेगा कैंप का शुभारंभ स्कूल से आई हुई नन्ही बच्चों ने अपने हाथों से अतिथिगण को तिलक लगाकर स्वागत किया और इसके बाद चंद्रशेखर जिला व सत्र न्यायाधीश ने हाथों से आए हुए आम नागरिकों को फलदार एवं फूल वाले पौधे दिए, ताकि वह वापस जाकर अपने घरों में इन पौधों को उगाएं और पर्यावरण को बचाने में सहयोग दें। सीजेएम जसबीर ने बताया कि इस मेगा कैंप का आयोजन अधिक से अधिक लोगों तक सभी विभागों की लाभकारी योजनाओं को पूर्णतया पहुंचाना एवं उसका लाभ उठाना था। यह ऐसा प्लेटफार्म था, जिसमें सभी विभाग एक ही छत के नीचे आज इके हुए थे और आम नागरिकों तक अपने विभाग की लाभकारी योजनाओं का विवरण दे रहे थे। इस मेगा कैंप में आम नागरिकों के साथ-साथ जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप चौधरी के साथ अधिवक्ताओं ने भी बढ़-चढकर भाग लिया।

## एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों के बारे में किया गया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला** पुलिस के थाना हाईवे के एसएचओ निरीक्षक दर्शन सिंह द्वारा आज दून वैली कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात का पालन कर न केवल आप सुरक्षित रहेंगे, बल्कि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भी बहुत अधिक सहायता करते हैं। दर्शन सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को रोड साइन और स्पीड रिफ्लेक्टर, हेलमेट और सीट बेल्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कैडेट्स को सडक दुर्घटना



में होने वाली हर प्रकार की स्थिति तथा उसे बचने के लिए सडक सुरक्षा के बनाए गए नियमों को धारण करने के विषय में बताया और यातायात चालान के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कैडेट्स को पुलिस के कार्य और पुलिस की ड्यूटी व एक अच्छा नागरिक बनने का भी पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि कम उम्र के बच्चे बिना लाइसेंस के वाहन चलाते हैं।

## पानीपत में बनेगा अभिषेक बजरंगी के नाम का शहीदी द्वार

**पानीपत:** नूंह मेवात में हुई साम्प्रदायिक हिंसा में मारे गए पानीपत के नूरवाला निवासी अभिषेक बजरंगी के नाम पर शहीदी द्वार बनाने के लिए विधायक प्रमोद कुमार विज द्वारा पानीपत नगर निगम की सदन बैठक मे भेजे गए प्रस्ताव को सदन ने एक मत से सर्वसम्मति जताते हुए पास किया एवं बैठक शुरू होने से पूर्व पूरे सदन के द्वारा अभिषेक के लिए मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई।
विधायक विज ने बातचीत में कहा कि माताओं बहनो और बच्चों की जान बचाते हुए अपनी जान की कुबार्नी देने वाले पानीपत के बेटे अभिषेक बजरंगी का बलिदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा, मैं आभारी हूं।

## आर्ट ऑफ लिविंग का आनंद उत्सव 11 से 13 अगस्त तक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आज के** तनाव, मानसिक तकलीफ व रिश्तों में आपसी खींचतान के दौर में खुशी से परिपूर्ण और चिंतामुक्त जीवन हर कोई जीना चाहता है, लेकिन छटपटाहट इस बात की है कि ऐसा हो नहीं पाता। इसके लिए मानव हर तरह के प्रयास करता है, लेकिन कहीं न कहीं उसके मन में ये कसक रहती है कि खुशी को चिरस्थायी रूप से कैसे अपने जीवन में उतारा जाए, कैसे हमेशा तनावमुक्त रहा जाए।
इन सब सवालों के जवाबों का उत्तर इस बार शुक्रवार 11 अगस्त से 13 अगस्त तक यानी तीन दिन लगातार आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से सेक्टर-14 स्थित कृष्णा मंदिर में कराए जा रहे आनंद उत्सव में जरूर मिल जाएगा। आनंद उत्सव का समय शुक्रवार 11 अगस्त से सुबह साढ़े 10 बजे से 1 बजे तक और दोपहर बाद 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक रखा गया है। आर्ट ऑफ लिविंग की सीनियर टीचर नीलम अरोड़ा व टीचर तान्या अरोड़ा तीन दिवसीय आनंद उत्सव प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से आपके जीवन में खुशियां लाने और चिंतामुक्त जीवन जीने के तरीके बताएंगी। आर्ट ऑफ लिविंग की पूर्व जिला कोर्डिनेटर नीलम अरोडा व टीचर तान्या अरोडा ने बताया कि आनंद उत्सव यानी



खुशियों के उत्सव में सभी को सुदर्शन क्रिया सिखाई जाएंगी। इसके अलावा योग प्राणायाम, ध्यान की विधियां भी बताई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस कोर्स से पहले हम लोग जन-जन तक पहुंचते हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग ऐसे महत्वपूर्ण कोर्सिस का लाभ ले सकें। जो लोग पहले हैप्पीनेस कोर्स कर चुके हैं या नए लोग जो करना चाहते हैं, वे भी सेक्टर 13 स्थित 2009 नंबर में उनसे संपर्क कर इस कोर्स में हिस्सा ले सकते हैं। असल में सुदर्शन क्रिया में सांसों का समन्वय है, हमारा पूरा जीवन सांसों पर टिका है और अधिकतर बीमारियां भी सांसों के कारण होती हैं। हम सही तरह से सांस कैसे लें, योगा कैसे करें, ध्यान कैसे करें और हर समय खुश कैसे रहें, तनाव से छुटकारा कैसे पाएं, ये सब इन क्रियाओं के माध्यम से बताया जाता है।

## सामुदायिक केन्द्र का सौंदर्यीकरण करने के दिए निर्देश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**महापौर रेनू** बाला गुप्ता ने सैक्टर-14 आर.डब्ल्यू.ए. व नागरिकों की मांग पर वार्ड के सामुदायिक केन्द्र, गलियों व मुगल कैनाल फेज-2 क्षेत्र का मौका निरीक्षण किया। महापौर के साथ वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संकल्प भंडारी, अधीक्षण अभियंता श्याम सिंह, कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा, समाजसेवी बृज गुप्ता तथा अशोक भंडारी मौजूद रहे।
मुगल कैनाल फेज-2 में दोनों ओर इंटरलॉकिंग टाईलें लगाने के कार्य को जल्दी करवाने के निर्देश दिए, ताकि सब्जी मंडी से रेहडि़ों को यहां शिफ्ट किया जा



सके। इसके अतिरिक्त मुगल कैनाल के साथ सैक्टर-14 की साईड एक दीवार की रिपेयर करने के भी इंजीनियरों को निर्देश दिए, ताकि असमाजिक तत्व सैक्टर में प्रवेश न कर सकें। इसके पश्चात महापौर ने सैक्टर-14 के सामुदायिक केन्द्र भवन का निरीक्षण किया। नागरिकों की मांग पर भवन का सौंदर्यकरण करने के निर्देश इंजीनियरों को दिए। मौके पर मौजूद अधीक्षण अभियंता ने बताया कि भवन के सौंदर्यकरण के कार्य करवाए जा रहे हैं, इसके लिए निगम 10 लाख रुपये खर्च करेगा। मौके पर भवन की बाउंडरी वाल को ऊंचा करने का काम किया जा रहा था। महापौर ने निर्देश दिए कि भवन परिसर में प्लस्तर, पेंट, खिडकी-दरवाजों की टूट-फूट इत्यादि सभी कार्य अच्छे से करवाए जाएं। उन्होंने सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह को निर्देश दिए कि सामुदायिक केन्द्र की अच्छे से साफ-सफाई करवाई जाए। परिसर में उगी घास-फूस की सफाई करवाई जाए। इसके अतिरिक्त सीवर कवर, ट्रैक व लाईट इत्यादि भी ओके रहनी चाहिए। बागवानी शाखा की ओर से केन्द्र में सुंदर पौधे व पेड़ लगाने की भी बात कही।

## घुमंतु जाति के व्यक्तियों के लिए आयोजित किया गया शिविर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला कल्याण** अधिकारी कृष्णा भारद्वाज ने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को विमुक्त घुमंतु जाति के व्यक्तियों के लिए गांव बजीदा रोडान के प्राईमरी स्कूल में कैम्प का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कैंप में स्वास्थ्य विभाग, जिला कल्याण अधिकारी, समाज कल्याण विभाग, महिला बाल विकास, परिवार पहचान पत्र, डीएम सीएससीए क्रिड विभाग ने भाग लिया, जिसमें उपस्थित लोगों को विभागों से संबंधित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि कैंप में 80 पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र प्राप्त किये गये। उन्होंने बताया कि 10 अगस्त को भी गाव बजीदा रोडान के प्राइमरी स्कूल में कैम्प आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बजीदा रोड़ान के सरपंच कुलदीप सिंह व विमुक्त घुमंतु जाति के सदस्य बलबीर सिंह भी उपस्थित रहे।

# पश्चिमी यमुना नहर से मिले तीन शव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कस्बा** इंद्री में पश्चिमी यमुना नहर में आज एक के बाद तीन लाशें मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने तीनों शवों को गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला। मृतकों में एक 14 साल का बच्चा भी शामिल है, जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। दो युवकों की शिनाख्त के बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों में दो युवक जिला यमुनानगर के रहने वाले हैं। एक युवक की पहचान यमुनानगर की नवाब कॉलोनी निवासी अभिषेक के रूप में हुई है। मृतक के दोस्त गौरव ने बताया उसके माता पिता नहीं थे। वह



अपने रिश्तेदारों के घर पर ही रहता था। वह मेहनत मजदूरी करता था और अविवाहित था। रविवार शाम को वह उसके साथ पश्चिमी यमुना नहर में प्रतिमा विसर्जित करने के लिए आया था।
अभिषेक इस दौरान नहर में अंदर तक प्रतिमा विसर्जित करने के लिए चला गया। उसने अभिषेक को नहर में आगे जाने से रोका था। जब वह प्रतिमा विसर्जित कर रहा था। इस दौरान अचानक से उसका पैर फिसल गया और वह नहर में जा गिरा और देखते ही देखते पानी में डूब गया।
दूसरे युवक की शिनाख्त यमुनानगर के तेजली गांव निवासी गुरमेल के रूप में हुई। मृतक के पिता दलीप कुमार ने बताया कि उसका बेटा गुरमेल मेहनत मजदूरी करता है। रविवार शाम को वह घर से बाल कटवाने की बात कहकर बाइक पर निकला था। बाल कटवाने के बाद मंदिर गया था, जहां नहाते वक्त वह नहर में गिर गया था। मृतक के पिता ने बताया कि एक साल पहले ही उसके बेटे की शादी हुई थी। परिवार खुशहाल जीवन जी रहा था, लेकिन उसकी मौत के बाद परिवार में मामत पसर गया।
इन्द्री थाना के जांच अधिकारी बीर सिंह ने बताया कि बच्चे का शव इंद्री के गांव छपरियों के पास नहर में मिला, जिसकी उम्र लगभग 14 साल है।

## संपादकीय

# अध्यादेश पर विपक्षी गठबंधन की फजीहत

**अध्यादेश** पर आम आम आदमी पार्टी का साथ देना विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए पर भारी पड़ा। संसद में उसे असहज स्थिति का सामना करना पड़ा क्योंकि चर्चा के दौरान आबकारी घोटाला, अरविंद केजरीवाल के शीशमहल निर्माण घोटाला, इससे सम्बन्धी फाइलों को गायब करने के प्रयास आदि भी चर्चा में आ गए। यह भी पता चला कि दिल्ली विधानसभा और केजरीवाल मंत्रिमण्डल की बैठकें भी संवैधानिक भावना के अनुरूप नहीं होती थी। इसमें केजरीवाल की मनमानी व्यवस्था लागू रहती थी। इन तथ्यों के सामने आने पर अध्यादेश का विरोध करने वालों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। संदेश यह गया कि विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए आप सरकार के कथित घोटालों और अलोकतांत्रिक तौर-तरीकों का समर्थन कर रहा है, उसका बचाव कर रहा है। विपक्षी आईएनडीआईए पर नरेन्द्र मोदी ने जो आरोप लगाए थे, वह इनकी अपनी हरकतों से प्रमाणित हो गए। मोदी ने कहा कि ये पार्टियां घोटालों से एक-दूसरे को बचाने के लिए एकजुट हुई हैं। जब से संसद का मानसून सत्र प्रारंभ हुआ, तब से विपक्ष मणिपुर को लेकर हंगामा कर रहा है लेकिन आम आदमी पार्टी के समर्थन में हंगामा छोड़ कर संसद की कार्यवाही में शामिल हो गए। कांग्रेस के नेता जानते थे कि उन्होंने दिल्ली के लिए जो संवैधानिक प्रावधान किए थे, अध्यादेश उसी के अनुरूप था। केजरीवाल भी दिल्ली की संवैधानिक व्यवस्था को समझते थे। इसे समझते हुए ही उन्होंने बेशुमार चुनावी वादे किए थे। उन्होंने कभी नहीं कहा कि दिल्ली पूर्ण राज्य होगा तभी वह सब वादे पूरे करेंगे। वह पूर्ण राज्य क्यों चाहते थे, यह भी कुछ घण्टों में पता चल गया। फाइलों को गायब करने और जांच को प्रभावित करने के काम किए गए। इसके चलते ही केंद्र सरकार को अध्यादेश लाना पड़ा। विपक्षी गठबंधन को इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिये। क्या वह आप सरकार के इस कार्य से सहमत थी। अन्यथा अध्यादेश का विरोध क्यों कर रही थी। देश के किसी भी केंद्र शासित राज्य को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिला है। केजरीवाल को भी यह संवैधानिक स्थिति स्वीकार करनी चाहिए। आम आदमी पार्टी ने विपक्षी गठबंधन में शामिल होने की शर्त लगाई थी। उसका कहना था कि दिल्ली सम्बन्धी अध्यादेश पर कांग्रेस उसका समर्थन करेगी तभी वह गठबंधन का हिस्सा बनेगी। पहले कांग्रेस इस विषय पर असमंजस में थी। दिल्ली उसी संवैधानिक व्यवस्था से संचालित हो रहा था, जिसका प्रावधान कांग्रेस की सरकार ने किया था। इसके अनुरूप कांग्रेस की शीला दीक्षित ने पंद्रह वर्षों तक सरकार चलाई थी। दिल्ली सरकार संशोधन विधेयक से पारित हो गया। यह निर्णय संविधान के अनुरूप था। गृहमंत्री अमित शाह ने केजरीवाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि आप के निशाने पर सतर्कता विभाग था। जिससे घोटालों की जांच को प्रभावित किया जाए। उसके पास आबकारी घोटाले की फाइल, मुख्यमंत्री के नये बने आवास को अवैध रूप से बनाये जाने से संबंधित फाइल, बीएसईएस से संबंधित फाइल, एक कंपनी पर इक्कीस हजार करोड़ रुपये के बकाया होने के बावजूद उसे फिर फंड देने से संबंधित फाइल जांच के लिए पड़ी हैं।

# मिशन 2023 में भाजपा का गढ़ ग्वालियर

**अशोक भाटिया**

> "जहां मुख्यमंत्री शिवराज को भी हार का सामना करना पड़ा था। 1990 से यहां कांग्रेस लगातार जीतती आ रही है। 1990 और 1993 में दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह यहां से विधायक चुने गए। वहीं 1998 और 2003 दिग्विजय सिंह जीते। 2008 में कांग्रेस के दादाभाई मूल सिंह जीते। 2013 के विधानसभा चुनाव में दिग्विजय सिंह ने इस सीट पर अपनी विरासत बेटे जयवर्धन सिंह को सौंप दी। जिसके बाद 2013 और 2018 में जयवर्धन सिंह यहां से जीते। भिंड जिले की लहार विधानसभा सीट ग्वालियर-चंबल में कांग्रेस का सबसे मजबूत गढ़ मानी जाती है। लहार विधानसभा कांग्रेस का वो किला है, जिसे भाजपा बीते 33 सालों से भेद नहीं पाई है, इस सीट पर कांग्रेस के कद्दावर नेता डॉ. गोविंद सिंह अंगद के पैर की तरह जमे हुए हैं"

**मध्यप्रदेश** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा का फोकस उन इलाकों में है जहां 2018 में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की कमान खुद अमित शाह ने उठा ली है। अमित शाह ने भाजपा नेता और कार्यकताओं तक लोगों तक पहुंचने को कहा है। पार्टी ने हाल ही में अपना सर्वे कराया था। इस सर्वे को लेकर भाजपा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सूत्रों का कहना है कि भाजपा के सर्वे में तीन इलाकों का फीडबैक निगेटिव मिला है। अब इन इलाकों को साधने के लिए अमित प्लान बना रहे हैं। भाजपा के सर्वे रिपोर्ट में ग्वालियर-चंबल को लेकर निगेटिव रिपोर्ट आई है। 2018 के विधानसभा चुनाव में यहां भाजपा को बड़ा झटका लगा था। इस इलाके में विधानसभा की 34 सीटें आती हैं। लेकिन 2018 में भाजपा केवल 7 सीट ही जीत पाई थी। हालांकि 2020 में सिंधिया के भाजपा में शामिल होने के बाद यहां का समीकरण बदल गया था। उपचुनाव में भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया था। अब ग्वालियर-चंबल को साधने के लिए भाजपा ने नरेन्द्र सिंह तोमर को चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक बनाया है। वहीं, सिंधिया केन्द्रीय मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी इसी इलाके में आते हैं। इन नेताओं को जिम्मेदारी देकर पार्टी कार्यकताओं की नाराजगी दूर करने की कोशिश में है। गौरतलब है कि हालिया विधानसभा चुनाव में ग्वालियर-चंबल की जंग बेहद रोचक मानी जा रही है। क्योंकि भाजपा और कांग्रेस के बड़े झत्रप इसी अंचल से आते हैं। खास बात यह है कि 2020 में हुए दलबदल में सबसे ज्यादा इसी अंचल के विधायकों ने पाला बदला था। यहां भाजपा जितनी मजबूत है कांग्रेस भी उतनी ही दमदार है। लेकिन अंचल की पांच विधानसभा सीटें ऐसी हैं जो कांग्रेस के गढ़ में तब्दील हो चुकी हैं। जिन्हें भेदना भाजपा के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। बताया जाता है कि ग्वालियर-चंबल अंचल में कांग्रेस के 5 ऐसे अभेद गढ़ है जिनको फतेह करना भाजपा के लिए सपना बना हुआ है। 1990 से लेकर 2018 तक इन सियासी किलों पर भाजपा को शिकस्त मिली है,



खुद एक बार शिवराज सिंह चौहान को यहां हार का सामना कर पड़ा है, यही वजह है कि इन किलों पर चढ़ाई करने के लिए इस बार भाजपा के अमित शाह खुद सियासी बिछात बिछाएंगे, क्योंकि इन गढ़ों पर जीत के सहारे ही भाजपा 2023 में कामयाबी का रास्ता बनाएगी। भाजपा के लिए ग्वालियर चंबल के इन 5 मजबूत सियासी गढ़ फतेह करना सबसे बड़ी चुनौती है, शिवराज सिंह चौहान को मध्यप्रदेश भाजपा में वन मैन आर्मी माना जाता है, लेकिन मामा शिवराज विधानसभा चुनाव में इन अभेद किलो मे से एक किले राघौगढ़ पर शिकस्त झेल चुके हैं, ऐसे में इन किलों को भेदना भाजपा के लिए कहीं मुश्किल तो कही नामुकिन बना हुआ है। यही वजह है कि भाजपा अपने दिग्गजों को यहां मोर्चे पर तैनात करेगी। जिनमें ज्योतिरादित्य सिंधिया से लेकर नरोत्तम मिश्रा तक मोर्चा संभालेंगे। इसके अलावा केंद्रीय नेतृत्व भी यहां एक्टिव होगा। राघौगढ़ का किला जीतना आज भी भाजपा के लिए सपना बना हुआ है। राघौगढ़ सीट दिग्विजय सिंह के परिवार की सीट मानी जाती है। यह कांग्रेस का ऐसा अभेद गढ़ हैं। जहां मुख्यमंत्री शिवराज को भी हार का सामना करना पड़ा था। 1990 से यहां कांग्रेस लगातार जीतती आ रही है। 1990 और 1993 में दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह यहां से विधायक चुने गए। वहीं 1998 और 2003 दिग्विजय सिंह जीते। 2008 में कांग्रेस के दादाभाई मूल सिंह जीते। 2013 के विधानसभा चुनाव में दिग्विजय सिंह ने इस सीट पर अपनी विरासत बेटे जयवर्धन सिंह को सौंप दी। जिसके बाद 2013 और 2018 में जयवर्धन सिंह यहां से जीते । भिंड जिले की लहार विधानसभा सीट ग्वालियर-चंबल में कांग्रेस का सबसे मजबूत गढ़ मानी जाती है। लहार विधानसभा कांग्रेस का वो किला है, जिसे भाजपा बीते 33 सालों से भेद नहीं पाई है, इस सीट पर कांग्रेस के कद्दावर नेता डॉ. गोविंद सिंह अंगद के पैर की तरह जमे हुए हैं। गोविंद सिंह ने लहार सीट पर सन 1990 से 2018 तक के सभी 7 विधानसभा चुनाव लगातार जीते हैं। वर्तमान में वह नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं।शिवपुरी जिले की पिछोर विधानसभा सीट कांग्रेस भी कांग्रेस का अभेद किला बनी हुई है। इस सीट पर कांग्रेस के केपी सिंह बीते 30 सालों से अंगद के पैर की तरह जमे हुए हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले 6 चुनाव में केपी सिंह ने लगातार यहां से जीत दर्ज करते हुए आ रहे हैं। भाजपा कड़ी मशक्कत के बाद भी इस सीट पर जीत का सपना संजोए हुए हैं, केपी सिंह ने इस सीट पर प्रदेश की मुख्यमंत्री रही उमा भारती के भाई स्वामी प्रसाद लौधी और समधी प्रीतम लोधी को भी हराया है। केपी सिंह ने पिछोर सीट पर 1993 से 2018 तक के लगातार छह विधानसभा चुनाव जीते हैं। 2008 में भितरवार सीट के अस्तित्व में आने के बाद से भाजपा के लिए इसे जीतना सपना बना हुआ है। इस सीट पर कांग्रेस के लाखन सिंह यादव जमे हुए हैं। बीते एक दशक में शिवराज लहर और शिवराज मोदी लहर के बावजूद यहां पर भाजपा भितरवार में कांग्रेस के लाखन सिंह यादव को शिकस्त नहीं दे पाई है, 2013 और 2018 में इस सीट पर कद्दावर नेता अनूप मिश्रा शिकस्त झेल चुके हैं। 2008 से लाखन सिंह यादव ने लगातार तीनों चुनाव जीते हैं।ग्वालियर जिले की डबरा विधानसभा सीट पर पिछले डेढ़ दशक से कांग्रेस का कब्जा है। 2008 , 2013 और 2018 के तीन विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की इमरती देवी जीत दर्ज कर कब्जा जमाया है। 2020 के उपचुनाव में भी डाबरा सीट कांग्रेस के खाते में गई। कांग्रेस के सुरेश राजे ने भाजपा के टिकट पर उतरी इमरती देवी को हराया। आंकड़ो पर गौर करें तो डबरा सीट पर 2008, 2013, 2018 में कांग्रेस की इमरती देवी जीती। 2020 उपचुनाव में कांग्रेस के सुरेश राजे जीते है। इन किलो के मजबूत इतिहास को समझने के बाद इन सीटों पर इस बार भाजपा चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह की नजर है। भाजपा के आला नेताओं ने मंथन किया है, जिसमे तय हुआ है कि बूथ लेवल पर इन सीटों पर पार्टी को मजबूत किया जाना शुरू किया है। इस बार इन सीटों पर उम्मीदवार भी अमित शाह की मोहर लगने के बाद ही तय होंगे। ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर का कहना है कि पार्टी की नजर में सभी सीटे प्रमुख है, लेकिन जहां पार्टी हारी है, उन पर विशेष फोकस कर काम किया जा रहा है। यही नहीं इन पांच किलों पर लगातार जीत हासिल करने वाली कांग्रेस कर्नाटक चुनाव नतीजों के बाद उत्साह से भरी है। कांग्रेस का दावा है कि इन गढ़ों पर कब्जा तो बरकरार रहेगा साथ ही अब कांग्रेस भाजपा के गढ़ों को भी जीतेगी। कांग्रेसियों का दावा है कि माहौल भाजपा सरकार के खिलाफ है, लिहाजा कांग्रेस को ऐतिहासिक सफलता मिलेगी।इस बार ग्वालियर चंबल अंचल में अपने गढ़ बरकरार कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती होगा। तो वहीं इन गढ़ों को फतेह करना भाजपा के लिए नाक का सवाल बन गया है। कौन किस पर भारी पड़ेगा। कौन किसका किले ढहाएगा। यह 2023 के चुनावी रण में देखने को भी मिलेगा। **वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक एवं टिप्पणीकार**

## कविता

### दु :खित मन की कामना

शांत सा रहने वाला लड़का,
खामोशियों के लिहाफ में दफन है,
क्या गलती कर दी है उसने,
इसी सोच में वह मशगूल है ।।

एकांतवास अब लगता सुख है ,
जीवन कितना निर्मम,
कितना भयावह कांति सा,
इसे जीना कितना क्रूर है ।।

क्या जीवन देगा उसे एक और अवसर,
क्या बन पाएगा वो पहले जैसा
फरियाद की थी ईश्वर से
उसके जीवन में कितना गुरुर है ।।

ला देता वो झूठी मुस्कुराहट अपने होठों पर ,
इस मुस्कुराहट में कितना कंटक दर्द है
अंचल में ठहरा द्वंद्व इन होठों की मुस्कान में
मानो वो दर्द भी निःशब्द है ।।

सुन लेता सबकी बातों को
कभी ना खुद इजहार करता
लोग विषव्यापी जबान चलाते
वो शराफत के पदचिह्नों का बना रहनुमा है ।।

श्रेयांश कुमार गुप्ता

# रेल विकास: कुछ हकीकत भी है या कि केवल फसाना

**निर्मल रानी**

**भारत** सरकार द्वारा भारतीय रेल के इतिहास में गत 6 अप्रैल ( रविवार ) का दिन भी एक बहु प्रचारित व लोकलुभावन आयोजन दिवस के रूप में दर्ज हो गया। इस दिन वीडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'अमृत भारत स्टेशन योजना' का शिलान्यास किया।। सरकार द्वारा हजारों करोड़ रुपए खर्च कर देश के प्रधानमंत्री के चित्र लगे सम्पूर्ण प्रथम पृष्ठ के विज्ञापन पूरे देश के सभी छोटे बड़े,मंझले,क्षेत्रीय व राष्ट्रीय समाचारपत्रों में प्रकाशित कराये गए। विज्ञापन में बताया गया था कि सरकार 25 हजार करोड़ की लागत से देश के 508 रेलवे स्टेशन की नवनीकरण योजना शुरू करने जा रही है। इनमें राजस्थान के 55 स्टेशन आधुनिक बनाये जायेंगे। जबकि 990 करोड़ की लागत से असम के 32 स्टेशंस का काया कल्प होगा। 1057 करोड़ खर्च कर पंजाब में 22 स्टेशन आधुनिक बनाये जायेंगे। उत्तर प्रदेश में साढ़े चार हजार करोड़ रुपये खर्च कर 55 अमृत स्टेशन को विकसित करने की योजना है तो मध्य प्रदेश में 1 हजार करोड़ रुपए के खर्च से 34 स्टेशन्स का कायाकल्प करने का प्रस्ताव है। महाराष्ट्र में 44 स्टेशन्स के विकास के लिए डेढ़ हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च होंगे। 608 करोड़ की लागत से हरियाणा के भी 15 स्टेशन का कायाकल्प किया जायेगा। इनमें अंबाला शहर ,कालका ,रेवाड़ी ,भिवानी ,बहादुरगढ़ ,रोहतक ,फरीदाबाद ,नारनौल ,सिरसा,सोनीपत ,जींद ,यमुनानगर जैसे स्टेशन मुख्य रूप से शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इन चिन्हित किये गए 'अमृत रेलवे स्टेशंस' पर आगमन और प्रस्थान प्लाजा, एक्जीक्यूटिव लाउंज, कॉनकोर्स एरिया, लिफ़्ट और एस्केलेटर, फूड कोर्ट, शॉपिंग मॉल, कैफेटेरिया, प्ले एरिया, ग्रीन बिल्डिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, कचरे के प्रसंस्करण, वर्षा जल संचयन, बैगेज स्कैनर, कोच इंडिकेशन बोर्ड, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं समेत आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उम्मीद की जा रही है कि 'अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास' योजना से देश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे जिससे आर्थिक और सामाजिक विकास भी होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजना के शुभारंभ के अवसर फिर यह दावा दोहराया कि –'भारत विकसित होने के लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ा रहा और देश अपने अमृत काल के प्रारंभ में है। उन्होंने कहा कि देश में नई ऊर्जा है, नई प्रेरणा है, नए संकल्प हैं और इसी आलोक में आज भारतीय रेल के इतिहास में भी एक नए अध्याय की शुरूआत हो रही है। गौरतलब है कि भारत के लगभग 1300 प्रमुख रेलवे स्टेशन को अमृत भारत रेलवे स्टेशन के तौर पर विकसित किए जाने की योजना है। इसी के प्रथम चरण में 25 हजार करोड़ की लागत से देश के 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की शुरूआत की गयी है। सत्ता व भाजपा समर्थकों द्वारा इस आयोजन को न केवल विज्ञापनों द्वारा बल्कि आलेखों व संवाददाता सम्मेलनों के द्वारा भी खूब प्रचारित किया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना में देश के चिन्हित किये गये सभी 508 रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर समारोह आयोजित किये गए जिन्हें एक ही समय पर प्रधानमंत्री ने संबोधित किया। आइये हरियाणा के एक ऐसे ही एक अमृत भारत स्टेशन 'अंबाला शहर' के आयोजन दिवस के वृतांत पर नजर डालते हैं। अंबाला शहर एक ऐसा रेलवे स्टेशन है दिल्ली –अमृतसर –अटारी–जम्मू मार्ग पर पड़ने वाला यह एक ऐसा प्रमुख स्टेशन है जहाँ मात्र एक घंटे की बारिश में ही रेल ट्रैक पर पानी इकट्ठा हो जाता है। यहाँ तक कि अत्यधिक बारिश होने पर तो इस रुट पर चलने वाली ट्रेन्स ही कैंसिल करनी पड़ती हैं।

## विचार

# 5 अगस्त का जश्न अमेरिका में भी मानने की संभावित तैयारी

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर भारत की प्रतिष्ठा साख रुतबे में तेजी से उछाल दर्ज किया जा रहा है। अनेक वैश्विकमंचों व एजेंसियों द्वारा भारत के उज्जवल भविष्य की गाथाएंगिनाई जा रही है तो दूसरी ओर अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों का नेतृत्व करने की ओर भारत बढ़ चला है जिससे अब भारतीय संस्कृति सभ्यता त्योहारों को अनेक विकसित देशों में भी मनाए जानें लगे हैं,क्योंकि मेरा मानना है कि शायद ही कोई ऐसा देश होगा जहां मूल भारतीयों के कदमनहीं पड़े होंगे यही कारण है कि वहां भारतीय त्योहारों को उत्साह से मनाया जाता है। परंतु दिनांक 8 अगस्त 2023 को मीडिया में एक खबर ने भारत वासियों का उत्साह बढ़ा दिया वह यह कि अमेरिकी संसद में भारतीय स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जश्न के साथ अमेरिका में भी मनाया जाए। जिसके समर्थन में बातें रखी गई है कि अमेरिका में बसे 44 करोड़ से अधिक मूल भारतीय जो 6 राज्यों के 10 जिलों में 6 से 8 प्रतिशत हैं। अमेरिकी एडमिनिस्ट्रेशन में 80 से अधिक भारतवंशी अहम पदों पर हैं। अमेरिका के करीब 38 प्रतिशत डॉक्टर भारतीय मूल के हैं। वैसे तो वहां कुछ राज्यों में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को अनेक वर्षों से मनाया ही जाता है, जहां वहां के गवर्नर ने पिछले 76 वें आजादी का अमृत महोत्सव स्वतंत्रता दिवस पर अपने बयान में कहा था कि भारत एक समूची सभ्यता है, एक ऐसा राष्ट्र है जो जातीय समूहों, धर्मों, भाषाओं, रीति-रिवाजों, परंपराओं, वेशभूषाओं, शिष्टाचार, भोजन, जलवायु परिस्थितियों और प्राकृतिक संसाधनों के मामले में विविध है, लेकिन फिर भी एक है। परंतु अब इसे पूरी अमेरिका में मनाने सहित अनेक प्रस्ताव रखे गए हैं जो भारत की शान में अमृत महोत्सव का जलवा बिखेर रहे हैं। चूंकि अमेरिका जैसे विकसित और अनुमानित विश्व के बादशाह देश की संसद में 15 अगस्त स्वतंत्रता व लोकतंत्र दिवस मनाने का प्रस्ताव किया गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी केसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत अमेरिका द्वारा स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को साझा मनाया जाना लोकतांत्रिक सिद्धांतों को दृढ़ता से लागू करने में मील का पत्थर साबित होगा। साथियों बात अगर हम अमेरिका में प्रस्तावित 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाने की करें तो, जल्द ही अमेरिका में भी राष्ट्रीय दिवस के जश्न के तौर पर मनाया जासकता है। अमेरिकी सांसद के नेतृत्व में भारतीय-अमेरिकी सांसदों के एक दल ने अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउज ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत भारत के स्वतंत्रता दिवस को दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र के राष्ट्रीय दिवस के जश्न के तौर पर घोषित करने का आग्रह किया गया है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका और भारत के बीच मजबूत साझेदारी, जिसकी जड़ें दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है, वह वैश्विक लोकतंत्र और शांति, स्थायित्व और समृद्धि बढ़ाने के लिए साथ काम करती रहेगी। इस प्रस्ताव को हाउज ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में सांसद की तरफ से पेश किया गया है। इसे अन्य दो सांसदों की तरफ से भी प्रायोजित किया गया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि भारतीय पीएम 22 जून को अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर आए थे और उन्होंने दोनों देशों के समान हितों और स्वतंत्रता, लोकतंत्र, बहुलतावाद, कानून के शासन, मानवाधिकार के सम्मान के प्रति साझा प्रतिबद्धताओं के आधार पर विश्वास और आपसी समझ को एक नए स्तर पर स्थापित किया था। प्रस्ताव में कहा गया है कि भारतीय विरासत वाले अमेरिकी नागरिक देश में सार्वजनिक जीवन को सरकारी अधिकारी, सैन्यकर्मी और कानून लागू करने वाले अफसर बनकर बढ़ाते हैं। यह लोग अमेरिकी संविधान के सिद्धांतों का समझदारी से पालन करते हैं। देश की अनेकता को समृद्ध करने में अहम योगदान देते हैं। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि भारत के स्वतंत्रता दिवस के जश्न को अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के साथ मनाया जाना जरूरी और अहम है।

इससे दोनों देशों उन लोकतांत्रिक सिद्धांतों की तसदीक कर सकते हैं, जिनके आधार पर उनका जन्म हुआ था। इसमें भारत के स्वतंत्रता दिवस को दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के नेशनल डे ऑफ सेलिब्रेशन के तौर पर घोषित किए जाने की मांग की है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# राहुल गाँधी के फ़्लाइंग किस के मायने

**बाल मुकुन्द ओझा**

**कांग्रेस** के सांसद राहुल गांधी संसद के भीतर और बाहर गाहे बगाहे किसी न किसी विवाद से घिरते रहते है। इसे यूँ भी कह सकते है राहुल और विवाद का चोली दामन का साथ है। मोदी सरनेम को चोर बताने पर राहुल को सजा तक हो चुकी है। वे जब भी कुछ कहते हैं तो उस पर विवाद हो जाता है। कभी संसद में आँख मारने का उनका फुटेज वायरल हो गया था। न्यायालय ने उन्हें संयमित भाषण देने को भी कहा मगर लगता है राहुल किसी भी तरह सुधरने को तैयार नहीं है। ताजा विवाद राहुल द्वारा लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के बाद फ्लाइंग किस को लेकर जुड़ा है। राहुल गाँधी जब भाषण समाप्त होने के बाद बाहर लौट रहे थे तो एक ऐसा वाक्या हुआ, जिस पर महिला सांसदों ने आपत्ति जताई है। राहुल ने बीजेपी सांसदों की तरफ फ्लाइंग किस दिया है। इस मामले में 22 महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से शिकायत की है। केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे, हेमामालिनी और रीता बहुगुणा ने स्पीकर से शिकायत इसकी शिकायत की है। उन्होंने संसद में राहुल के अनुचित व्यवहार को लेकर शिकायत दी है। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद शोभा करंदलाजे ने कहा, "सभी महिला सदस्यों को फ्लाइंग किस देकर राहुल गांधी चले गए। यह सरासर एक सदस्य का दुर्व्यवहार है। यह एक सदस्य का अनुचित एवं अशोभनीय व्यवहार है। वरिष्ठ सदस्य बता रहे हैं कि भारत की संसद के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। यह कैसा व्यवहार है? वह किस तरह के नेता हैं? इसलिए हमने इसकी सीसीटीवी फुटेज लेने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से शिकायत की है, हमने यही मांग की है। सामान्यत: कहा जाता है जब पार्टनर बिना आपको स्पर्श किए दूर से चुंबन का इशारा करते हैं तो उसे फ्लाइंग किस कहते हैं। फ्लाइंग किस ज्यादातर अलविदा या गुड लक कहने के मोटिव से की जाती है।

गौरतलब है राहुल गांधी इससे पूर्व भी अपने एक्शन को लेकर चर्चा में रहे हैं। संसद में आंख मार सुर्खियां बटोरने के बाद वो फ्लाइंग किस देते कैमरे में कैद हुए थे। राहुल एक बार जबलपुर में चुनावी रैली करने पहुंचे थे। रोड शो के दौरान वो अपने समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। तभी उनकी नजर किसी पर पड़ी और उसे वो अपने पास आने का इशारा करने लगे। साथ ही उसी को देखकर उन्होंने फ्लाइंग किस भी थी। हाल ही पटना में आयोजित विपक्ष की महाबैठक के दौरान राहुल का एक पोस्टर जारी हुआ था जिसमें वे फ़्लाइंग किस करते दिखाई दे रहे थे। फ्लाइंग किस' वाले पोस्टर में राहुल गांधी के नाम के साथ नेता, मोहब्बत वाला टाइटल लिखा गया है।

# आप भी खुश, हम भी खुश

**डॉ. सुरेश**

**अरे** फंड का तो सोचो साहब ।वादे चांद तक किए हैं और रुपया शाम तक के लिए भी नहीं है। ऐसे-कैसे चलेगा। पीने वालों को कभी नाराजड नहीं किया जाता। उनके लिए हमें रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत करना चाहिए। पीने की व्यवस्था नहीं की जाएगी तो सरकार गिर जाएगी। आज अस्पताल और स्कूल कोई नहीं पूछता है। मधुपान की दुकान न हो तो गड़बड़ झाला हो जाएगा! चिकित्सा और शिक्षा की जरूरत तभी पड़ती है जब पीने वाले होंगे। उनके न होने पर सारी व्यवस्थाएँ ठप्प पड़ जाती हैं। मतदाता को बाँटने के लिए रोकड़ा चाहिए होता है। बिना रोकड़ा के हमें मत देने वाला कौन है। सब मतलब के सथी हैं!! सड़ियल मंत्री ने राजा से कहा। हुआ कुछ खास नहीं ।शराबखानों को लेकर भड़कने वालों की कुछ आपत्ति थी और राजा ने दिल पे ले लिया फैसला कि अब मधुनगर के मधुशालाएँ बंद ।कहते हैं कि लोकतंत्र है लेकिन न किसी पीने वाले से पूछा न पिलाने वाले से ।यह प्राकृतिक न्याय नहीं है। बात को समझने की जरुरत है । चुनाव आ रहे हैं, हमारा सबसे बड़ा मनप्रिय त्यौहार । जिसमें छोटा-बड़ा, आमीर-गरीब, रजा-रंक, मरियल सड़ियल सब एकरंग हो जाते हैं ।नो डिवाइड एंड रूल । सब एक, यानी देश मस्त मजबूत ।सबसे बड़ी दिक्कत ये है कि नेता लोग सुनते नहीं हैं ।माना कि बोलना-चीखना-चिल्लाना टीवी मिडिया और नेतों का काम है लेकिन सुनना समझना भी तो जरुरी है ।एक चुनावी कवि कह गए हैं जात-पात में न बाँट, केवल वोटरों को चाट। जहाँ चुनाव हो वह तो हमारी संस्कृति और उत्सव का बड़ा केंद्र हुआ न। इसे बंद करना सीधे सीधे संस्कृति पर हमला क्यों नहीं माना जाना चाहिए ?! व्यावहारिक रूप से देखें तो अब चुनाव को गुलजार करने कहाँ जायेंगे ?! राजा जानते हैं और मानते भी है कि मयखाने राज्य की राजस्व सुविधा हैं ।तो क्या ये आत्मघाती फैसला नहीं कहा जायेगा ! शराबी अपनी खून पसीने की कमाई का अधिकांश पैसा आपको देता है, अपने बच्चों के हिस्से का दूध-दवाई सरकार की सेहत के लिए नजर कर देता है ... और मौका आने पर वोट भी देता है अलग से ।देखा जाये तो सरकार का सगा पीने वालों से बढ़ कर कौन ! चुनाव के पहले बंदर छाप घटिया दारू बंटवाई जाती है ! लेकिन लोकतंत्र की खातिर सारे सड़ियल कुर्सी-बटन दाब देते हैं ।इस दरियादिली के लिए क्या कहें !! राजा ने समझाया देखो सड़ियल जी, हम समझते हैं आपकी दुविधा ।दारू भी उतनी ही बुरी है जितनी राजनीति । न तुम छोड़ सकते हो न हम ।जितने गाली-जूते तुम्हें पड़ते हैं उतने ही हमें भी ।तुम्हारा हमारा वोट और चोट वाला अटूट रिश्ता है, तुम मोटी चमड़ी हम भी सुपर मोटी चमड़ी। मेरे भाई, मेरे हमदम, मेरे दोस्त थोड़ा भगवान से भी डर यार ।घर जा के पीने की आदत डाल बाकी कहीं बैठने की जगह नहीं मिलेगी।

# 'रिफाइनरी युवाओं को ज्यादा रोजगार उपलब्ध करवाए'

## महिलाओं को भी कम से कम 20 से 30 प्रतिशत रोजगार मुहैया कराना सुनिश्चित करें: महामहिम

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणा** के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बुधवार को पानीपत रिफाइनरी का दौरा कर कहा कि देश की तरक्की में रिफाइनरी का महत्वपूर्ण योगदान है। अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा रिफाइनरी द्वारा प्रदान किया जाता है। रिफाइनरी द्वारा युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करना चाहिए व महिलाओं को भी कम से कम 20 से 30 प्रतिशत रोजगार मुहैया कराना चाहिए।
राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि रिफाइनरी को और ज्यादा ऊंचाईयों तक पहुंचने के लिए युवाओं को कौशल से संबंधित प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि रिफाइनरी संस्थान समग्र विकास के लिए



बड़ी भागीदारी कर रहा है। इस मौके पर महामहिम ने रिफाइनरी परिसर में पौधारोपण किया। रिफाइनरी पहुंचने पर पुलिस की एक टुकड़ी ने उनके सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया।
इस अवसर पर एक लघु फिल्म के माध्यम से रिफाइनरी के अब तक की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में रिफाइनरी के निदेशक शुक्ला मिस्त्री ने महामहिम को शुभांकर भेंट कर सम्मानित किया। रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एम एल धामिया ने रथ की सौगात भेंट कर सम्मानित किया।
महामहिम राज्यपाल ने कहा कि यह बड़ा खुशी का हर्ष है कि रिफाइनरी अपनी सिल्वर जुबली मना रहा है। यह देश ही

**विशेष ध्यान**

» रिफाइनरी सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है

नहीं हरियाणा प्रांत के लिए भी गर्व की बात है। रिफाइनरी की निदेशक शुक्ला मिस्त्री ने सिल्वर जुबली के अवसर पर रिफाइनरी की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रिफाइनरी सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कोविड के दौरान रिफाइनरी का आमजन के लिए विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि 20 करोड़ की लागत से रिफाइनरी काला आम्ब को विकसित करेगा। रिफाइनरी की उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें 2021-22 कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।
रिफाइनरी निदेशक ने इस अवसर पर उन्होंने आने वाले पायलेट प्रोजेक्टों के बारे में भी महामहिम को जानकारी दी। इस मौके पर महामहिम ने रिफाइनरी के कन्ट्रोल रूम का भ्रमण किया व तेल शोध के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम वीरेन्द्र सिंह ढुल, डीएसपी सतीश गौतम, डीएसपी सुरेश सैनी (ट्रैफिक) आदि मौजूद रहे। रिफाइनरी पहुंचने पर उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया व रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट किए गए।

# राष्ट्र प्रेम को समर्पित 'मेरी माटी-मेरा देश अभियान का हुआ आगाज'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आजादी के** अमृत महोत्सव का समापन भव्य रूप से किया जाएगा। इन समापन पलों को यादगार बनाने के लिए देशभर में बुधवार से मेरी माटी मेरा देश राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान आगामी 15 अगस्त तक चलेगा। मेरी माटी मेरा देश अभियान वसुधा-वंदन - शहीदों को नमन थीम के साथ समर्पित रहेगा। डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐतिहासिक धरती पानीपत जिला में मेरी माटी मेरा देश अभियान का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा और जन-जन तक राष्ट्र प्रेम का संदेश पहुंचाया जाएगा। इस अभियान में जिला पानीपत की उल्लेखनीय भूमिका रहेगी। उन्होंने जिलावासियों का आह्वान किया कि समस्त नागरिक इस अभियान में भागीदारी करते हुए अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। अभियान के तहत वसुधा वंदन कार्यक्रम में प्रत्येक पंचायत में कम से कम 75 विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाएगा। सेल्फी अपलोड करने पर मिलेगा डिजिटल सर्टिफिकेट डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत नागरिक पंच प्रण शपथ ले सकते हैं और / & मेरीमाटीमेरादेशडॉटजीओवीडॉटइन पर पंजीकरण कर मिट्टी या दीए के साथ सेल्फी भी अपलोड कर सकते हैं। जिसका डिजिटल सर्टिफिकेट भी डाउनलोड किया जा सकेगा। इसी तरह वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत गांव-गांव स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के स्वजनों, पुलिस से सेवानिवृत व सेना के वेटरन्स को भी देश सेवा में योगदान के लिए कृतज्ञता के भाव के साथ सम्मानित किया जाएगा।

**आम नागरिक ऐसे बनें मेरी माटी-मेरा देश अभियान में भागीदार**

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान शुरू कर दिया गया है, जिसके तहत 15 अगस्त 2023, स्वतंत्रता दिवस तक निर्धारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान के तहत प्रत्येक गांव की मिट्टी को एक नमूने के तौर पर जुटाकर अमृत कलश यात्रा के रूप में दिल्ली लाया जाएगा। आजादी के इस कार्यक्रम के तहत सामूहिक भागीदारी (जन भागीदारी) को प्रोत्साहित करने के लिए, एक वेबसाइट युवाडॉटजीओवीडॉटइन/ & मेरीमाटीमेरादेशडॉटजीओवीडॉटइन लांच की गई है, जहां लोग मिट्टी या मिट्टी का दीपक हाथ में लेकर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। ऐसा करके, वे भारत को एक विकसित देश बनाने, गुलामी की मानसिकता को खत्म करने, हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता बनाए रखने, नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने और राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए पंच प्रण की प्रतिज्ञा ले सकते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### शनिवार को लगेगा जनता विज का दरबार



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का जनता दरबार अगस्त माह के दूसरे शनिवार 12 अगस्त को अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लगेगा। जिसमें गृह मंत्री प्रदेशभर से आए लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। विज का जनता दरबार हर माह के दूसरे और चौथे शनिवार को आयोजित किया जाता है जिसमें दोपहर केवल एक बजे तक पहुंचने वाले फरियादियों की समस्याओं को ही सुना जाएगा।
गौरतलब है कि गृह मंत्री अनिल विज का जनता दरबार प्रदेशभर में प्रचलित है जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में लोग अपनी फरियाद लेकर गृह मंत्री के पास पहुंचते हैं। जनता दरबार में गृह मंत्री अनिल विज मौके पर ही लोगों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के दिशा-निर्देश देते हैं।

### गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** के सिविल अस्पताल में एक नौ माह गर्भवती महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों में मातम छा गया। परिजनों का कहना था कि मृतका सीमा निवासी पेहवा की शादी अम्बाला के देवीनगर के साथ लगते पंजाब के जिला पटियाला के गांव मसीगढ़ निवासी जयसिंह के साथ गत वर्ष हुई थी। गर्भअवस्था के दौरान उसकी तबियत खराब हो गई। जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन आज उसकी मौत हो गई है। आज मौके पर पुलिस पहुंची और मृतका का पोस्टमार्टम करवाया और शव को परिजनों के हवाले कर दिया।

### बाढ़ के पानी से खराब हुई फसलों की गिरदावरी को लेकर सीटीएम को सौंपा ज्ञापन



**पानीपत: यमुना सुधार**
समिति के बैनर तले आज 40 गांव के किसानों की बाढ़ से खराब फसल की गिरदवारी को लेकर यमुना सुधार समिति के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रतन सिंह रावत की अध्यक्षता में आज सीटीएम राजेश सोनी को ज्ञापन सौंपा गया। यमुना सुधार समिति के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रतन सिंह रावत ने बताया कि यमुना के आसपास के करीब 40 गांवों में ज्यादातर जमीन शामलात देह के अंतर्गत आती है और सरकार से बार.बार मांग करने के बावजूद अभी तक भी सरकार ने इस जमीन को किसानों की मलकीयत नहीं बनाई है। किसानों को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।
अब और किसानों ने सरकार से मांग की हैं कि 11 जुलाई को यमुना का तटबंध टूटने से करीब एक दर्जन गांवों के किसानों की हजारों एकड़ फसल में पानी भर गया। जिससे किसानों की कई हजार एकड सब्जियों की फसल तो पूरी तरह से बर्बाद हो गई और धान व ईख की फसल को भी बहुत नुकसान हुआ है। और बाढ़ से फसलें तो बर्बाद हुई है साथ ही बिजली के ट्युबवेलों के कोठे गिर गए, बिजली की मोटर व बोरिंग भी खराब हो गए हैं। बाढ का दंश झेल रहे किसान परेशान हैं उन्हें जल्द से जल्द गिरदावरी करा कर मुआवजा दिलाया जाए। इस मौके पर अमित शर्मा एडवोकेट, कमल त्यागी, प्रवेज रावल, रमन फौर, रविन्द्र रावल, रवि त्यागी, राजकुमार व राजपाल रावल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# नैक ने जारी किया एसडी कॉलेज को ए प्लस व सीजीपीए

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
**सनातन** धर्म कॉलेज, अम्बाला छावनी ने मई 2023 में नैक मूल्यांकन के चौथे साइकिल में ए प्लस ग्रेड के साथ सर्वाधिक सीजीपीए 3.72 प्राप्त किया है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बैंगलूरू द्वारा इसका प्रमाण पत्र जारी किया गया जो कालेज प्राचार्य डॉ राजेन्द्र सिंह ने आज प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने कालेज के सभी सदस्यों को उनकी कड़ी मेहनत की सफलता के लिए श्रेय दिया। उन्होंने कालेज की आन्तरिक



गुणवत्ता सैल के अध्यक्ष डा सुशील कुमार, डा नवीन गुलाटी, डा गिरधर गोपाल व प्रो अमनदीप सहित पूरी टीम को इस अवसर पर बधाई दी और आगे इसी कड़ी निष्ठा के साथ काम करने को प्रेरित किया। इससे पहले छावनी के 107 वर्ष पूर्ण करने वाले महाविद्यालय में न केवल अम्बाला बल्कि पूरे हरियाणा का नाम भारत वर्ष में रौशन किया। कॉलेज को 10 जून 2023 को नैक द्वारा यह उपाधि दी गयी थी।
यह ग्रेड व सीजीपिए हासिल करने वाला यह महाविद्यालय उत्तर भारत में प्रथम व पूरे भारतवर्ष में दूसरा महाविद्यालय बना था। उन्होंने बताया कि नैक द्वारा महाविद्यालय का मूल्यांकन 7 मानदंडों के आधार पर किया जाता है। जिनमें से कॉलेज को प्रथम व चैथे मानदंड में 4 में से 4 अंक मिले और बाकी 5 मानदंडों में 3.14 से 3.9 तक अंक मिले।
इन सभी मानदंडों का कुल सीजीपिए 3.72 अंक प्राप्त हुआ।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम अंबाला में शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** सिख गुरद्वारा मैनेजमेंट कमिटी के अधीन चल रहे गुरु हरकृष्ण साहिब खालसा कॉलेज पंजोखरा साहिब अंबाला में मेरे माटी मेरा देश माटी को नमन वीरों को वंदन के तहत एनएसएस विभाग और नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से कॉलेज में कार्यक्रम करवाया गया। एनएसएस वालंटियर को जिलाधिकारी द्वारा सबसे पहले पंचप्राण शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत 75 पौधारोपण करवाए गए और फिर पंजोखरा गांव के वीरगति प्राप्त करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि दी गई। पंजोखरा साहिब के शहीद वीर हवलदार स्वर्गीय रणजीत सिंह को याद करते हुए, उनकी वीरनारी हरदीप कौर को नेहरू युवा केंद्र और कॉलेज की तरफ से सम्मानित किया गया।

# केजरीवाल की नीतियों का डोर टू डोर प्रचार किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**आम** आदमी पार्टी के गुरपाल सिंह अकबरपुर ने शहजादपुर के गांव बिलासपुर में गांव के लोगों से संपर्क साधा तथा आम आदमी पार्टी का बिजली आंदोलन तथा केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की नीतियों का डोर टू डोर प्रचार भी किया। तथा लोगों को यह बताया जिस प्रकार से पंजाब व दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा हर व्यक्ति को 300 यूनिट बिजली के फ्री किए जा रहे हैं ठीक इसी प्रकार हरियाणा में भी 2024 आम आदमी पार्टी सरकार बनने पर हर व्यक्ति को 300 यूनिट हर महीने फ्री दी जाएगी। किसानों को आज हरियाणा सरकार 8



घंटे की जगह सिर्फ पांच या छे घंटे बिजली दे रही है किसानों को भी पूरा समय इसी प्रकार से बिजली दी जाएगी बिजली आंदोलन को लेकर जनता में बड़ा उत्साह है और जनता का साथ और विश्वास मिल रहा है। जिसको लेकर आम आदमी पार्टी का हर कार्यकर्ता कड़ी मशक्कत कर रहा है इसके साथ इस कार्यक्रम में बलविंदर सिंह डहर अम्बाला लोकसभा संयुक्त सचिव ज्ञान चन्द धीमान ब्लाक अध्यक्ष, नरेश बनौंदी, मास्टर जरनैल सिंह, करनैल, सुनील, देसराज, रोहित धीमान आदि कार्यकर्ता मौजूद होते हैं।

# ब्राहमण महापंचायत परशुराम धर्मशाला में 13 अगस्त को

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया। समस्त ब्राह्मण** महासभा के पानीपत जिला प्रधान राम रतन शर्मा ने कहा कि समाज की एकजुटता के लिये पानीपत शहर में गोहाना रोड स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला में 13 अगस्त को समस्त ब्राह्मण महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पानीपत जिलाभर के ब्राहमण समाज के गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। रामरतन शर्मा निरंतर जिला के विभिन्न ब्लाकों का दौरा करके समाज के लोगों को महापंचायत में पहुंचने का न्यौता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज ब्राहमण समाज को पार्टीबाजी से उपर उठकर व एकजुट होकर समाज के हकों के लिये संघर्ष करने की जरूरत है।

# पानीपत शहर के वार्ड आठ में आप ने बिजली के बिलों की जलाई होली

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।**
**आम** आदमी पार्टी द्वारा चलाये जा रहे बिजली आंदोलन के तहत बुधवार को वार्ड आठ में रमायणी चौक के पास चौपाल में आप के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बिजली के बिलों को लेकर स्थानीय लोगों से जन संवाद किया गया। वहीं जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने पार्टी कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों के साथ मिलकर उपभोक्ताओं को आने वाले भारी भरकम बिजली के बिलों की होली जलाई गई और हरियाणा सरकार के



खिलाफ रोष प्रदर्शन किया गया। राकेश चुघ ने बताया कि आप द्वारा प्रदेश में बिजली आंदोलन चलाया गया, जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को बताया गया कि दिल्ली व पंजाब की आप सरकारों द्वारा लोगों को घरों की फ्री बिजली दी जा रही है जबकि पानीपत सहित हरियाणा में लोगों के भारी भरकम बिल आ रहे है। जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने स्थानीय निवासियों से जन संवाद करते हुए बताया कि हरियाणा में भी 2024 के विधानसभा चुनाव में आप की सरकार बनने पर लोगों को फ्री बिजली दी जाएगी। जिससे एक गरीब व आम जनता को बिजली के बिल भरने की सारी टेंशन खत्म हो जाएगी। इस अवसर पर जोनी चावला, नीलम परनामी,राजकुमार मिगलानी, गोल्डी चावला, पवन गर्ग व स्थानीय व्यक्ति मौजूद रहे।

# पूर्व राष्ट्रपति कोविंद आज करेंगे गुरुकुल का भ्रमण



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) देश के** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द कल गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्राकृतिक कृषि फार्म सहित सभी प्रकल्पों का भ्रमण करेंगे। उनके साथ हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित जी और हिमाचल के राज्यपाल माननीय शिवप्रताप शुक्ला जी भी गुरुकुल में पधार रहे हैं। उक्त जानकारी आज गुरुकुल में एक प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए गुजरात के राज्यपाल एवं गुरुकुल के संरक्षक आचार्य देवव्रत जी ने दी। उन्होंने कहा कि रामनाथ कोविन्द की दिली इच्छा थी गुरुकुल के प्राकृतिक फार्म को देखें और यहां किस प्रकार से प्राकृतिक खेती की जा रही है, इसका साक्षात दर्शन करें। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा के कई बार उनके समक्ष प्राकृतिक खेती की चर्चा से यह विचार उनके मन में आया, अब संयोग बना है तो कल वे कुरुक्षेत्र में गुरुकुल के भ्रमण हेतु आ रहे हैं। प्रेसवार्ता में ओएसडी टू गवर्नर डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार जी, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य जी, गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग जी, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. हरिओम, गुरुकुल के एडमिस्ट्रेटर रामनिवास आर्य भी मौजूद रहे।
एक प्रश्न के जवाब में राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि गुजरात में प्राकृतिक खेती को लेकर किसानों में एक जाग्रति आई है और पिछले एक महीने में ही एक लाख से ज्यादा किसानों ने प्राकृतिक खेती की ट्रेनिंग ली है, ऐसे में उनका लक्ष्य है कि आगामी दो वर्षों में गुजरात को पूर्णरूप से जहरमुक्त बनाया जाए। उन्होंने बताया कि गुजरात में 10-10 ग्रामों का एक कलस्टर बनाकर प्राकृतिक खेती को प्रमोट किया जा रहा है, एक कलस्टर में एक प्राकृतिक कृषि मॉडल बनाया गया है जिससे एक किसान और एक कृषि वैज्ञानिक को जोड़कर वहां के किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्राकृतिक उत्पादों की मार्किटिंग के सवाल पर उन्होंने बताया कि जिला के डीसी और डीडीओ को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे सप्ताह में वीरवार और रविवार को अपने-अपने क्षेत्रों में प्राकृतिक उत्पादों के लिए बाजार स्थापित करें जिससे किसानों को उनके उत्पादों का सही मूल्य मिल सके। वीडियो के माध्यम से पत्रकारों को दिखाया कि किस प्रकार से गुरुकुल के प्राकृतिक कृषि फार्म पर देशी केंचुआ न केवल भूमि को प्राकृतिक जल शोधक बना रहा है।

# हैंडलूम व्यापारियों ने विधायक प्रमोद विज को किया सम्मानित

## विधायक प्रमोद विज ने दिया एसडी कालेज रोड को बनवाने का आश्वासन

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।**
**पानीपत** में एसडी कालेज रोड पर पिछले कई सालों से भरने वाले पानी का समाधान करवाने पर पानीपत हैंडलूम मार्केट एसोसिएशन के सदस्यों ने शहरी विधायक प्रमोद विज का आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन के महासचिव तरूण नागपाल के शोरूम में आयोजित कार्यक्रम में सुखदेव कालड़ा प्रधान, महासचिव तरूण नागपाल, अनिल आनन्द उपप्रधान, अनुज गोयल सचिव, किशोर सन्धुजा कैशियर, अरूण बरेजा सह कैशियर, गौतम दुआ प्रवक्ता व रोहित बरेजा मिडिया प्रभारी, हैंडलूम व्यापारी



राकेश चुघ सहित अन्य हैंडलूम कारोबारी मौजूद रहे। वहीं एसोसिएशन की मांग पर विधायक प्रमोद विज ने एसडी कालेज रोड को भी बनवाने का आश्वासन दिया है और कहा कि हैंडलूम मार्केट में सफाई व्यवस्था का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। बता दे कि एसडी कालेज रोड पर भरने वाले पानी से हैंडलूम बाजारों के दुकानदारों व

**समस्या का हल**

» नाले व सीवरों की अच्छी तरह से सफाई करवाई गई और मार्केट के नाले को एलएनटी के नाले से जुड़वाया गया

ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। विधायक के प्रयासों से नाले व सीवरों की अच्छी तरह से सफाई करवाई गई और मार्केट के नाले को एलएनटी के नाले से जुड़वाया गया ताकि पानी उसमें जाता रहे।

# मिलीभगत के चलते खुलेआम सभी नियमों की उड़ाई धज्जियां

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पिछले कई** साल से चर्चाओं में बने एंजल प्राइम मॉल सेक्टर 11-12 की पार्किंग की जगह पर अवैध तरीके से बैंकट हॉल बनाए जाने के मामले में 2017 से प्रदर्शन होते रहे, तत्कालीन उपायुक्त चंद्रशेखर खरे द्वारा बैंकट हॉल को 2017 में सील करने के आदेश भी दिए गए थे लेकिन राजनीतिक दबाव और सांठगांठ के चलते नोटिस होने के बावजूद इसे सील नहीं किया गया। जिससे त्रस्त होकर शिकायतकर्ता जोगेंद्र स्वामी द्वारा सिविल पिटिशन दायर की गई। वहीं इस मामले 18 दिसंबर 2018 को शहरी संपदा विभाग द्वारा एक झूठा शपथ पत्र कोर्ट में पेश करते हुए कहा है कि जुलाई 2017 को ही एसपीपी ने सेक्टर 11-12 को निगम के हवाले कर दिया था जबकि हुडा विभाग द्वारा यह केवल रखरखाव के लिए ही नगर निगम को दिया गया था इसमें नक्शा पास करना अलॉटमेंट और कंप्लीशन आज भी एचएसवीपी विभाग के ही पास है। कोर्ट को गुमराह करने को लेकर माननीय जस्टिस विनोद एस भारद्वाज ने कठोर संज्ञान लेते हुए संपदा अधिकारी एचएसवीपी को 50 हजार रुपए जुर्माना करने के आदेश जारी करते हुए लीगल सर्विस कमेटी में 4 सप्ताह के अंदर यह राशि जमा करने के आदेश दिए हैं। पिटीशनकर्ता जोगिंद्र स्वामी ने आरोप लगाते हुए कहा कि एंजल प्राइम मॉल में हुड्डा विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के चलते खुलेआम सभी नियमों की धज्जियां उड़ाई गई।

# केजरीवाल ने की कांग्रेस की तारीफ

## 'इंडिया' सांसदों को लिखी चिट्ठी, राहुल को चिट्ठी में लिखा-दशकों तक याद रहेगा, दिल्ली सर्विस बिल का विरोध करने पर धन्यवाद दिया

**आभार**

**संसद और बाहर दिल्ली के अधिकारों की वकालत के लिए आप तारीफ के काबिल है: सीएम केजरीवाल**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**मुख्यमंत्री अरविंद** केजरीवाल ने दिल्ली सर्विस बिल पर आम आदमी पार्टी का समर्थन करने वाले विपक्षी सांसदों को चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने चिट्ठी के जरिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के सांसदों को धन्यवाद दिया। उन्होंने खासकर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और शिबू सोरेन का आभार व्यक्त किया। केजरीवाल ने कहां कि मैं आपका दिल्ली की 2 करोड़ जनता की ओर से धन्यवाद देता हूं। आपने गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली बिल 2023 के खिलाफ वोट दिया है।

### केजरीवाल ने तीनों नेताओं को अलग-अलग खत लिखा

**दिल्ली** की दो करोड़ जनता की तरफ से आभार जताया। उन्होंने लिखा, 'मैं दिल से आपकी सराहना करता हूं क्योंकि आपने दिल्ली के लोगों के सांविधानिक हितों को बचाने के लिए संसद के बाहर और भीतर भरसक प्रयास किए। मुझे उम्मीद है कि संविधान के उसूलों को बचाने की आपकी ये प्रतिबद्धता दशकों तक याद की जाएगी। संविधान को कमजोर करने वालों के खिलाफ चलने वाली लड़ाई में हम आपका सपोर्ट करना जारी रखेंगे।'

संसद और बाहर दिल्ली के अधिकारों की वकालत के लिए आप तारीफ के काबिल है। मुझे विश्वास है कि संविधान के प्रति आपके अटूट विश्वास को दशकों तक याद रखा जाएगा। संविधान के खिलाफ कमजोर करने वाली ताकतों के खिलाफ लड़ाई में लगातार आपसे सहयोग की उम्मीद करता हूं। केजरीवाल ने राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, नितिश कुमार, उद्धव ठाकरे, ममता बनर्जी, शरद पवार, एम के स्टालिन समेत हेमंत सोरेन समेत विपक्ष के अन्य नेताओं को चिट्ठी लिखी है।

**पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को खास धन्यवाद दिया:** बिल पर रात 10 बजे वोटिंग हुई। वोट करने के लिए कांग्रेस की तरफ से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी सदन पहुंचे। खराब तबीयत के चलते वे व्हीलचेयर पर बैठकर आए थे। सीएम केजरीवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी चिट्ठी लिख कर धन्यवाद दिया हैं। उन्होंने चिट्ठी में लिखा कि आप खराब स्वास्थ्य और इतनी उम्र के बावजूद आप राज्यसभा पहुंचे। आपकी मौजूदगी संघीय ढांचे और लोकतंत्र को संरक्षित करने के लिए शांति और दृढ़ विश्वास की कहानी बताती है। 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को चुनौती देने के लिए विपक्षी दलों ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इनक्लूसिव अलायंस बनाई है। इसमें 26 दल शामिल हैं। बिहार के सीएम नीतीश कुमार और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की पहल पर 23 जून को 16 दलों की पटना में बैठक हुई थी। अरविंद केजरीवाल ने तब कहा था कि जब तक कांग्रेस दिल्ली सर्विस बिल पर समर्थन नहीं देगी, तब तक हम गठबंधन में शामिल नहीं होंगे। हालांकि पटना की बैठक में वे आए थे। इसके बाद उन्होंने फिर से कहा कि अगर कांग्रेस ने समर्थन नहीं दिया तो बेंगलुरु की बैठक में नहीं जाएंगे।
16 जुलाई को कांग्रेस के बिल पर आप का समर्थन करने के ऐलान के बाद 17-18 जुलाई को केजरीवाल बेंगलुरु में हुई बैठक में शामिल हुए थे। इस बैठक में 26 दल शामिल हुए थे। यहीं पर इस गठबंधन का नाम इंडिया रखा गया। बेंगलुरु की मीटिंग में सोनिया गांधी भी पहुंची थी।

# टमाटर और अदरक की माला डालकर संसद पहुंचे आप सांसद



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**टमाटर** के बढ़ते दामों ने जनता की कमर तोड़कर रख दी है। इसकी कीमतें आसमान छू रही हैं। महंगाई के प्रति सरकार का ध्यान खींचने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार गुप्ता देश की संसद में टमाटर और अदरक की माला पहनकर पहुंचे। सुशील कुमार गुप्ता ने अपने ट्विटर अकाउंट पर टमाटर और अदरक की माला पहनी अपनी तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने ट्विटर पर कहा, 'संसद से 100 मीटर की दूरी पर भी टमाटर खरीदने के लिए लंबी लाइन लगी है। पिछले कई दिनों से हम संसद में मोदी जी को खोज रहे हैं, लेकिन वो पता नहीं कहां गायब हैं।' आप आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने ट्विटर पर लिखा, तो क्या अब गरीब की महंगाई का मुद्दा सदन में उठाना भी गुनाह हो गया है? भाजपा वाले सोने की माला पहन कर आते है तो आपत्ति नहीं। आप सांसद सुशील कुमार गुप्ता गरीब का सोना 'टमाटर' की माला पहनकर गये तो आपत्ति क्यों? पहले भाजपा वालों की सोने हीरे की माला उतरवाओ। महंगाई का मुद्दा उठायेगी आम आदमी पार्टी। तो क्या अब गरीब की महँगाई का मुद्दा सदन में उठाना भी गुनाह हो गया है? बता दें कि इन दिनों देश के कई हिस्सों में टमाटर 250 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। तो अदरक लगभग 320 रुपये किलो बिक रही है। लोकसभा में चल रहे अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा में शामिल होने बुधवार को आप सांसद सुशील कुमार गुप्ता पहुंचे थे।

# मेट्रो पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस से पहले सुरक्षा की कड़ी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो में यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मेट्रो डीसीपी जी राम गोपाल नाइक ने बताया कि मेट्रो पुलिस ने ऐसी तैयारी की है कि स्वतंत्रता दिवस पर किसी भी मेट्रो स्टेशन को बंद न करना पड़े और भारी भीड़ के बावजूद सेवा सुचारू रूप से चालू रहे। डीसीपी मेट्रो ने कहा कि मेट्रो स्टेशनों पर होने वाले आत्महत्या के मामले न हो इसके लिए दिल्ली मेट्रो ने प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर लगवाए जा रहे हैं। जिन स्टेशन पर ये डोर नहीं हैं उन पर भी प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर लगाने का अनुरोध डीएमआरसी से किया गया है। डीसीपी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के बीच दिल्ली मेट्रो में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। दिल्ली मेट्रो में तैनात करीब एक हजार पुलिसकर्मी हर मेट्रो स्टेशन की सुरक्षा देखेंगे। हमने स्टेशनों पर अधिक सुरक्षा कर्मचारी भी तैनात किए हैं क्योंकि उस दिन केवल मेट्रो सुविधा उपलब्ध होगी। क्योंकि बहुत सारे लोग मेट्रो सुविधा का लाभ उठाएंगे। मेट्रो पुलिस ने सीआईएसएफ और डीएमआरसी समेत अपने सभी हितधारकों के साथ समन्वय किया है। उम्मीद है कि इस साल व्यवस्थाएं अच्छी तरह से बरकरार रहेंगी। सिर्फ मेट्रो पुलिस ही नहीं, हम कुछ बाहरी बल भी लाए हैं और वे दिल्ली पुलिस और सीआईएसएफ के साथ समन्वय में काम करेंगे। डीसीपी के अनुसार सभी स्टेशन समान तरीके से काम करेंगे और कोई भी स्टेशन बंद नहीं किया जाएगा। हालांकि जिन इलाकों में स्वतंत्रता दिवस को लेकर कोई आयोजन होने वाला है, उस इलाके के स्टेशनों पर आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

**व्यवस्था कड़ी**

**मेट्रो स्टेशनों पर होने वाले आत्महत्या के मामले न हो इसके लिए दिल्ली मेट्रो ने प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर लगवाए जा रहे**

# किसान की चाकू मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जाफरपुर कलां के सुरहेड़ा गांव में एक शख्स ने पड़ोसी किसान सुनील (47) की चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। बीच-बचाव को पहुंचे चचेरे भाई राजपाल (58) पर भी चाकू से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। दोनों भाइयों को पास के अस्पताल में ले जाया गया जहां सुनील को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने हत्या और हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी विनोद को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे मृतक पर जादू टोना करवाने का शक था। पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर 12:45 बजे पुलिस को दो लोगों को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली।

# कोई खैरात नहीं: पेंशन अधिकार रैली में हुंकार भरेंगे सरकारी कर्मी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पुरानी** पेंशन नीति बहाल करने की मांग को लेकर देशभर के केंद्रीय व राज्य सरकार के कर्मचारी हुंकार भरेंगे। दिल्ली के रामलीला मैदान में 10 अगस्त को महारैली में शक्ति प्रदर्शन कर सरकार पर दबाव डालेंगे। इस रैली का आह्वान ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन और नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मैन (एनएफआइआर) ने संयुक्त रूप से किया है। दोनों यूनियन ने दावा किया है कि महारैली में एक लाख से अधिक यूनियन के सदस्य पहुंचेंगे। सरकार ने अगर तब भी बात नहीं सुनी तो बड़े स्तर पर हर मंडल व जोन में रेलवे कर्मचारी विरोध-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार से अपनी मांग करेंगे। एनएफआईआर के महामंत्री डॉ. एम रघुवैया ने प्रेस वार्ता में कहा कि पेंशन कोई खैरात नहीं है, बल्कि यह कर्मचारियों का अधिकार है। इसे ले कर रहेंगे। सरकार को हमारी मांगों को माननी होगी, अन्यथा अगामी चुनाव में रेल कर्मचारियों का वोट उसी पार्टी को जाएगी जो पुरानी पेंशन लागू करेंगा। एक जनवरी 2004 के बाद सरकारी सेवा में आये केंद्र व राज्य सरकार के कर्मियों में नई पेंशन योजना के खिलाफ काफी रोष है।
सेवानिवृत्ति के बाद अपने भविष्य को लेकर काफी चिंतित है क्योंकि जो युवा साथी सरकारी सेवा में 2004 के बाद भर्ती हुए है उनको पुरानी पेंशन योजना से वंचित रखा गया है। नई पेंशन योजना उन पर जबरन थोपी गई है, जिससे लाखों कर्मचारियों का भविष्य अंधकार में हो गया है। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के महासचिव बीसी शर्मा ने कहा कि सरकार को हमारी मांगों को केंद्र सरकार अनदेखा नहीं कर सकती। आगामी चुनाव में रेल कर्मचारियों का वोट उसी पार्टी को जाएगा जो पुरानी पेंशन लागू करेगा। पेंशन अधिकार महारैली में केन्द्र, राज्य, रेलवे, शिक्षक, रक्षा, पूर्व अर्ध सैनिक बल एवं अन्य सरकारी कर्मचारी के साथ-साथ अन्य संगठनों के सरकारी कर्मचारी पहुंचेंगे। पुरानी पेंशन नीति एक कर्मचारियों का मूल अधिकार है और ये अधिकार सरकार छीन नही सकती। सरकार अभी भी नही संभली तो भारत बंद के दौरान पूरे देश का संचालन ठप हो जायेगा।

**हल्लाबोल**

**दिल्ली के रामलीला मैदान में 10 अगस्त को महारैली में शक्ति प्रदर्शन कर सरकार पर दबाव डालेंगे**




दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदेश कार्यालय में संगठनात्मक बैठक को संबोधित किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई।

# क्रूर ढंग से हुई थी टिल्लू की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अति** सुरक्षित मानी जाने वाली तिहाड़ जेल में टिल्लू ताजपुरिया की हत्या मामले का आरोपपत्र पटियाला हाउस कोर्ट में दाखिल कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि हत्या क्रूर, शैतानी और निर्दयी तरीके से की गई थी।
एक आरोपी ने टिल्लू पर दो चाकू से वार किए थे। आरोपपत्र में 2 मई 2023 को हुई हत्या की सीसीटीवी फुटेज का हवाला दिया गया है। इसमें छह आरोपी बेरहमी से वारदात को अंजाम देते दिखे हैं।

# वायु प्रदूषण से कोलोरेक्टल और प्रोस्टेट कैंसर का भी खतरा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सूक्ष्म कण** वायु प्रदूषकों (पीएम 2.5) और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ 2) के लगातार संपर्क में रहने से लोगों में फेफड़ों के अलावा अन्य तरह के कैंसर का खतरा भी बढ़ रहा है। हार्वर्ड टीएचके चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन में यह सामने आया है। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि लगातार 10 सालों तक पीम2.5 और एनओ2 के संपर्क में आने से कोलोरेक्टल और प्रोस्टेट कैंसर विकसित होने का खतरा बढ़ रहा है। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि वायु प्रदूषण का कम स्तर भी लोगों में स्तन और एंडोमेट्रियल कैंसर के अलावा, अन्य तरह के कैंसर की बीमारी को बढ़ा रहा है। शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि विशेष तरह के कैंसर के विकास में वायु प्रदूषण बहुत बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। हर आबादी के लिए स्वच्छ हवा की समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए वायु प्रदूषण के प्रभावों को पूरी तरह से परिभाषित करना चाहिए और फिर इसे कम करने की दिशा में काम करना चाहिए। यह अध्ययन एनवायर्नमेंटल एपिडेमियोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन के अनुसार प्रदूषण को फेफड़ों के कैंसर के लिए एक खतरे के रूप में देखा जाता है।

**अध्ययन**

**हार्वर्ड टीएचके चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन में यह सामने आया है**

# आवासीय परियोजना के नाम पर लगाया करोड़ों का चूना



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध** शाखा ने वित्तीय संस्थानों से करोड़ों रुपये का गबन करने के आरोप में जयपुरिया बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दंपती को पुणे से गिरफ्तार किया है। इनपर आरोप है कि वर्ष 2007 में दंपति ने एक आवासीय परियोजना शुरू की। आरोपियों ने एक ही फ्लैट को कई खरीदारों को आवंटित किया और बाद में उसी फ्लैट को अलग-अलग वित्तीय संस्थानों के पास कई बार गिरवी रखकर करोड़ों रुपये का गबन किया। इनके खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा के अलावा बाराखंभा और बदरपुर थाने में भी फर्जीवाड़े का एक मामला दर्ज है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साल 2011 में इंडिया बुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के वेद सिंह धनखड़ ने जयपुरिया बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों के खिलाफ 5.6 करोड़ रुपये का गबन करने का आरोप लगाया।

**फर्जीवाड़ा**

**आरोपियों ने एक ही फ्लैट को कई खरीदारों को आवंटित किया था, आरोपी पुलिस के शिकंजे में**

# यासीन की अदालत में हुई पेशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**टेरर** फंडिंग मामले में दोषी ठहराए गए यासीन मलिक की दिल्ली के कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीओ) के माध्यम से पेशी हुई। गौरतलब है कि सजा संशोधित करने की मांग वाली एनआईए की याचिका पर यह पेशी हुई। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल की अध्यक्षता वाली पीठ के एकत्रित न होने के कारण अदालत ने सुनवाई स्थगित कर दी। अदालत ने छह अगस्त को तिहाड़ जेल प्रशासन के आवेदन पर मलिक को वीसी के माध्यम से पेश करने की अनुमति दी थी। एनआईए ने भारी सुरक्षा मुद्दे का हवाला देते हुए मलिक को तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश करने का निर्देश देने की मांग थी।

**वीओ से..**

**न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल की अध्यक्षता वाली पीठ के एकत्रित न होने के कारण अदालत ने सुनवाई स्थगित कर दी**

# फैक्टरी में आग लगने से मचा हड़कंप, नौ लोग घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मायापुरी में बुधवार को एक फैक्टरी में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की लपटों में झुलसकर दो कांस्टेबल समेत नौ लोग घायल हो गए। घायल कांस्टेबलों का नाम पहचान रणधीर सिंह (46) और विक्रांत बताया जा रहा है। वहीं अन्य घायलों में राकेश, राम निवास संतोष, हरिचंद, विक्रांत, किशन और इंद्रजीत का नाम शामिल है। दिल्ली फायर सर्विसेज (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि मायापुरी चरण- क्क में फैक्ट्री में रात करीब 2.05 बजे आग लगने की सूचना मिली। आग सोफा स्प्रिंग्स वाले पैकिंग बॉक्स में लगी, और एक इमारत के भूतल पर गोंद का एक ड्रम भी फट गया। कुल पांच दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। आग पर दो घंटे में काबू पा लिया गया।

**काबू**

**आग की लपटों में झुलसकर दो कांस्टेबल समेत नौ लोग घायल हो गए, आप पर पाया गया काबू**

**मार डाला** परेशान पति ने गला घोंटकर मार डाला, वारदात को महिला के पति ने दो अन्य स्वजन के साथ मिलकर अंजाम दिया

# 70 हजार में खरीदकर की शादी, बिना बताए घर से भाग जाती थी पत्नी....

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**फतेहपुर** बेरी इलाके में एक महिला का गला घोंटकर जंगल में फेंकने की वारदात सामने आई है। वारदात को महिला के पति ने दो अन्य स्वजन के साथ मिलकर अंजाम दिया है। पुलिस ने मामले में तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर वारदात में इस्तेमाल एक टीएसआर भी बरामद कर लिया है। तीनों आरोपितों की पहचान नांगलोई के धर्मवीर (मृतका का पति) और उसके दो जीजा सत्यवान व छतरपुर के अरुण के रूप में हुई है। वहीं, मृतका की पहचान धर्मवीर की पत्नी स्वीटी के रूप में हुई है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि पांच अगस्त को फतेहपुर बेरी इलाके में झील खुर्द बार्डर के पास एक अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को करीब 30 वर्षीय एक महिला का शव सड़क के किनारे पड़ा मिला। महिला की पहचान नहीं हो सकी।

**खुलासा**

**साले धर्मवीर और साढ़ू के साथ मिलकर स्वीटी की बार्डर के पास गला घोंटकर हत्या कर दी थी**



मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच के दौरान चार अगस्त की रात पुलिस को संदिग्ध हालत में एक टीएसआर दिखाई दिया। पुलिस ने टीएसआर के रूट मैप को ट्रेस कर उसकी पंजीकरण संख्या पता की।
जांच के दौरान टीएसआर चालक छतरपुर के 60 फुटा रोड के गली संख्या आठ निवासी अरुण को गदईपुर बांध रोड से टीएसआर समेत दबोच लिया। उसने महिला के शव की पहचान धर्मवीर की पत्नी स्वीटी के रूप में की और जुर्म कुबूल करते हुए बताया कि उसने अपने साले धर्मवीर (महिला का पति) और नांगलोई के साढ़ू सत्यवान के साथ मिलकर स्वीटी की हरियाणा बार्डर के पास गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

### 70 हजार में एक अज्ञात महिला से खरीदकर की थी शादी

**पकड़े** गए आरोपित ने पुलिस को बताया कि धर्मवीर अपनी पत्नी के व्यवहार से खुश नहीं था क्योंकि वह अक्सर अपने घर से बिना बताए कई महीनों के लिए भाग जाती थी।
पूरे इलाके में कोई भी महिला के मायके के परिवार के बारे में नहीं जानता था क्योंकि धर्मवीर ने इस महिला को एक अज्ञात महिला से 70 हजार रुपए में खरीदा था। इसके बाद मृतका स्वीटी ने भी अपने परिवार के बारे में किसी से कुछ नहीं बताया था।
**बिहार की रहने वाली थी स्वीटी:** उसने केवल इतना बताया था कि वह बिहार के पटना की मूल निवासी है। उक्त परिस्थिति में पुलिस ने हत्या व अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपित अरुण को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही वारदात में इस्तेमाल टीएसआर को भी बरामद कर लिया है।

## न्यूज फ्लैश

### स्वराज ट्रैक्टर्स ने लॉन्च किया 'स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर

**करनाल ।** देश में तेजी से बढ़ते ट्रैक्टर ब्रांड और महिंद्रा समूह के एक हिस्से स्वराज ट्रैक्टर्स ने आज – 'स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर' लॉन्च किया, जो न केवल कम ईंधन खाते हुए सबसे बेहतरीन काम करता है बल्कि ऐसी—ऐसी तकनीकी सुविधाओं से लैस हैं, जो इंडस्ट्री में पहले कभी देखने को नहीं मिली। स्वराज का यह नया शाहकार अपने ब्रांड की ताकत और भरोसे को आगे बढ़ा रहा है। कम से कम नुकसान के साथ अनाज की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए बेहतर कटाई क्षमताओं से लैस स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर प्रति घंटे अधिकतम रकबा देता है। फार्म इक्विपमेंट सेक्टर–एमएंडएम लिमिटेड के प्रेसिडेंट हेमंत सिक्का ने कहा, 'स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर की पेशकश फार्म मशीनरी पर हमारे सोचे—समझे फोकस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वराज 8200 इस क्षेत्र के भीतर तेजी से विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। इस इंटेलीजेंट मशीनरी की शुरूआत कृषि को आधुनिक बनाने और किसानों को नवीनतम तकनीक से सक्षम बनाने के प्रति हमारे अटूट समर्पण का सबूत है।' एमएंडएम लिमिटेड के सीईओ, स्वराज डिवीजन हरीश चव्हाण ने कहा, 'खेती में क्रांति और समृद्ध जीवन के उद्देश्य के अनुरूप स्वराज अधिकतम पैदावार और मुनाफा प्राप्त करने के लिए बेहतर मशीनीकृत समाधानों के साथ किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर ग्राहक केंद्रितता, आधुनिक कृषि पद्धतियों और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है।' 'स्वराज 8200' की उद्योग में पहली विशेषताओं में से एक इसकी बुद्धिमान प्रणाली है, जो मशीन मालिकों को वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करती है, जिसमें लाइव लोकेशन ट्रैकिंग, व्यावसायिक मापदंडों की ट्रैकिंग जैसे एकड़ की कटाई, सड़क के किलोमीटर की यात्रा और ईंधन की खपत शामिल है। यह जानकारी बेहतर निर्णय लेने और परिचालन दक्षता को सुविधाजनक बनाती है। वाहन सर्विस और हेल्थ अलर्ट के अलावा, एडब्ल्यू स्तर संकेतक और इंजन अलर्ट उपकरण मालिकों, किसानों और किराए पर देने वाले उद्यमियों के लिए वास्तविक समय की निगरानी को सक्षम करते हैं, जिससे मशीन का उपयोग और लाभप्रदता अधिकतम हो जाती है। यह डाउनटाइम को कम करते हुए सक्रिय रखरखाव को भी सक्षम बनाता है। 23 एकड़ में फैली कंपनी की अपनी अत्याधुनिक सुविधा में निर्मित, स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर अत्यधिक ईंधन–कुशल, इन–हाउस टीआरईएम–क्ष कंप्लेंट इंजन से भी सुसज्जित है।

मैनेज्ड ट्रेनिंग सर्विसेज में अग्रणी कंपनी एनआईआईटी

### लर्निंग सिस्टम्स लिमिटेड बीएसई/एनएसई पर सूचीबद्ध

**नोएडा।** उत्तरी अमेरिका और यूरोप में फॉर्च्यून 1000 और ग्लोबल 500 निगमों को मैनेज्ड ट्रेनिंग सर्विसेज प्रदान करने वाली कंपनी एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स लिमिटेड (एनआईआईटी एमटीएस) ने बीएसई और एनएसई पर अपनी लिस्टिंग के माध्यम से भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों में पहला कदम रखा। कंपनी ने आज बीएसई में अपना लिस्टिंग समारोह आयोजित किया, जिसमें ट्रेडिंग की शुरूआत के लिए औपचारिक तौर पर घंटी बजाना भी शामिल था। इस महत्वपूर्ण अवसर पर राजेंद्र सिंह पवार (को–फाउंडर एनआईआईटी और चेयरपर्सन, एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स लिमिटेड), विजय के. थडानी (को–फाउंडर एनआईआईटी और वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स लिमिटेड), पी राजेंद्रन (को–फाउंडर और जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, एनआईआईटी लिमिटेड) और सपनेश लल्ला (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओ, एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स लिमिटेड) भी उपस्थित थे। साथ ही, लिस्टिंग समारोह में कंपनी की प्रबंधन टीम, प्रमुख ग्राहक, निवेशक, शुभचिंतक और कर्मचारी भी शामिल हुए। एनआईआईटी एमटीएस एनआईआईटी के कॉरपोरेट लर्निंग बिजनेस (सीएलजी) का संचालन करता है जिसे कम्पोजिट स्कीम ऑफ अरेंजमेंट के अनुमोदन पर एनआईआईटी लिमिटेड से एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स लिमिटेड में अलग कर दिया गया है।

### वालमार्ट फाउंडेशन और फ्लिपकार्ट फाउंडेशन ने कृषि अवशेषों के प्रभावी प्रबंधन के लिए उठाया कदम

**गुरुग्राम।** एस एम सहगल फाउंडेशन ने वालमार्ट फाउंडेशन और फ्लिपकार्ट फाउंडेशन के साथ मिलकर आज कृषि अवशेष के प्रभावी प्रबंधन के लिए पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने और बच्चों एवं युवाओं में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए एक एकीकृत परियोजना को शुरू करने की घोषणा की है। प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर से चण्डीगढ़ मैं साझा की गई । प्रोजेक्ट को वालमार्ट फाउंडेशन एवं फ्लिपकार्ट फाउंडेशन से मिले अनुदान के माध्यम से हरियाणा में क्रियान्वित किया जाएगा। इसका लक्ष्य हरियाणा में फसली अवशेषों को जलाने के कारण प्रदूषण के रूप में होने वाले दुष्प्रभाव को कम करना है। मिट्टी के स्वास्थ्य, मानव कल्याण और पर्यावरण पर फसल अवशेष जलाने के हानिकारक प्रभावों को देखते हुए वॉलमार्ट फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना का लक्ष्य 100 गांवों के 15,000 किसानों को सीधे लाभान्वित करना है।

# 16 अगस्त को उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला आएंगे नारनौल

## आधा दर्जन गांवों के लोगों से होंगे रुबरु, किया जायेगा भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। प्रदेश के** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 16 अगस्त को नारनौल विधानसभा के आधा दर्जन गांवों का दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों एवं ग्रामीण सभाओं में भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए जेजेपी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इस दौरे को सफल बनाने के लिए सोमवार को सिंघाना रोड स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में नारनौल



हलके के पदाधिकारियों व कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें दौरे की जिम्मेवारियां बांटी गई। मीटिंग की अध्यक्षता करते जिला डा. मनीष शर्मा ने कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का दक्षिणी हरियाणा से विशेष लगाव है और वह यहां की लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने के लिए बार-बार दौरे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 16 अगस्त को दुष्यंत चौटाला करीब आधा दर्जन जगहों पर जाएंगे। इस दौरान वह सामाजिक कार्यक्रमों एवं ग्रामीण सभाओं में भाग लेंगे। पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने कहा कि जननायक जनता पार्टी का ग्राफ प्रदेश ही नहीं, देश के कई राज्यों में तेजी से बढ़ रहा है और निष्ठावान कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों में विश्वास रखते हुए जुड़ रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 16 अगस्त को ढाणी बाठोठा युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट की ओर से रक्तदान कैंप और ग्राम पंचायत की तरफ से ग्रामीण सभा आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार शोभापुर, डोहर कलां, हुडीना, मंडलाना व डेरोली अहीर में भी उपमुख्यमंत्री ग्रामीण सभाओं में भाग लेंगे।

## मेरी माटी–मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया पौधारोपण



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) नेहरू** युवा केन्द्र कुरुक्षेत्र द्वारा मेरी माटी–मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी खंडों के विभिन्न गांवों में किया गया। इस कार्यक्रम के तहत गांव में स्वतंत्रता सेनानी, शहीदों प्रख्यात व्यक्तित्व के स्मरण में विभिन्न गांवों में औषधि एवं फलदार पौधो का पौधारोपण किया गया। इसके साथ–साथ वीरों को नमन करते हुए अमृत काल के पंच प्रण की शपथ दिलवाई गई। उक्त कार्यक्रम का आयोजन 9 से 15 अगस्त 2023 तक ग्राम स्तर पर, 16 से 20 अगस्त 2023 तक खंड स्तर पर, 16 से 25 अगस्त तक राज्य स्तर पर तथा 29 और 30 अगस्त 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला की सभी पंचायतों में स्वैच्छिक आधार पर ग्राम पंचायत के सहयोग से किया जाना है। नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित करवाए गए इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में नेहरू युवा केंद्र की लेखा एवं कार्यक्रम सुपरवाइजर कांता देवी, युवा एवं खेल विकास मंडल उदारसी की कोषाध्यक्ष विजेता सैनी, इरादा से राजपाल पांचाल, अमित शर्मा, सरजंत सिंह, दीपक योगी, कपिल व ग्रामीणों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## 'महिलाओं का मान बढ़ाने में डिप्टी सीएम कोई कसर नहीं छोड़ रहे'

**टीम एकपानीपत, कमाल हुसैन**

**जजपा** जिला प्रैस प्रवक्ता जयदेव नौल्था ने बताया हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश की महिलाओं को एक बार फिर राहत दी है। महिलाओं को राशन डिपो में 33 फीसदी हिस्सा दिलाने का चुनावी वायदा पूरा करते हुए आवेदन की तिथि सात अगस्त को बढ़ाते हुए 14 अगस्त शाम पांच बजे तक कर दी है। इसका लाभ पानीपत जिला की इच्छुक आवेदकर्ता महिलाओं को भी मिलेगा। इसके लिए यहां की महिलाओं ने डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का आभार व्यक्त किया है। जजपा प्रवक्ता जयदेव नौल्था ने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के पास है। उनके इस विभाग में राशन डिपो में 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं को देने का ऐलान पिछले दिनों किया गया था।

डिप्टी सीएम ने बढाया महिलाओं का मान : गीता पलड़ी जेजेपी की जिला महिला अध्यक्ष गीता पलड़ी का कहना है कि प्रदेश में महिलाओं का मान बढ़ाने में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला कोई कसर नहीं छोड़ रहे। पहले पंचायती राज में पुरूषों के बराबर महिलाओं को हक दिलाया। अब राशन डिपो में 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं को देकर उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाने का काम किया है। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर होगी, जिसका लाभ भविष्य में उनकी संतान परिवार को मिलेगा। गीता पलड़ी ने बताया कि राशन डिपो में 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं को मिला है जिसकी आवेदन की पहले तिथि सात अगस्त थी। महिलाओं द्वारा मांग करने पर उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने इसे बढ़ाकर 14 अगस्त शाम पांच बजे तक कर दी है। इच्छुक महिलाएं आवेदन जरूर करें।

## नये सत्र की आम सभा और इंडेक्सेशन प्रोग्राम धूमधाम से संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय नारनौल में नये सत्र में विधार्थियों की आम सभा और इंडेक्सेशन प्रोग्राम (प्रेरण - कार्यक्रम)आज दिनांक 9 जुलाई को महाविद्यालय के मल्टीपरपज हाल में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर जिन नये विधार्थियों ने महाविद्यालय में नये सत्र 2023-24 में दाखिला लिया है उन्हें महाविद्यालय सम्बंधित शैक्षणिक और सांस्कृतिक, और खेल कूद , रोजगार उन्मुक्त सम्बंधित गतिविधियों के और महाविद्यालय में स्थित सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सोसायटी की जानकारी उनसे संबंधित सभी प्रकोष्ठ कार्य प्रभारियों द्वारा विधार्थियों को विस्तार से बताया गया।

## दुष्यंत चौटाला भी रेहड़ी–फड़ी वालों को नहीं दे सके जगह

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला** शहर में बस स्टैण्ड के नजदीक रेहड़ी फड़ी लगाने का मामला डिप्टी सीएम के दरबार में भी जा पहुंचा लेकिन वहां पर भी कोई हल निकलता हुआ नजर नहीं आ रहा। अब यह मामला सीएम के दरबार में जाने की संभावना है। वहीं एक ओर जहां जजपा पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक ललाना रेहड़ी फड़ी वालों के समर्थन में धरने पर बैठे हैं तो वहीं प्रशासन अभी तक रेहड़ी फड़ी वालों के लिए कोई उचित स्थान खोज नहीं सका है।

**सहमति नहीं**

**▶▶ विवेक रेहड़ी फड़ी वालों के समर्थन में धरने पर बैठे हैं तो वहीं प्रशासन रेहड़ी फड़ी वालों के लिए उचित स्थान खोज नहीं सका है**

शहर में रेहड़ी फड़ी वालों के लिए जगह तलाशने के लिए गत दिवस डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने डीसी नगर निगम कमिश्नर और फड़ी संचालकों के साथ प्रदर्शन कर रहे विवेक चौधरी की मीटिंग बुलाई। मीटिंग में फड़ी वालों के लिए जगह चयन का कोई विकल्प नहीं निकल सका। मीटिंग में डिप्टी सीएम ने अधिकारियों से जगह को लेकर बातचीत की। कमिश्नर ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश हैं कि बस स्टैंड को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। उसी के तहत कार्रवाई की गई। जबकि विवेक चौधरी ने कहा कि रेहड़ी फड़ी वालों के लिए पहले जमीन का चयन बस स्टैंड के साथ जो जोहड़ की जगह है उस पर किया गया था। बाद में यहां पार्किंग की व्यवस्था करने की बात कही और पार्किंग के लिए रोडवेज ने टेंडर निकाल दिया। मीटिंग में बस स्टैंड को बाहर निकालने की बात रखी गई ताकि शहर में ट्रैफिक जाम न हो। वहां रेहड़ी फड़ी मार्केट के साथ.साथ पार्किंग बनाई जा सके। इस विकल्प पर कोई सहमति नहीं बनी।

## छात्र–छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**आई.बी.** स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बी.एस.सी एवं बी.सी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यतः विद्यार्थियों को महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों, संरचनाओ व पाठ्यक्रम से अवगत कराने के लिये आयोजित किया जाता है। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष सत्र के आरम्भ में आयोजित किया जाता है, जो विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करता है। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों की सम्बंधित प्राध्यापकों से जानकारी प्राप्त की। इसके



अलावा महाविद्यालय में आयोजित किए जाने वाले परीक्षा सम्बंधित और शिक्षणेत्तर कार्यकलापों से सम्बंधित जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गयी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग जी ने किया और उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने महाविद्यालय में आए सभी विद्यार्थियों को नैतिक व संस्कारिक मूल्य आधारित शिक्षा को जीवन में अपनाने के बारे में कहा और महाविद्यालय की तरफ से विद्यार्थियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले तीन वर्षों में आप अपने पुरुषार्थ से अपनी मंजिल निर्धारित कर सकते हैं। इस अवसर पर उप-प्राचार्या प्रो. रंजना शर्मा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के अनुशासन के बारे में बहुत सी बातें विस्तार से बताई और महाविद्यालय में आने वाले प्रत्येक छात्र छात्रा को महाविद्यालय की आचार-संहिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सुनित शर्मा ने परीक्षा नियंत्रक के तौर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा से संबंधित मापदंडों से विद्यार्थियों का परिचय करवाया। महाविद्यालय की समय सारणी को डॉ. विक्रम कुमार ने विद्यार्थियों के सम्मुख विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया। लाइब्रेरी महाविद्यालय का बहुत महत्वपूर्ण अंग है और लाइब्रेरी में मौजूद पुस्तकों एवं सुविधाओं के बारे में विद्यार्थियों को डॉ. प्रवीण ने विस्तार से बताया । प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस इकाई की संयोजिका डॉ. अर्पणा गर्ग ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में आने वाली कंपनियों और पिछले सालों की प्लेसमेंट्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट राजेश ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की एन.सी. सी इकाई के बारे में अवगत कराया।

## जिले में मनाया गया पुलिस उपस्थिति दिवस

**सोनीपतः पुलिस** महानिदेशक हरियाणा के आदेश अनुसार व पुलिस आयुक्त सोनीपत बी. सतीश बालन आई.पी.एस के निर्देशानुसार जिला सोनीपत की पुलिस ने बुधवार को पुलिस उपस्थिति दिवस मनाया। जिला के सभी थाना प्रबंधक ने अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल गश्त निकाली। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की ओर से गश्त की गई। इसके तहत मुख्य मार्गों, गलियों, बाजारों व अन्य भीड़-भाड़ वाले महत्तवपूर्ण स्थानों पर पुलिस की पैदल गस्त टीमें निकली। जिससे लोग खुद को सुरक्षित समझे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बाजारों में भीड़ अधिक होती है। इसलिए ही पुलिस प्रेजेंस डे मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस उनके बीच में है। विशेषकर कमजोर वर्ग खुद को असुरक्षित न समझे तथा अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखकर अपराधिक घटनाओं पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाना है। उच्च अधिकारियों ने सभी पुलिस टीमों को निर्देश दिए कि पुलिस उपस्थित दिवस पर अपने क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों में गस्त करेंगे, बिना नंबर प्लेट के वाहनों और हुल्लडबाजी करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करेंगे तथा सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त करवाने के लिए और सड़क/रास्ते की ओर नए कैमरे लगवाने के लिए संस्थाओं, दुकानों और आमजन को मिलेंगें। पुलिस टीमों ने सुबह 9:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गश्त की। थाना शहर सोनीपत क्षेत्र में थाना प्रभारी देवेन्द्र सिँह के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने पैदल गश्त की। इसके तहत पुलिस टीमें कालुपुर चुंगी से ककरोई चौक, श्नि मंदिर चौक से छोटुराम चौक, महलाना रोङ, वैस्ट रामनगर, आर्यनगर, गोहाना रोङ बाईपास चौक तक पैदल गश्त की गई।

## वांछित अपराधी किया गिरफ्तार

**सोनीपतः जिले के** थाना सैक्टर 27 सोनीपत की पुलिस ने दो अलग–अलग अभियोगों में वांछित एक ही उद्घोषित अपराधी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पवित्र पुत्र राजेश वासी रायपुर सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि थाना सैक्टर 27 सोनीपत में नियुक्त मुख्य सिपाही विक्रम ने अपनी पुलिस टीम के साथ पी0ओ0, बेलजम्परों व पैरोलजम्परों की खोजबीन करते हुये वर्ष 2014 में थाना सदर सोनीपत में दर्ज एक लुट व वर्ष 2012 में थाना सदर सोनीपत में दर्ज एक चोरी की घटना में संलिप्त उक्त आरोपी को न्यायालय द्वारा 2017 व 2018 में उदघोषित अपराधी घोषित कर थाना सैक्टर 27 सोनीपत में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमा में आरोपी उदघोषित अपराधी पवित्र पुत्र राजेश वासी रायपुर सोनीपत को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

## सर्व कर्मचारी संघ ने डीसी ऑफिस में 24 घंटे के लिए डाला पड़ाव

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) केंद्रीय** ट्रेड यूनियंस व कर्मचारी फेडरेशनों के आह्वान पर अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन के ऐतिहासिक दिवस पर आज डीसी ऑफस में 24 घण्टे का महापड़ाव शुरू किया गया है। जिसके चलते आज सर्वकर्मचारियों ने डीसी को ज्ञापन सौंपा और कर्मचारियों की मांगो को जल्द से जल्द पूरा करे। विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश सरकार की श्रमिक व कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ अनाज मंडी से प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त कार्यलय पर पहुंचे। प्रदर्शन में



बड़ी संख्या में आशा वर्कर्स ने भी भाग लिया जो 8-से 10 अगस्त तक हड़ताल पर है।

महापड़ाव की मुख्य मांगो में लेबर कोड रद्द कर श्रम कानूनों को सख्ती से लागू करने। न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए लागू करने। सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण पर रोक। कौशल रोजगार निगम को भंग करने। परियोजना कर्मियों आशा व मिड-डे-मील वर्कर्स सहित सभी कच्चे कर्मचारियों की सेवाएं पक्की करने। सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों व वर्कलोड अनुसार नए पद बनाकर पक्की भर्ती कर बेरोजगारों को नोकरी देने। ठेका प्रथा खत्म कर समान काम समान वेतन लागू करने। श्रमिको के लिए बने निर्माण बोर्ड में पंजीकरण व सुविधाओ के लिए परिवार पहचान पत्र व अन्य अनाप-शनाप लगाई गई शर्तो को खत्म किया जाए। सभी को सार्वजनिक शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त उपलब्ध करवाई जाए। मनरेगा में कम से कम 200 दिन काम व 600 रु दिहाड़ी की जाए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत किया जाए। सभी जरूरत की चीजें सस्ती दरों पर उपलब्ध करवाई जाए।

## विद्यार्थियों-आमजन को साइबर अपराधों के बारें में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**

**पानीपत पुलिस** अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा बुधवार को साइबर राहगीरी कार्यक्रम के तहत कॉलेज में विद्यार्थियों को व फैक्टरियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर आमजन को साइबर अपराध व साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारें में जानकारी देकर जागरूक किया । इस दौरान साइबर जागरूकता की जानकारी से अंकित 200 पंपलेट भी पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा वितरित किये गए। जिला में साइबर क्राइम कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डीएसपी श्री सतीश गौतम ने बताया कि तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से ठगी के नए-नए तरिके सामने आ रहे हैं। खुद को ठगों से बचाने के लिए सबसे जरूरी जागरूकता व सतर्कता है। किसी भी अज्ञात नंबर से प्राप्त हुए लिंक को ना खोले और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ईमेल इत्यादि पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करे। सहायता करने के नाम पर यदि कोई बैंक, बिजली निगम, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर इत्यादी किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर आपसे कोई जानकारी मांगता है तो अपनी कोई भी जानकारी ना दें। साइबर ठगों के



निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है। फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। जागरूकता ही साइबर अपराध से बचने का बेहतर उपाय है। अपने संगे संबंधि व साथियों को भी जानकारी देकर जागरूक करें।

साइबर अपराध का शिकार होने पर यहां करें शिकायत;

इन तमाम सावधानियों के बावजूद अगर आप साइबर अपराध के शिकार हो जाते हैं। तो तत्काल साइबर क्राइम हेल्प लाईन नंबर 1930 पर कॉल करें या साइबर पोर्टल वेबसाईट पर तुरंत अपनी शिकायत दर्ज करवाएं, ताकि समय रहते साइबर फ्रॉड करने वाले अकाउंट को ब्लॉक करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि इसके अलावा आप किसी नजदीकी पुलिस स्टेशन में जाकर साइबर हेल्प डेस्क की भी मदद ले सकते है ताकि आप साइबर फ्रॉड से बच सकें ।

पानीपत आठ मरला चौक, देवी मंदीर चौक, एंजल माल के पास, टोल प्लाजा के नजदीक, रेलवे स्टेशन परिसर में, समालखा फ्लाई ओवर पुल के नीचे, सनौली में बस स्टैंड पर, सेक्टर 13/17 मार्केट, इसराना में मांडी चौक, बोहली चौक, बापौली में बस स्टेंड पर, सेक्टर 29 व पुराना औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरियों में आमजन को जागरूक करने के साथ ही देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज सेक्टर 18, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाल बत्ती चौक में छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम की जानकारी देकर जागरूक किया ।

## बिजली कर्मचारियों ने जमकर किया सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा** कर्मचारी महासंघ के बैनर तले आज तीसरे दिन भी सब यूनिट नंबर दो वे गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन किया गया। आज की गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट नंबर 2 में चेयरमैन केदारनाथ ने की। अध्यक्ष ने अपने भाषण में बताया कि दोषियों के खिलाफ एफआइआर हुए 1 महीना हो गया है लेकिन अभी तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि अगर पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है तो यूनियन सख्त फैसला लेते हुए इस संघर्ष को और तेज करने का काम



करेगी, इस विरोध प्रदर्शन के कारण अगर कोई औद्योगिक अशांति या बिजली बाधित होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी एसएचओ सदर थाना और उच्च अधिकारियों की होगी। और के विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से यूनिट में उपप्रधान जसविंदर भाई , यूनिट में सह सचिव पूनम राठी , सब यूनिट प्रधान भाई बलवंत यादव , सचिव गुरमीत सिंह, कैसियर प्रमोद कुमार , संगठन करता हरिद्वार , सह सचिव विकास चंद्र, उप प्रधान रोशन लाल, खुशी राम , तरसेम हरजीत गुरविंदर प्रदीप आदि सभी कर्मचारी साथियों ने और मातृशक्ति ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# गंदगी में जीने को मजबूर हैं ज्वालापुरी वार्ड के लोग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नांगलोई** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्ड नंबर-45 की सफाई व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। कई मोहल्लों में लंबे समय से सफाई नहीं हो रही है, तो कुछ स्थानों पर सीवरों की सफाई करने के बाद गाद सड़कों पर ही छोड़ दी जाती है। दोनों ही स्थितियों में समस्या मोहल्ले के लोगों को झेलनी पड़ रही है।





अगर लोगों की मानें तो उनके अनुसार बार-बार शिकायत के बाद भी न तो संबधित अधिकारियों ने इस ओर ध्यान दिया, न ही स्थानीय निगम पार्षद ने कोई सुनवाई की। यही कारण है कि समस्या जस की तस बनी हुई हैं।
आपकी जानकारी के लिए बतादें कि ज्वालापुरी स्थित डीडीए पार्क के आस पास निगम की लापरवाही की वजह से खत्ता बन गया हैं, चूंकि कई बार निगम के सफाई कर्मचारी भी यहां पर रेहडी भरकर कूडा डाल कर चले जाते हैं, जिसकी वजह से और अधिक गंदगी फैल जाती हैं। इस मामले में लोगों ने कई बार स्थानीय पार्षद से भी शिकायत की हैं, बावजूद इसके समस्या का कोई निदान नहीं किया गया हैं।
**आवारा पशुओं का भी मंडराता हैं खतरा:** गौरतलब है कि कूड़े-करकट की वजह से मच्छर भी पनपने लगे हैं जिससे कि खतरनाक बिमारी भी फैलने का डर अधिक बढ़ गया हैं। तो वहीं आवारा पशुओं का भी जमावड़ा लगा रहता है। जब यहां पर आवारा पशुओं की संख्या अधिक हो जाती है, तो यह आवारा पशु कूड़े में मुहं मारकर पूरे रोड़ पर कचरा फैला देते हैं। इतना ही नहीं कभी-कभी यह पशु लड़ते-लड़ते सड़क के बीचों-बीच आ जाते हैं, तो उस समय आसपास के लोगों में डर का माहौल बन जाता है, और कई बार इसी चक्कर में पैदल चलने वाले व बाइक वालें चोटिल भी हुए हैं।
**क्या कहते हैं लोग:** वंदना विहार के निवासी राजू ने बताया की गंदगी सड़क पर फैलने से लोगों का घरों से भी निकलना दूभर हो गया है, जहां देखो बस गंदगी ही गंदगी नज़र आती हैं। तो वहीं स्थानीय निवासी दयाराम बंसीवाल का कहना हैं कि कालोनी में सफाईकर्मी नहीं आ रहे हैं। तो वहीं टींकू साहू ने बताया कि लंबे समय से ज्वालापुरी स्थित डीडीए ग्राउंड के सामने कूड़ा डाले जाने से खत्ता बन गया है। निगम अधिकारियों और हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन समाधान नहीं हुआ। लोगों ने स्थानीय पार्षद संतोष छिलवाल पर नज़र अंदाज करने का आरोप लगाते हुए कहा हैं कि पार्षद साहिबा चुनाव के बाद से ही क्षेत्र से नदारद चल रही हैं।
**क्या कहती है स्थानीय पार्षद:** मामले में स्थानीय निगम पार्षद संतोष पप्पू छिलवाल का कहना है कि अभी एक माह का समय लगेगा, क्योंकि उस स्थान पर कंपेक्टर लगाना है।

# 'सत्रह साल बाद भी नहीं हुआ एक युवक का काम'

## निगम जोन में बिना सिफारिश नहीं होता हैं किसी का काम: संगीता चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**तीनों एमसीडी** भले ही एक हो गई हो, भले ही नगर निगम में भाजपा से बदलकर आम आदमी पार्टी की सरकार काबिज़ हो गई हैं, लेकिन एक चीज़ फिर भी नहीं बदली, वो हैं लोगों का काम करने की बजाए परेशान करके इधर-उधर भगाने की आदत, यह कहना हैं जियो खुशहाल ह्यूमन राईट्स एनजीओ की संस्थापक व चैयरमेन संगीता चौधरी का। समाजसेविका संगीता चौधरी ने बताया कि किसी को अपना जन्म प्रमाण पत्र बनवाना हो या फिर मृत्यु प्रमाण पत्र, या फिर



विकलांगता के आधार पर तहबाज़ारी समेत ऐसे कई काम होते हैं जो निगम ज़ोन में किया जाता हैं, लेकिन जोन में ऐसे काम सभी रूके पड़े हैं और लोगों को परेशान करके इधर उधर भगाया जाता हैं।
**सत्रह साल बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ काम:** संगीता चौधरी ने बताया कि लालचंद नामक युवक मेरे पास आया था जो कि शारीरिक रूप से विकलांग है तथा पिछले सत्रह सालों से विकलांगता के आधार पर तहबाज़ारी पाने के लिए संबंधित रोहिणी ज़ोन के साथ-साथ निगम मुख्यालय में भी लिखित में कई बार शिकायत भी दे चुका हैं। बावजूद इसके आज तक धक्के खा रहा हैं। ऐसे कई लोग हैं जो कि सालों से अपना काम करवाने के लिए निगम जोन के कार्यालयों की धूल फांक रहे है।
**सालों से कर रही हैं समाज सेवा:** संगीता बताती हैं कि जो आनंद लोगों कि निःस्वार्थ भाव से सेवा करने में आता हैं, वह आनंद दुनिया की किसी भी खुशी के आगे फिका हैं।
वहीं संगीता चौधरी का कहना हैं कि मैं लगभग दस साल से समाज सेविका के रूप में काम कर रही हूं और जब तक मेरे शरीर में प्रांण रहेंगे तब तक मैं समाज सेविका के रूप में लोगों की सेवा करती रहूंगी, क्योंकि नर सेवा ही तो नारायण सेवा के समान हैं।

# संत नगर वार्डः विधानसभा सचिव ने सुनी समस्याएं

## जनता की जो भी समस्याएं है उनका समाधान होगा: जय प्रकाश यादव




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वार्ड** नम्बर-9 (संत नगर वार्ड) कार्यालय पर वार्ड के विभिन्न कॉलोनियों से पानी की शिकायत लेकर आये लोगों की शिकायत सुनीं गई। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि व बुराड़ी विधानसभा आम आदमी पार्टी के सचिव जयप्रकाश यादव ने बताई। श्री यादव ने बताया कि पार्षद रूबी रावत द्वारा सूचना मिलने पर वार्ड कार्यालय पर प्रदेश यूथ संघठन मंत्री धमेन्द्र रावत धामू के साथ लोगों की समस्याओं को सुना गया। विधानसभा सचिव जय प्रकाश यादव ने बताया कि विधायक संजीव झा के नेतृत्व में संबधित अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं का निवारण किया गया। उन्होंने आगे बताया कि विधायक क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहे है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।

# आदिवासी दिवस पर कांग्रेस ने आदिवासी गौरव दिवस सम्मेलन का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर आजादी के लिए शहीद हुए क्रांतिकारियों को नमन करते हुए आज ऐतिहासिक चांदनी चौक, टाउन हॉल के नजदीक राष्ट्रीय झंडा फहराया। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त उन क्रांतिकारियों को याद करने का दिन है, देश को आजादी दिलाने के लिए शहीद हुए थे। उन्होंने कहा कि अगस्त क्रांति दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी का बयान कि भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण भारत छोड़ो पूरी तरह से देशवासियों को सिर्फ गुमराह करने वाला है। क्योंकि भाजपा ने 9 वर्षों में तुष्टीकरण की राजनीति कर, सरकार में भ्रष्टाचार को चरम पर पहुंचा दिया है। देश की पूंजी निजी लोगों के हाथां में



सौंप दी है और भाजपा नेता वंशवाद की एक नई पीढ़ी तैयार कर रहे है। उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन की जमीनी स्तर पर शुरूआत आज ही के दिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बॉम्बे अधिवेशन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने की थी, जिसमें करो या मरो का नारा दिया। इसके पश्चात ही लाखों देश वासियों ने अंग्रेजों को देश से निकालने का प्रण लिया था। ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार के अलावा पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार हारुन यूसूफ, पूर्व विधायक चौधरी मतीन अहमद, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक कुंवर करण सिंह और अल्का लांबा, वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता डा. नरेश कुमार, अभाक कमेटी के पूर्व सचिव तरुण कुमार, पूर्व निगम पार्षद प्रेरणा सिंह, योगेश जैन और शिवराम सिंह, सहित सेवादल, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस व एनएसयूआई के कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग भी मुख्य रुप से शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन चांदनी चौक जिला कांग्रेस अध्यक्ष मिर्जा जावेद अली ने किया। 9 अगस्त अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी गौरव महासभा का आयोजन किया गया। जिसमें आदिवासी समुदाय के विचारकों, शिक्षाविदों, छात्रों व कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी द्वारा आदिवासियों के विकास के लिए किए गए।

# मेरी मिट्टी मेरा देश को लेकर डीएम ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जिस** प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मेरी मिट्टी मेरा देश को लेकर ऐलान किया है। उसको लेकर जोर शोर से तैयारियां शुरू हो गई है। सेंटर डिस्ट्रिक्ट डीएम सोनिका सिंह ने मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम अरविंद राणा सहित अनेक अधिकारियों के साथ साथ विभिन्न संस्थाओं के लोग भी उपस्थित थे।
इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, महासचिव सतपाल सिंह मंगा फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर से सदर बाजार को पूरी तरह तिरंगा से



सजाया जाएगा और 14 अगस्त को 12 टूटी चौक से लेकर कुतुब रोड़ तक तिरंगा मार्च निकालकर मेरी मिट्टी मेरा देश के तहत सभी व्यापारी मिट्टी और तिरंगा को लेकर यह मार्च को सफल बनाइए।
इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा वह फेस्टा के अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया कि सदर बाजार के विभिन्न मार्केट में झंडा सलामी के कई जगह कार्यक्रम होंगे।



वजीरपुर वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके डबल स्टोरी भारत नगर में सौंदर्यीकरण का कार्य करवाते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

# पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने किया क्षेत्र का दौरा, सुनीं समस्याएं





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्लीं**
**वार्ड-18 जहांगीर** पुरी के आई और जे ब्लॉक जहांगीर पुरी में सीवर ओवरफ्लो की समस्या को लेकर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने जल बोर्ड के जेई कपिल ऐई अंकित गुप्ता और जेई करुणेश के साथ मीटिंग की। पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने बताया कि विधायक अजेश यादव के निर्देश पर एक नया पम्प सीवेज पंप, मेट्रो स्टेशन के पास लगवा दिया जाएगा और एक पंप जे ब्लॉक पर लगवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि पूरी उम्मीद है जल्द सीवर ओवरफ्लो की समस्या का समाधान होगा और इस समस्या से जनता को राहत मिलेगी। निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने जे 1700 और जे 1200 वाला पार्क में निरीक्षण किया और अपनी उपस्थिति में सफाई भी करवाई। निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने जहांगीर पुरी और भलस्वा डेरी कार्यालय पर लोगों की समस्याओ को सुनकर उनका समाधान किया। इस मौके पर सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा, अनुज सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिला करावल नगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर हुई महत्वपूर्ण बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गत वर्ष राजस्थान** के उदयपुर संकल्प शिविर में कांग्रेस द्वारा की गई मंत्रणाओं को कांग्रेस पूरी तरह से धरातल पर उतारने में लगी हुई प्रतीत होती है। वर्तमान में पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूती देने के लिए जिला करावल नगर कांग्रेस कार्यालय पर एक अति महत्वपूर्ण बैठक रखी गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र बघेल इंचार्ज उत्तरी पूर्वी लोकसभा, हर्ष चौधरी कोर्डिनेटर करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी, अली मेहंदी उपाध्यक्ष, करावल नगर जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज और एस पी सिंह, प्रमोद त्यागी, अरविंद सिंह, खुशनुद, जावेद मौजूद रहे। इन सभी ने अपने सम्बोधन में बताया कि परिसीमन कमेटी द्वारा कांग्रेस





को बूथ स्तर पर मजबूती देने के लिए ब्लॉक अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष के बीच मजबूत टीम स्थापित करते हुए 2 मंडल अध्यक्ष और सेक्टर अध्यक्ष बनाए जायेंगे और उनकी एक मजबूत टीम बनाकर आम लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागृत किया जाएगा ताकि ना सिर्फ लोकतंत्रीय ढांचा मजबूत हो सके बल्कि आमजन को यह भी पता चले कि मौजूदा सरकारों द्वारा उनके हितों का किस तरह से दुरुपयोग किया जा रहा है। नारी सुरक्षा, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और भ्रष्टाचार के नाम पर वोट लेकर सरकार बनाने वाले लोग आज नारी सुरक्षा के नाम पर एक शब्द नहीं बोल पा रहे हैं, महंगाई अपने चरम पर है। स्वाथ्य सेवाओं का बिखरा स्तर कोरोना काल में देश ने देख ही लिया था। रोजगार के नाम पर बात करें तो सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के नए डेटा के मुताबिक जॉब ना मिलने से निराश 45 करोड़ लोग रोजगार तलाशना बंद कर चुके हैं। आज युवाओं को धर्म संप्रदाय के नाम पर भड़का कर नफरत के बीज बोने का काम किया जा रहा है और अगर कोई सरकार के खिलाफ आवाज उठाता है तो अलोकतांत्रिक तरीके अपना कर उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। लेकिन कांग्रेस पार्टी देश की एकता अखंडता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और रहेगी। इस अवसर पर सतीश त्यागी, खेमचंद सैनी, तपन झा, कपूर सिंह सिसोदिया, सुजीत कुमार, गौरव शर्मा, कौशिक चंदन चौबे, कुलदीप सीपीएस रावत, विजय नारायण तिवारी, राम प्रकाश झा, देविंदर शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, सुखबीर सिंह, नरेश पाल, रामबिलास शर्मा, राकेश ठाकुर, शैलेन्द्र चौधरी, रामनिवास यादव, मदनलाल शर्मा, सतीश दीक्षित, गायक अवधेश शर्मा, हारून भाई, डॉक्टर इफ चौधरी, नेत्र पाल, विनोद कुमार, अशोक भसीन, मुकेश पाल मौजूद रहे।

# मेरी माटी-मेरा देश अभियान का हुआ आगाज : डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त विक्रम सिंह की देख-रेख में आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी माटी, मेरा देश अभियान कार्यक्रमों के तहत आज गांव हीरापुर सहित आठ गावों में कार्यक्रम आयोजित किये गये। जहां इस अवसर पर शहीद जय भगवान शर्मा को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर देशभर में आगामी नौ अगस्त से 14 अगस्त तक मेरी माटी-मेरा देश अभियान चलाया गया है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत राष्ट्रीयता की भावना को और अधिक प्रबल करने के लिए विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं विगत वर्ष की भांति 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलेगा, जिसमें सभी घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक इकाइयों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी कार्यालयों पर तिरंगा फहराया जाएगा। मेरी माटी-मेरा देश अभियान में सामाजिक व धार्मिक संगठनों, औद्योगिक संगठनों, आरडब्ल्यूए संगठनों का सहयोग सीएसआर के जरिये लिया जा रहा है । इस अभियान में स्कूल, कॉलेज सहित सभी शिक्षण संस्थानों के अलावा ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद, नगर पालिका, नगर परिषद व नगर निगम के जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भागीदारी की जा रही है । डीसी विक्रम सिंह ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मेरी माटी-मेरा देश अभियान में उत्साह एवं उमंग के साथ शामिल हों। इस अभियान को केवल सरकारी अभियान न मानकर एक सामाजिक पर्व के रूप में लें। इस अभियान में संबंधित विभागों के अलावा सामाजिक व धार्मिक संगठन, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह,



महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल विभाग, पुलिस विभाग, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, नेहरू युवा केंद्र के सदस्य बढ़-चढकर भाग ले रहे हैं। ताकि हरियाणा प्रदेश का नाम मेरी माटी-मेरा देश अभियान में अव्वल स्थान पर आए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस अभियान से संबंधित आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की फोटो व विडियो इस अभियान की वेबसाइट पर ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के जरिये अपडेट रखें। जिला परिषद की सीईओ आशिमा सांगवान ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर मेरी माटी-मेरा देश अभियान राष्ट्रीय स्तर पर सभी प्रांतो व प्रदेशों में चलाया जा रहा है। वहीं अन्य प्रदेशों की तरह हरियाणा प्रदेश में भी इस अभियान के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक स्तर पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । उन्होंने बताया कि जिला फरीदाबाद के प्रत्येक गांव की मिट्टी कलश के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर लाई जाएगी और इसके बाद प्रत्येक गांव और शहरों तथा कस्बो की वार्ड वाइज मिट्टी का कुछ अंश लेकर उसको एक कलश में डाला जाएगा और फिर ब्लॉक स्तर के मिट्टी के कलश दिल्ली भिजवाए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि अभियान के दौरान स्कूल, कॉलेजों, अन्य शैक्षणिक संस्थानों, गांवों तथा शहरी क्षेत्रों में पंच प्रण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें राष्ट्रीयता की भावना को मजबूत करने के लिए विद्यार्थियों को शपथ दिलाई जा रही है। इसी क्रम में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रत्येक गांवों, कस्बों तथा शहरों के वार्डों में 75-75 पौधे लगाए जाएंगे। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्र सेनानियों व देश के लिए शहादत देने वाले ज्ञात, अज्ञात शहीदों को नमन किया जा रहा है और उनके परिजनों को सम्मानित किया जा रहा है। आशिमा सांगवान ने आगे बताया कि गौरव पट्टो की तरह ही गांवों व शहरों में शिलाफलकम बनाए जा रहे हैं , जिन पर देश के लिए कुर्बानी देने वालो के नाम अंकित किए जा रहे हैं। ताकि इन से युवा पीढ़ी प्रेरणा ले सकें। उन्होंने आगे बताया कि पिछले साल की तरह ही हर घर तिरंगा अभियान चलेगा, जिसमें आगामी 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराया जाएगा। ताकि युवा पीढ़ी के लिए आजादी का अमृत महोत्सव एक यादगार अभियान बने। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के मौके पर धीरज कौशिक ने बताया कि आज आजादी के अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश के तहत 75 पौधे लगाए गए हैं और यह मुहिम लगातार जारी रहेगी जिससे लोगों को स्वस्थ सांसे लौटाई जा सके। भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करने वाले विभाग नेहरू युवा केन्द्र संगठन के दिशानिर्देशानुसार जज्बा फाउंडेशन व युवा सेवा संगठन के द्वारा ग्राम पंचायत हीरापुर में किया गया। युवा सेवा संगठन प्रकृति की हरियाली के लिए लगातार कार्यरत है, जो हमेशा पौधारोपण जैसे कार्यक्रम का आयोजन करता रहता है। आज आजादी के अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश के तहत 75 पौधे लगाए गए हैं और यह मुहिम लगातार जारी रहेगी जिससे लोगों को स्वस्थ सांसे लौटाई जा सके। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों के तहत गांवों के रिटायर्ड फौजियों को सम्मानित किया गया व उनके हाथ से पौधारोपण भी कराया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रोग्राम में गांव के बुजुर्गों व रिटायर्ड फौजियों ने शिरकत की।

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन चोरी करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने मोटरसाइकिल सहित किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच उंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम शीतलप्रकाश उर्फ अजय है। आरोपी फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से एसआरएस मॉल सेक्टर-12 के पास से चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी को थाना मुजेसर के वाहन चोरी के मामले में काबू किया आरोपी से चोरी के एक अन्य मामले का खुलासा हुआ है। आरोपी से पूछताछ में 2 मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी ने पहले भी एनआईटी एरिया में चोरी की वारदातो को अंजाम दे रखा है आरोपी से पहले भी 5 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की जा चुकी है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में हुई सबडिविजनल टास्क फोर्स की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार गर्भवती महिलाओं की प्रभावी ट्रेकिंग एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दें। एसडीएम त्रिलोक चंद आज बुधवार को टास्क फोर्स की बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत होने वाली स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली जन जागरूकता गतिविधिओं की समीक्षा कर रहे थे। एसडीएम सबडिविजनल टास्क फोर्स समिति की बैठक की अध्यक्षता कर बैठक जुड़े विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मान सिंह को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों के खिलाफ नियमानुसार उचित कार्यवाही करें और पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारी मिल कर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करें। अवैध लिंग जांच में लिप्त अपराधियों को पकड़ने के लिए जन सामान्य की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुखबिर योजना लागू की गई है, इसके अंतर्गत गुप्त तरीके से इस कार्य में लगे लोगों की सूचना देकर रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक मुखबिर, एक मिथ्या ग्राहक, और एक सहायक की टीम मिलकर योजना बनाकर कार्य करती है। एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि वे गर्भवती महिलाओं की प्रभावी ट्रेकिंग एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की ओर विशेष कार्य योजना तैयार कर इस क्षेत्र में नवाचार करें। अवैध लिंग जांच व पीएनडीटी नियमों की उलंधना करने वालें सैन्टरों के खिलाफ जिला में सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। सभी सैन्टरों को पीएनडीटी एक्ट के अनुसार सारी हिदायतें पूरी करनी होंगी। पीएनडीटी एक्ट के अनुसार नए अल्ट्रासाउंड खोले जा सकते हैं और पुराने अल्ट्रासाउंड का नवीनीकरण किया जा सकता है। बैठक में एसएमओ डॉ मान सिंह, डॉ टीसी गिडवाल, डॉ मंजू श्योराण, शिक्षा विभाग की सोनिया सहित बैठक से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### हीरापुर गांव में शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ शुरू हुआ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। आजादी के अमृत महोत्सव मेरी माटी, मेरा देश के तहत आज गांव हीरापुर में शहीद जय भगवान शर्मा को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ साथ अमृत वाटिका में 75 पौधों लगाए गए । यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करने वाले विभाग नेहरू युवा केन्द्र संगठन के दिशा निर्देश अनुसार जज्बा फाउंडेशन व युवा सेवा संगठन के द्वारा ग्राम पंचायत हीरापुर में किया गया। युवा सेवा संगठन प्रकृति की हरियाली के लिए लगातार कार्यरत है जो हमेशा पौधारोपण जैसे कार्यक्रम का आयोजन करता रहता है इस मौके पर धीरज कौशिक ने बताया कि आज आजादी के अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश के तहत 75 पौधे लगाए गए हैं और यह मुहिम लगातार जारी रहेगी जिससे लोगों को स्वस्थ सांसे लौटाई जा सके।

## वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गाल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश ,एसीपी तिगांव के मार्ग दर्शन में व एसएचओ सदर महेंद्र पाठक के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी आईएमटी इंचार्ज विरेन्द्र सिंह की टीम ने चोरी करने वाले 2 आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में विक्की और अंकित का नाम शामिल है। दोनो आरोपी बल्लबगढ़ के गांव दयालपुर का रहने वाले है। पुलिस टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से आईएमटी मोहना रोड से मोटरसाइकिल सहित काबू किया है।

## स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस अलर्ट

**कड़े इंतजाम**

▸▸ओयो, गेस्ट हाउस ,होटल, धर्मशाला इत्यादि जगह पर की जा रही है चेकिंग



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। पुलिस आयुक्त श्री विकास कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कड़े इंतजाम करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वाड की टीम के द्वारा फरीदाबाद में प्रतिदिन महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों को चैक किया जा रहा है। जिसमें मैट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन, मार्किट, मॉल, पार्क इत्यादि शामिल है। स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए तीनों जोन में नियुक्त सुरक्षा एजेन्ट, आई.बी.व सी.आई.डी कर्मचारियों के साथ मिलकर संबंधित जोन/थानावार चैकिंग करेंगे व आपसी तालमेल बनाए रखेंगे ताकि स्वतंत्रता दिवस उत्सव शान्तिपूर्वक सम्पन्न हो सके। नियुक्त टीमों के द्वारा शहर के मॉल, सिनेमा हॉल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मेट्रो स्टेशन, बाजार, होटल्स, गेस्ट हाउस, ओयो ,धर्मशाला, साइबर कैफे, किसी भी कंपनी के सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाली दुकानदारों, और साईबर कैफे पर पुलिस टीम द्वारा आने जाने वाले आगंतुक के रजिस्ट्रर चेक करेगे। सभी अपने सीसीटीवी कैमरा के रिकॉर्ड को कम से कम 30 दिन तक बरकरार रखेंगे।

कई बार लोगो के द्वारा नया/पुराना मोबाइल बेचने/खरीदने वाले व्यक्ति का पूर्ण विवरण (नाम, पता, फोन नम्बर) व पहचान सम्बन्धित दस्तावेज लें रहे या नहीं को चैक करेगें गठित टीम की गई है। साथी ही पुराने वाहन मोटरसाइकिल/कार बेचने वाले डीलर प्रत्येक ग्राहक के बारे में अच्छे से जानकारी प्राप्त करें और उसी को ही वाहन बेचे जिसके पास खुद की ओरिजिनल आईडी हो और सही पता हो। इसके अलावा पुलिस आयुक्त ने संदिग्ध वाहनों की निरंतर चेकिंग और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।पुलिस की आमजन से अपील यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति का बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, होटल व ढाबा, धर्मशाला, गेस्ट हाउस में ठहरने का पता चलता है तो इसकी सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन/चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम को तुरंत दे और इसके अलावा कहा कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व भीड़-भाड़ वाली जगहों पर कोई लावारिस वस्तु दिखाई देती है तो उसे न छुए क्योंकि इसमें कोई बम या विस्फोटक पदार्थ हो सकता है।

## पुलिस थाना कोतवाली प्रभारी की टीम ने नंबर-1 मार्केट में चलाया सर्च अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए आज बम डिस्पोजल टीम द्वारा थाना कोतवाली पुलिस टीम के साथ मिलकर एनआईटी बस स्टैंड व नंबर-1 मार्केट में सर्च अभियान चलाया जिसमे बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बारे में बताया गया। इस अभियान में पुलिस कोतवाली प्रभारी रामबीर की टीम के साथ बम डिस्पोजल में तैनात एस.आई करण सिंह की टीम ने हिस्सा लिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बम निरोधक दस्ता पुलिस टीम के साथ मिलकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार सर्च अभियान चला रही है। सुरक्षा को दुरुस्त करने के लिए बम निरोधक दस्ते 24 घंटे पुलिस लाइन में तैनात रहते है। बम या विस्फोटक पदार्थ आदि के संबंध में अगर कोई सूचना मिलती है तो बम निरोधक दस्ता तुरंत मौके पर पहुंचेगा तथा कार्रवाई करेगा।




## कर्मयोगी डॉ सुभाष जैन का 83 वाँ जन्मदिन मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।

विगत 30 वर्षों से अधिक समय से जन-जन को निशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा प्रदान कर दिव्य स्वास्थ्य का वरदान देने वाले डॉ सुभाष जैन जी का 83 वाँ जन्मदिन श्रद्धा, सेवा व उत्साह से मनाया गया। सुबह आराध्य धाम जिनालय में प्रभु जी का अभिषेक, शांति धारा व विधान अनुष्ठान में भाग लेकर उन्होंने दिगम्बर जैन आचार्य श्री अरुण सागर जी का आशीर्वाद लिया. उपस्थित सभी जनों के भंडारे की व्यवस्था भी की गयी।

## जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर तपेदिक के मरीजों को किया गया विशेष पोषाहार वितरण



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित अन्नदान- महादान मुहिम के तहत श्री विक्रम सिंह उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के मार्गदर्शन में रेड क्रॉस भवन सेक्टर 12 फरीदाबाद में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर तपेदिक के 100 मरीजों को विशेष पोषाहार वितरण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेडक्रॉस जिला सचिव बिजेंद्र सोरोत ने बताया कि शहर की सामाजिक संगठनों के सहयोग से यह कार्य निरंतर सुचारू रूप से किया जा रहा है।सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस डी एम बड़खल पंकज सेतिया तथा विशिष्ट अतिथि आरडब्ल्यूए सेक्टर 15 के प्रधान नीरज चावला ने रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रांगण में पौधारोपण किया तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित मुहिम को बहुत ही सार्थक बताते हुए तपेदिक के रोगियों से अपील करते हुए कहा कि तपेदिक रोग लाइलाज नहीं है यदि इसकी पूरी दवाइयों का सेवन पूर्ण रूप से किया जाए। उन्होने कहा कि तपेदिक के लक्षणों की पहचान करके तत्काल प्रभाव से इलाज बेहद जरूरी है। इस स्थिति में जरूरी ये है कि आप इलाज के साथ अपनी डाइट भी सही करें। जैसे कि खाने में फल और सब्जियों को शामिल करें जो कि आपको अंदर से सेहतमंद रखें और शरीर की ताकत बढ़ाए ! उन्होंने कहा कि अपने मन की स्थिति को यदि हम मजबूत करते हैं तो हम जल्दी स्वस्थ हो सकते हैं। सभी को इसका शपथ पाठ कराया गया।

विशिष्ट अतिथि नीरज चावला ने तपेदिक रोगियों के कल्याण हेतु जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी का सपना है कि वर्ष 2025 तक टी बी को जड़ खत्म करना है तथा इस दिशा मे सभी को सामूहिक प्रयास करना जरूरी है इस अवसर पर उन्होंने आश्वासन दिया। तपेदिक रोगियों के कल्याण हेतु हर समय सम्भव मदद हेतु तैयार है।

## सेल्फी अपलोड करने पर ले सकते हैं डिजिटल सर्टिफिकेटः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार 75वें आजादी के अमृत महोत्सव समापन अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान राष्ट्र प्रेम को समर्पित है। सेल्फी अपलोड करने पर डिजिटल सर्टिफिकेट ले सकते हैं। डीसी ने कहा राष्ट्र प्रेम को ह्यमेरी माटी-मेरा देशह्व अभियान समर्पित है। इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान में अपने अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं। डीसी विक्रम सिंह ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि वेबसाइट पर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं, सेल्फी अपलोड करने पर डिजिटल सर्टिफिकेट मिलेगा।



डीसी यह जानकारी देते हुए बताया की देशभर में आज बुधवार 9 से 15 अगस्त तक मेरी माटी-मेरा देश अभियान चलेगा, वहीं आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला के हर घर, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सरकारी आवासों, पंचायती राज संस्थानों, शिक्षण व चिकित्सा संस्थानों तथा औद्योगिक इकाईयों पर भी तिरंगा फहराया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान से हर नागरिक को जोड़ने के लिए सभी एनजीओ, व्यापार मंडल, रेडक्रास, नेहरू युवा केंद्र, सामाजिक, धार्मिक व स्वयंसेवी संस्थाओं को सहयोग लेकर इसे जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है । उन्होंने कहा कि देश को शहीदों व वीरों के अमूल्य बलिदान के बाद आजादी मिली है, जिसके लिए हर भारतीय में गर्व की भावना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान में समाज के हर वर्ग को शामिल किया जा रहा है । तिरंगा अभियान में युवा वर्ग की अधिक बॉक्स सेल्फी अपलोड करने पर मिलेगा डिजिटल सर्टिफिकेट मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत नागरिक पंच प्रण लें। सामूहिक भागीदारी (जन भागीदारी) को प्रोत्साहित करने के लिए, एक वेबसाइट युवा.जीओवी.इन (ँ३३स्र२://८४५ॅ.ङ्म५.ल्ल/) तथा मेरीमाटीमेरादेश.जीओवी.इन (ँ३३स्र२://ी१ं३ी१ीर२ँ.ङ्म५.ल्ल/) लांच की गई है, जहां लोग मिट्टी या मिट्टी का दीपक हाथ में लेकर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। ऐसा करके, वे भारत को एक विकसित देश बनाने, गुलामी की मानसिकता को खत्म करने, हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता बनाए रखने, नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने और राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए पंच प्रण की प्रतिज्ञा ले सकते हैं।

# फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में कोरोना महामारी के समय बंद की गयी ट्रेनों का पुनः हो आवागमनःकेंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बुधवार को केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मिलकर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के रेल यात्रियों की मांगों के लिए मांगपत्र भेंट किया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से उन्होंने मांग रखी की कोरोना वैश्विक महामारी की रोकथाम के दिशा-निर्देशों के चलते कुछ दैनिक रेलगाड़ियों को बंद कर दिया था। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और कोरोना योद्धाओं के सतत प्रयासों से भारत ने इस महामारी पर वर्तमान में काबू पा लिया है और जन-जीवन फिर से सामान्य हो गया है। केंद्रीय रेल मंत्री के सामने रखी गई मुख्य मांगों में दिल्ली-भोपाल शताब्दी और वंदे भारत रेल संख्या (20172) हजरत निजामुद्दीन से रानी कमलापति (हबीबगंज) ट्रेन का ठहराव फरीदाबाद स्टेशन पर करवाने की मांग भी शामिल है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बहुत संख्या में स्कूल-कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र, दैनिक मजदूरी करने वाले श्रमिक वेतनभोगी, सरकारी और प्राइवेट नौकरी पेशा कर्मचारी, व्यापारी व अन्य यात्रीगण कई कारणों से दिल्ली आते-जाते रहते है। यहां रेल गाड़ियों का परिचालन सही ढंग से न होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरे वाहनों से यात्रा करने पर इनकी यात्रा काफी खर्चिली हो गई है और दैनिक यात्रियों को दिल्ली आने-जाने में काफी समय भी लगता है। उन्होंने कहा कि कम ट्रेनों के ही चलने के कारण और



यात्रियों की अधिकता के चलते यात्री अपने जीवन को खतरे में डालकर ट्रेनों में सफर कर रहे हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की रीढ़ मानी जाने वाली ई.एम.यू. रेलगाड़ियाँ जो पहले की तुलना में बहुत कम चल रही है, उनको पुनः चालू किया जाए। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र का प्रमुख शहर फरीदाबाद, जिसे एशिया का मैनचेस्टर कहा जाता है, एक प्रमुख औद्योगिक शहर होने के साथ-साथ स्मार्ट सिटी भी है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के सामने रखी ये मागे

- दिल्ली-भोपाल शताब्दी का ठहराव फरीदाबाद स्टेशन पर कराया जाए।
- वंदे भारत रेल संख्या (20172) हजरत निजामुद्दीन से रानी कमलापति (हबीबगंज) का ठहराव फरीदाबाद स्टेशन पर कराया जाए।
- क्षेत्र की जनसंख्या को देखते हुए वर्तमान में चलने वाली सभी ई.एम.यू. गाडियों में यात्री डिब्बों के संख्या बढ़ाकर 20 डिब्बे किए जाए।
- पलवल, बल्लभगढ़, फरीदाबाद व आसपास की विशाल जनसंख्या वाले इस रूट पर कोई मेल/ एक्सप्रेस की नई सुविधा देहरादून एक्सप्रेस (19019/20) का ठहराव पलवल, बल्लभगढ़ स्टेशन पर खत्म कर दिया है, तूफान एक्सप्रेस (13008/13007) व जनता एक्सप्रेस (19024/23) अभी तक पुनः चालू नहीं किया गया है।
- स्थानीय लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलगाड़ी संख्या 12963/64 सेवाड़ एक्सप्रेस तथा 19019/20 को इन ट्रेनों के टाइम पर ठहराव दोनों दिशाओं में पलवल, बल्लभगढ में यात्री सुविधा (ढं२शल्लीँ१ ओल्ल३८ ) ग्राउंड पर किया जाए।
- ई. एम.यू संख्या 64167 सुबह 03.50 बजे नई दिल्ली से अलीगढ तक जाती थी तथा यह गाड़ी वापस अलीगढ़ से नई दिल्ली रात्री 21.30 पर पलवल के लिए रवाना होती थीं। यह गाड़ी आवश्यक रूप से चलाई जाए। इस ट्रेन की मदद से पलवल व आसपास के एरिया के लोग शताब्दी व अन्य गाडियाँ दिल्ली जाकर पकड़ते हैं। रात को नई दिल्ली से पलवल के लिए 19.00 बजे के बाद 0.00 बजे तक कोई ई.एम.यू. नहीं है, इससे अलीगढ़ वाली गाड़ी दोनों तरफ चलाने की मांग की।- इसके अलावा ई.एम.यू. 64075 सुबह 7.15 पर पलवल से रवाना होती थी उसको पुनः चालू करवाना अत्यंत आवश्यक है
- सुबह कोसी वाली ई.एम.यू. जो 8.48 बजे पलवल से नई दिल्ली के लिए चलती थी, को चालू करवाया जाए,
- शाम को ई.एम.यू. 64061 व वापस आने वाली ई.एम.यू. पलवल से चलती थी, को पुनः चालू करवाया जाए,
- ई.एम.यू. 64953 जो शाम को 1933 पर पलवल से चलती थी, को पुनः चालू करवाया जाए।

# भारत का फिर से विभाजन नहीं होने देंगे: योगी

## आजादी के अमृत महोत्सव ने हमें एक नये भारत का दर्शन कराया है : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मेरी माटी, मेरा देश**

**हमें ऐसा भारत बनाना है जिसमें किसी भी नागरिक के साथ जाति, मत और मजहब के आधार पर भेदभाव न हो: सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने काकोरी रेल एक्शन की 98वीं वर्षगांठ के अवसर पर बुधवार को शिलाफलकम (शीलापट्ट) का अनावरण कर मेरी माटी, मेरा देश अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने महान क्रांतिकारियों, अमर शहीदों, भारत की सीमा की रक्षा करने वाले वीर जवानों और आंतरिक सुरक्षा को बेहतर बनाने वाले जवानों को नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव ने हमें एक नये भारत का दर्शन कराया है। हमें ऐसा भारत बनाना है जिसमें किसी भी नागरिक के साथ जाति, मत और मजहब के आधार पर भेदभाव न हो। उन्होंने लोगों से संकल्पित होकर शहीद स्थलों पर सेल्फी लेने और उसे अपलोड करने का आह्वान करते हुए कहा कि तिरंगा हमारी आन और बान का प्रतीक है। इसके लिए प्रत्येक नागरिक अपने घर पर तिरंगा लहराएं।






**अपने नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन न करने वाले राष्ट्र के साथ धोखा दे रहे:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि माता भूमि पुत्रोऽहं पृथिव्या भारत और सनातन धर्म का संदेश है। यानी यह धरती हमारी मां है और हम उसके पुत्र हैं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से 13 से 15 अगस्त तक अपनी जगह पर खड़े होकर माटी का वंदन और वीरों का नमन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त 1947 की तिथि भारत के विभाजन की त्रासदी का दिन था। हम भारत का फिर से विभाजन नहीं होने देंगे। एक भारत श्रेष्ठ भारत का संकल्प हर नागरिक को लेना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को अपने नागरिक कर्तव्य का निर्वाहन करना चाहिए। शिक्षक को अध्यापन, छात्रों को अध्ययन, सामाजिक कार्यकर्ता को समाज के उत्थान और प्रशासनिक कार्य में लगे लोगों को अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाना होगा। जो भी लोग अपने नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं वह राष्ट्र के साथ धोखा कर रहे हैं।

### शिलाफलम के माध्यम से पंच प्रण से जुड़ेगा प्रदेश

अंतरराष्ट्रीय जनजाति दिवस पर बिरसा मुंडा जैसे क्रांतिकारियों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अनेक ऐतिहासिक घटनाओं के लिए आज का दिन भारत के इतिहास में स्मरण किया जाता है। भारत की आजादी में हमारे जनजातीय समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आज का भारत अपनी विरासत पर गर्व की अनुभूति करता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से मेरी माटी, मेरा देश अभियान के साथ जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगर निकाय शिलाफलकम के माध्यम से पंच प्रण के जुड़ेंगे।

### भारत मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रहा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि भले ही हम आजादी के उत्सव को न देख पाए हों लेकिन हम सौभाग्यशाली हैं कि आज जब भारत अपनी आजादी का 75वां वर्ष मना रहा है तब उस महोत्सव के हम सहभागी हैं, उससे जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस ब्रिटेन ने हम पर दो सौ वर्षों तक शासन किया उसको पछाड़कर हम दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के 20 बड़े देश जो जी-20 के रूप में जाने जाते हैं, जिनमें दुनिया की 65 प्रतिशत आबादी रहती है और जिसका दुनिया की 80 प्रतिशत जीडीपी पर अधिकार है।

**फास्ट न्यूज**

## केरल राज्य का नाम 'केरलम' करने का प्रस्ताव पारित

टीम एक्शन इंडिया/तिरुवनंतपुरम
केरल विधानसभा ने बुधवार को एकमत होकर प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार से राज्य का नाम केरल के स्थान पर केरलम किए जाने का अनुमोदन किया है। संविधान और सभी आधिकारिक रिकॉर्ड में केरलम नाम किए जाने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने विधानसभा में पेश किया। विधेयक को पेश करते समय मुख्यमंत्री विजयन ने कहा कि मलयालम भाषा के आधार पर राज्य का गठन हुआ है। मलयालम में केरल को हम केरलम कहते हैं लेकिन संविधान में राज्य का नाम केरल है।
उन्होंने आगे कहा कि यह विधानसभा एकमत होकर केन्द्र सरकार से अनुशंसा करती है कि वह तुरंत संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत राज्य का नाम केरलम करे। साथ ही हम यह भी मांग करते हैं कि संविधान की आठवीं अनुसूची में दर्ज सभी भाषाओं में राज्य का नाम केरलम किया जाना चाहिए।

## गांव भूंगारका के सरपंच राजेंद्र प्रसाद निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** गांव भुगारका के सरपंच राजेंद्र प्रसाद को जिला उपायुक्त महेंद्रगढ़ नारनौल ने पत्र क्रमांक नंबर 2462-64 के तहत 9 अगस्त 2023 को निलंबित कर दिया है। नांगल चौधरी के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को प्रेषित पत्र में उपायुक्त ने आदेश दिया है कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नांगल चौधरी द्वारा उनके पत्र क्रमांक 1180 दिनांक 24 जुलाई 2023 द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर सरपंच ग्राम पंचायत भुगारका के विरुद्ध आरोप थे कि सरपंच ग्राम पंचायत भुगारका के विरुद्ध एफ आई आर नंबर 199 दिनांक 20 अगस्त 2023 दर्ज होने व दिनांक 20 जुलाई 2023 को गिरफ्तार कर आईपीसी की धारा 148, 149, 307, 323 व सेक्शन 25 आर्म्स एक्ट 1959 के तहत धाराएं लगाई गई हैं । इसके अतिरिक्त धारा 307 गंभीर प्रवृत्ति की है जो नैतिक अधमता की श्रेणी में आती है । उक्त सरपंच ग्राम पंचायत भुगारका को श्री अमनदीप जेएमआईसी नारनौल द्वारा अपने आदेश दिनांक 20 जुलाई 2023 द्वारा 3 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया तथा आदेश 22 जुलाई 2023 द्वारा 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है । खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नांगल चौधरी द्वारा भेजी गई रिपोर्ट संबंधित न्यायालय द्वारा दिए गए आदेशों के अनुरूप सरपंच के विरुद्ध आरोपों की गंभीरता को देखते हुए अब उनका लगातार सरपंच पद पर बने रहना जनहित में बना रहना जनहित में ठीक नहीं है। इसलिए मैं मोनिका गुप्ता जिला महेंद्रगढ़ नारनौल हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51(1) मैं निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए आरोपों के की गंभीरता से प्राप्त रिपोर्ट के मद्देनजर आगामी आदेशों तक ग्राम पंचायत के सरपंच पद से राजेंद्र प्रसाद को जनहित निलंबित किया जाता है तथा उसे निर्देश दिया जाता है कि उसके पास चल अचल संपत्ति है।

## सेबी ने आईपीओ के नियमों में किया बदलाव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों और निर्गम जारी करने वालों के लाभ के लिए अहम कदम उठाया है। सेबी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बंद होने के बाद शेयर बाजारों में शेयरों के सूचीबद्ध होने की समय-सीमा घटाकर तीन दिन कर दी है, जो फिलहाल छह दिन है।
बाजार नियामक ने बुधवार को जारी एक परिपत्र में कहा कि सार्वजनिक निर्गम के बंद होने के बाद प्रतिभूतियों की सूचीबद्धता में लगने वाले समय को छह कार्य दिवस (टी 6 दिन) से घटाकर तीन कार्य दिवस (टी 3 दिन) करने का निर्णय किया गया है। यहां टी निर्गम बंद होने की अंतिम तिथि है। सेबी ने बताया कि एक सितंबर या उसके बाद आने वाले सभी आईपीओ के लिए सूचीबद्धता की नई समय-सीमा स्वैच्छिक होगी जबकि जो निर्गम एक दिसंबर के बाद आएंगे उनके लिए यह नियम अनिवार्य होगा। सेबी के मुताबिक सूचीबद्ध होने और कारोबार की समय-सीमा कम किए जाने से आईपीओ जारी करने वालों के साथ-साथ निवेशकों को भी फायदा होगा। नियामक के इस कदम से निर्गम जारीकताओं ने जो पूंजी जुटाई है, उसे जल्दी प्राप्त कर सकेंगे। इससे व्यापार करना आसान होगा और निवेशकों को भी अपनी निवेश राशि व नकदी शीघ्र प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

**अहम कदम**

**एक सितंबर या उसके बाद आने वाले सभी आईपीओ के लिए सूचीबद्धता की नई समय-सीमा स्वैच्छिक होगी**



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पीपल, कदंब और महुआ के पौधे रोपे। राष्ट्रीय सेवा योजना के भोपाल स्थित क्षेत्रीय निदेशालय ने मुख्यमंत्री चौहान के साथ पौधे लगाकर 9 से 30 अगस्त तक चलने वाले 'मेरी माटी-मेरा देश, मिट्टी को नमन-वीरों का वंदन' अभियान आरंभ किया।

## शिक्षक पर स्कूली छात्राओं से अभद्रता का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/मुर्शिदाबाद**
**स्कूली** छात्राओं को आपत्तिजनक तस्वीरें दिखाने और उनके साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए सैकड़ों अभिभावकों ने मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज थाने के तेघरी मोड़ पर जंगीपुर-लालगोला राज्य सड़क पर बुधवार सुबह पथावरोध कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रघुनाथगंज थाने से भारी संख्या में पुलिस बल इलाके में पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। सूत्रों के अनुसार, तेघरी प्राथमिक विद्यालय का रंजीत मास्टर नामक शिक्षक पिछले कुछ दिनों से कुछ छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार कर रहा था। एक अभिभावक ने बताया कि आरोपित शिक्षक ने हाल ही में कुछ छात्राओं को मोबाइल फोन पर अश्लील तस्वीरें दिखाई थीं। इसके अलावा वह लड़कियों को अश्लील तरीके से छू रहा था। एक अन्य अभिभावक ने शिकायत कि शिक्षक ने हाल ही में कुछ बच्चों की छाती और शरीर के अन्य हिस्सों को छुआ था। फिर उसने बच्चों को धमकी दी कि अगर उन्होंने इस घटना के बारे में घर पर बताया तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। उस शिक्षक का यह अभद्र व्यवहार कई छात्रों ने देखा है। उन्होंने कहा कि अभी तक छात्र डर के कारण हमें इस घटना के बारे में नहीं बता रहे थे। हमें इस घटना के बारे में कल रात पता चला। बुधवार सुबह तकरीबन सात बजे अभिभावक स्कूल पहुंचे और मुख्य गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन करने लगे।

## यूपी बोर्ड : इम्प्रूवमेंट-कम्पार्टमेंट परीक्षा का रिजल्ट घोषित

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**माध्यमिक शिक्षा** परिषद्, उप्र ने वर्ष 2023 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट इम्प्रूवमेंट-कम्पार्टमेंट परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित कर वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। उक्त परीक्षा प्रदेश के 96 केन्द्रों पर 22 जुलाई को हुई थी। यूपी बोर्ड से मिली जानकारी के अनुसार हाईस्कूल में कुल 18,400 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 16,783 परीक्षा में सम्मिलित हुए और सभी उत्तीर्ण हुए।

## सीएम ने 15 गुफाओं पर आधारित कॉफी टेबल बुक का किया विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया/जगदलपुर**
**बस्तर** में विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के 15 गुफाओं पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जैव विविधता व प्राकृतिक धरोहर का अनोखा खजाना है, जो जैव विविधता , स्थानीय आदिवासी संस्कृति के साथ-साथ लाइमस्टोन की गुफाएं के लिए देश विदेश में जाना जाता है। कांगेर घाटी में पाए जाने वाली लाइमस्टोन की गुफाएं राष्ट्रीयउद्यान को अप्रतिम बनाती है। इसी अनुक्रम में राष्ट्रीय उद्यान द्वारा स्थानीय जियोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ, मैदानी अमला और स्थानीय समुदाय की सहायता से अब तक कुल 15 गुफाओं का खोज किया गया है। इसी कड़ी में पर्यटकों को राष्ट्रीय उद्यान में स्थित इन 15 गुफाओं की सुंदरता और विशेषताओं के बारे में बताने यह कॉफी टेबल बुक तैयार किया गया है। राष्ट्रीय उद्यान निदेशक धम्मशील गणवीर ने बताया कि इस काफी टेबल बुक के माध्यम से देश-विदेश में राष्ट्रीय उद्यान के प्रचार-प्रसार करने मदद मिलेगी एवं राष्ट्रीय उद्यान के प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित करने में भी सहायता मिलेंगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री टीएस. सिंहदेव, आबकारी मंत्री कवासी लखमा, बस्तर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम, क्रेडा अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार, इंद्रावती बेसिन प्राधिकरण उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, सहित बस्तर जिला के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।




हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक्शन इंडिया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई बहुरंगी परिशिष्ट प्रकाशित करने जा रहा है। सभी विज्ञापनदाताओं, पत्रकारों, संवाद सूचकों और विज्ञापन प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन व प्रकाशन सामग्री परिशिष्ट प्रकाशन (विभिन्न परिशिष्टों के प्रकाशन संबंधी जानकारी कार्यालय से ले लें) होनें से तीन दिन पहले तक मुख्य कार्यालय में पहुंचा दें।

-व्यवस्थापक

